www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 6 | अभिव्यक्ति 5 | झारखंड 7 | झारखंड

रांची, गुरुवार, 10 फरवरी 2022, माघ शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत - 2077 वर्ष-07 अंक-296 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपए

रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

सफल लोग कोई अलग काम नहीं करते, वो बस अलग तरीके से काम करते हैं।

आज बेबाक

कर्नाटक के एक कस्बे से उठा हिजाब विवाद जंगल की आग की तरह कई राज्यों में फैल गया है। इसे संयोग नहीं माना जा सकता। यह प्रयोग है। हिजाब विवाद में पाकिस्तान के एक मंत्री फवाद चौधरी भी कूद पड़े है। इसी से स्पष्ट है कि एक बार फिर तिल का ताड़ बनाकर दो समुदायों के बीच वैमनस्यता बढ़ाने की साजिश की जा रही है। यह ठीक है कि किसी को क्या पहनना है यह तय करना उसका अधिकार है लेकिन शिक्षण संस्थानों में तो मैं चाहे कुछ भी पहनूं मेरी मर्जी.... नहीं चलेगी। ड्रेस कोड सभी के लिए अनिवार्य है।

सूर्योदय

उदय : 6.29 प्रात:

अस्त : 5.36 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,926,007,310

भारत : 1,402,209,690

बाजार

संसेक्स : 58465.97

निफ्टी : 17463.80

गोल्ड : 49,540 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,560 प्रति किग्रा

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	21.4	7.5
जमशेदपुर	23.6	9.4
डालटेनगंज	20.8	8.6
देवघर	20.9	8.2

आज का दिवस

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस: भारत में 10 फरवरी को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है इसका उद्देश्य है कि भारत के प्रत्येक बच्चे को पेट के कीड़ो से मुक्त कराया जाना है। देश में हर बच्चे को कृमि मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है। यह छोटी अवधि के दौरान बड़ी संख्या में बच्चों तक पहुंचने वाले बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है। विश्वभर में 836 मिलियन से अधिक बच्चों को 'परजीवी कृमि संक्रमण' का ज़ोखिम है।

साक्षात्कार : पीएम मोदी ने परिवारवाद पर किया सीधा हमला, कहा

परिवारवादी पार्टियां देश की दुश्मन

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एएनआई को अपना इंटरव्यू दिया। साल 2022 में पीएम का ये पहला इंटरव्यू है। इंटरव्यू के दौरान पीएम मोदी देशभर के तमाम मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। इस खास साक्षात्कार में पीएम ने पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव, समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के बयानों और लखीमपुर हिंसा पर भी अपनी राय रखी। पीएम मोदी ने एक जवाब में बिहार के सीएम नीतीश कुमार का भी नाम लिया।

समाचार एजेंसी एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हार-हार कर ही जीतने लगी है। हमने बहुत पराजय देखे हैं, जमानत जब्त होती देखी हैं। परिवारवाद पर जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं समाज के लिए हूं परन्तु मैं जो नकली समाजवाद की चर्चा करता हूं ये पूरी तरह परिवारवाद है। लोहिया जी का परिवार कहीं नजर आता है क्या? जॉर्ज फर्नांडिस का परिवार कहीं नजर आता है क्या? नीतीश बाबू का परिवार कहीं नजर आता है क्या? उन्होंने आगे कहा कि परिवारवादी पार्टियां लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है। जब परिवार ही सर्वोपरि होता है, परिवार को बचाओ पार्टी बचे न बचे, देश बचे न बचे। ये जब होता है तो सबसे बड़ा नुकसान प्रतिभा को होता है। सार्वजनिक जीवन में जितनी अधिक प्रतिभा आए वो जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ नेता निजी स्वार्थ के लिए विविधता को एक दूसरे से साथ विरोध के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

हमने बहुत पराजय देखे हैं, जमानत जब्त होती देखी हैं

इस बार पांचों राज्यों में जीतेगी भाजपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पांचों चुनावी राज्यों में भाजपा की जीत का विश्वास व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा पांचों राज्यों में विजयी होगी। मैंने सभी राज्यों में देखा है कि जनता का भाजपा की ओर झुकाव है और हम पूर्ण बहुमत के साथ ये चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा, जब हम सत्ता में होते हैं, तो पूरी ऊर्जा और बड़े स्तर पर 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ काम करते हैं। पांचों राज्यों में सबसे अहम माने जा रहे उत्तर प्रदेश को लेकर मोदी ने कहा कि यहां जनता ने 'एक बार आओ, एक बार जाओ' की व्यवस्था नकार दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सामूहिक नेतृत्व में भरोसा करती है। हम हारें या फिर जीतें, चुनाव हमारे लिए एक ओपन यूनिवर्सिटी की तरह हैं।

कांग्रेस ने देश को बांटने का काम किया

उन्होंने कहा कि इम चुनावों से हमें नई भर्तियों का और सुधार करने का अवसर मिलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं सबको साथ लेकर चलने का प्रयास करता हूं। मैं मानता हूं कि राष्ट्र को विकसित करने का यही एक मात्र रास्ता है। देश के विकास के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। विपक्षी दलों को निशाने पर लेते हुए पीएम ने कहा कि विपक्ष देश को बांटने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस देश के लोग इतने समझदार हैं कि इनके जाल में नहीं फंसेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, पिछले 50 साल में उन्होंने केवल देश को बांटने का काम किया है।

सामाजिक न्याय के साथ छेड़छाड़ नुकसानदायक

इस सवाल पर कि अगर क्षेत्रीय आकांक्षाओं को महत्व दिया जाएगा तो इससे देश की एकता को खतरा पैदा होगा, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जैसे देश में जहां सामाजिक व्यवस्था विविधता से परिपूर्ण है, अगर हम सामाजिक न्याय के साथ छेड़छाड़ करते हैं तो देश को नुकसान होगा। अगर देश का कोई भी हिस्सा कमजोर है तो यह प्रगति नहीं कर सकता है। हमें समावेशी और शुद्ध विकास की ओर ध्यान देना चाहिए। हमारी सरकार ने 110 से 115 ऐसे आकांक्षी जिलों की पहचान की है जो राज्यों के साथ सहयोग में विकास के मानकों पर बहुत अधिक पिछड़े हुए हैं। ये जिले शासन में कमियों के चलते औसत से भी नीचे हैं और इसके लिए योजनाओं का लागू होना कारण नहीं है। केवल एक राज्य ने आपत्ति जताई है। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया है। मैंने खुद इन जिलों के प्रमुखों से बात की है जिससे लाभकारी योजनाएं वहां तेजी से पहुंच सकें।

मैं अच्छे से समझता हूं राज्य की आवश्यकताएं

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा क्षेत्रीय आकांक्षाओं को देश के विकास के लिए संबोधित करने में विश्वास रखती है। मैं देश का पहला प्रधानमंत्री हूं, जो लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहा है। मैं अच्छी तरह से इस बात को समझता हूं कि एक राज्य की आकांक्षाएं और आवश्यकताएं क्या हैं। भारत की विविधता को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने के अपने विचार को लेकर उन्होंने कहा कि अब कई देशों के अध्यक्ष भारत आने पर यहां कई राज्यों की यात्रा करते हैं। इससे पहले ये लोग केवल नयी दिल्ली तक ही सीमित रहते थे। मैं चीनी राष्ट्रपति को तमिलनाडु लेकर गया था। उन्होंने कहा कि मैं फ्रांस के राष्ट्रपति को उत्तर प्रदेश लेकर गया था। मैं जर्मनी की चांसलर (तत्कालीन) को कर्नाटक लेकर गया था और तब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता देश के हर राज्य को प्रोत्साहित करने की और पहचान देने की है।

झारखंड सरकार की पहल

आधार पंजीकरण होगा आसान

रांची। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, झारखंड सरकार तथा भारत सरकार द्वारा प्रायोजित संस्था सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडया लिमिटेड - सीएससी एसपीवी के साथ एमओयू किया गया। उसके तहत राज्य के सभी आम लोगों को आधार पंजीकरण सेवा सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य के सभी पंचायत, वार्ड एवं शहरी क्षेत्र में आधार नामांकन, आधार सुधार जैसी सभी महत्वपूर्ण सेवा प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से प्रदान की जायेगी। संयुक्त सचिव संजय कुमार आंबस्थ, प्रोजेक्ट मैनेजर विकास प्रजापति एवं अवर सचिव सुनील पोद्दार एवं सीएससी एसपीवी के राज्य प्रभारी शंभु कुमार एवं प्रशांत कुमार, प्रबंधक सीएससी एसपीवी

की संयुक्त उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। शंभु कुमार ने राज्य सरकार तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग झारखंड सरकार को धन्यवाद देते हुए बताया की सरकार की इस अनूठी पहल से आम लोगों को आधार की सेवा अब नजदीकी प्रज्ञा केंद्र पर ही उपलब्ध हो जाएगी, जिससे आम जनमानस को अब आधार पंजीकरण, संशोधन से संबंधित सभी सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हो जाएंगी।

बेरोजगारी व कर्ज के चलते 26 हजार लोगों ने दे दी जान: केंद्र

नई दिल्ली। देश में बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है और विपक्ष भी इस मुद्दे को लेकर अक्सर केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर रहती है। बेरोजगारी की वजह से कई लोग अपनी जान दे देते हैं। इसी बीच सरकार ने बुधवार यानी 9 फरवरी को संसद में बेरोजगारी की वजह से अपनी जान देने वालों का एक आंकड़ा पेश किया है। सरकार ने राज्यसभा को बताया कि 3 साल के भीतर बेरोजगारी की वजह से क0 हजार लोगों ने अपनी जान दे दी। इसके अलावा सरकार ने बताया कि 2018 से 2020 के बीच 16,000 से अधिक लोगों ने दिवालियेपन या कर्ज के कारण आत्महत्या की,

जबकि 9140 लोगों ने बेरोजगारी के कारण अपनी जान दे दी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि 2020 में 5213 लोगों ने दिवालियेपन या कर्ज के कारण 2019 में 5908 और 2018 में 4970 लोगों ने आत्महत्या की। एक लिखित सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि 2020 में बेरोजगारी के कारण कुल 3548 लोगों ने, 2019 में 2851और 2018 में 2741 लोगों ने आत्महत्या की।

हिजाब विवाद : हाई कोर्ट की एकल पीठ का फैसला

अब बड़ी बेंच में होगी सुनवाई

नयी दिल्ली। कॉलेज में हिजाब पहनने को लेकर उठा विवाद का असर अब दूसरों राज्यों में दिखने लगा है। हिजाब को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी चरम पर है। कर्नाटक सरकार ने राज्य के सभी शिक्षण संस्थान को तीन दिन के लिए बंद कर दिया है। इसी बीच कर्नाटक हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इस मामले की याचिका को सुनवाई के लिए बड़ी बेंच को भेज दिया है।

दरअसल, 31 दिसंबर को उडुपी के एक सरकारी पीयू कॉलेज में हिजाब पहनकर आयी छह छात्राओं को क्लास में आने से रोक देने से विवाद शुरू हुआ था। बाद में मामला हाई कोर्ट तक पहुंच गया। इस मामले पर बुधवार को भी कर्नाटक हाई कोर्ट में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई है। सुनवाई के बाद कर्नाटक हाई कोर्ट के जस्टिस कृष्णा दीक्षित की एकल पीठ ने इस मामले को सुनवाई के लिए बड़ी बेंच के पास भेज दिया है। हालांकि याचिकाकर्ता ने इस मामले को बड़ी बेंच भेजने का विरोध किया।

स्कूल-कॉलेज बंद, प्रदर्शन पर रोक

मामले को बढ़ता देखकर मंगलवार की रात ही मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के निर्देश पर राज्य के सभी स्कूल तीन दिन के लिए बंद कर दिए गए। इस मामले को लेकर बुधवार को पुलिस विभाग ने नई गाइडलाइन जारी कर प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज, डिग्री कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों के गेट के आसपास 200 मीटर के दायरे में प्रदर्शन पर रोक लगा दी। कर्नाटक के हिजाब विवाद का असर अब दूसरे राज्यों में भी दिखने लगा है। तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में बुधवार को मुस्लिम छात्राओं और महिलाओं ने प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। हिजाब विवाद पर कर्नाटक के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने कहा कि कानून व्यवस्था को कोई अपने हाथ में नहीं ले सकता। राज्य के राजस्व मंत्री आर. अशोक ने कहा कि सरकार न तो हिजाब के पक्ष में और न ही केसरी के पक्ष में है। स्कूलों में ड्रेस कोड अनिवार्य रहेगा। छात्र बाजार की सड़कों पर मन चाहे कपड़े पहन सकते हैं।

राजनीतिक बयानबाजी चरम पर

कर्नाटक के हिजाब विवाद को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी चरम पर है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि वोटों का ध्रुवीकरण करने के लिए जानबूझकर यह किया गया है। कुछ लोग हिन्दू-मुस्लिम को लड़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके पीछे राजनीतिक पार्टियां काम कर रही हैं।

चीन-पाकिस्तान के संयुक्त वक्तव्य पर भारत की आपत्ति

नई दिल्ली। चीन और पाकिस्तान की ओर से पिछले दिनों जारी संयुक्त वक्तव्य में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे और जम्मू-कश्मीर के उल्लेख पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि चीन और पाकिस्तान ने 6 फरवरी को एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया था। इसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे और जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश का उल्लेख था। इन दोनों विषयों पर भारत की स्थिति स्पष्ट है और दोनों देशों को पता भी है। बागची ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश हमेशा से भारत के अविभाज्य और अभिन्न हिस्से हैं। भारत अपेक्षा करता है कि उसके आंतरिक मामलों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप ना किया जाए। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के संबंध में भारत हमेशा से कहता है कि इस क्षेत्र को पाकिस्तान ने अवैध तरीके से कब्जाया हुआ है। भारत इस तरह से यथास्थिति में बदलाव के प्रयास का विरोध करता है। चाहे वह पाकिस्तान की ओर से हो या किसी अन्य देश की ओर के किया जाए। भारत संबंधित पक्षों से इस तरह की अवैध गतिविधियों को बंद करने की अपील करता है।

झारखंड के ग्रामीण जीवन को प्रदर्शित करने के लिए निवेशकों को मिलेगा प्रोत्साहन

पारंपरिक कला को सहेजने वाले गांव को प्राथमिकता

रांची। राज्य सरकार पर्यटन नीति के तहत ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं और रीति-रिवाज से पर्यटकों को अवगत कराएगी। इस पहल का लाभ अंततः ग्रामीणों को मिले यह सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए सरकार ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। नीति के तहत ग्रामीण पर्यटन के लिए पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए विभाग द्वारा गांव को अधिसूचित किया जाएगा। ऐसे गांव को ग्रामीण पर्यटन गांव घोषित करने की पूर्व शर्त यह होगी कि उनमें पारंपरिक कला और संस्कृति की

प्रधानता होनी चाहिए। ऐसे गांवों में आपसी सहयोग और जीविका को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पर्यटन समितियों का गठन किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए स्वयं सहायता समूहों का सहयोग विभाग लेगा।

आदर्श गांव के रूप में विकसित होंगे गांव

पहले चरण में विभाग द्वारा चिह्नित किए गए गांव वे होंगे, जहां पर्यटन स्थल गांव के समीप होंगे या वहां पर्यटन को बढ़ावा देने की गुंजाइश हो। ताकि एक आकर्षक टूर पैकेज के जरिये पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। ऐसे चिह्नित गांव आदर्श गांव के रूप में विकसित होंगे। सड़कों, गलियों, जल निकासी, पार्किंग, बस स्टैंड, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, पर्यटक सूचना केंद्र, ओपन एयर थिएटर, लैंडस्केपिंग, क्राफ्ट बाजार, नेचर ट्रेल्स जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, ग्रामीण पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए स्थानीय कारीगरों और शिल्प केंद्रों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। ऐसे गांवों में स्थानीय व्यंजनों, स्थानीय हस्तशिल्प और सांस्कृतिक पहलुओं को बढ़ावा देने के लिए कार्य होंगे। इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए पंचायती राज संस्था के सदस्यों को शामिल करते हुए ग्रामीण पर्यटन उपसमिति का गठन किया जाएगा।

सरकार देगी छूट

ग्रामीण पर्यटन के लिए अधिसूचित गांव से बिजली के लिए कोई राशि नहीं ली जाएगी। गांव के घर को नया स्वरूप देने के लिए और धन उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय संस्थानों के साथ उचित तालमेल सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षक, स्वच्छ और आरामदायक प्रवास सुनिश्चित किया जा सके। पर्यटन विभाग ऐसे ग्रामीण पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार और प्रचार के लिए उचित कदम उठाएगा। झारखण्ड के ग्रामीण जीवन को प्रदर्शित करने के लिए निजी उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की योजना सरकार की है, जिसे जल्द धरातल पर उतारा जाएगा।

मालगाड़ी की 6 बोगियों में लगी भीषण आग

धनबाद। मालगाड़ी में आग लगने से भीषण हादसा होते होते बचा है। मालगाड़ी की 6 बोगियों में लोड कोयले में आग लगने से ये हादसा हुआ है। गार्ड की तत्परता की वजह से किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। पारसनाथ स्टेशन पर मालगाड़ी की वैगन को खड़ी कर रेलकर्मी आवश्यक कार्रवाई में जुट गये हैं। बताया गया है कि कोयला लदी मालगाड़ी महुदा धनबाद से हरियाणा जा रही थी। उसी क्रम में बुधवार की सुबह निमियाघाट रेलकर्मी द्वारा बताया गया कि मालगाड़ी के 6 बागी में आग लग गयी। >> पेज 9 भी देखें

कार्रवाई | पुलिस की सक्रियता से चतरा में अफीम माफिया के मंसूबों पर इस बार फिर गया पानी

ड्रोन कैमरे से अफीम की खेती की हो रही निगरानी

नवीन कुमार पाण्डेय

चतरा। चतरा जिले की पहचान कभी उग्रवाद तो कभी खैर की लकड़ी से निर्मित होनेवाला कत्थे की तस्करी से रही है। और अब यहां की युवा पीढ़ी जल्द धनवार बनने के लिए धड़ल्ले से पोस्ते (अफीम) की खेती कर रही है। पिछले करीब पांच वर्षों के इतिहास में चतरा का स्वरूप बिल्कुल ही बदल चुका है। अफीम की खेती यहां कुटीर उद्योग का रूप धारण करती जा रही है अब यहां अफीम से ब्राउन शुगर तथा उससे हेरोइन भी बनना शुरू हो गया है। इसके लिए जिले में गुप्त रूप से कई मिनी फैक्ट्रियां भी संचालित हो रही हैं। अब तो चतरा में भी हेरोइन भरा सिगरेट 500 तक में भी बिकने लगा है तथा इसका एक गिरोह भी यहां सक्रिय है जो यहां के किशोरावस्था के बच्चों में तेजी से नशे का प्रचलन कर उन्हें इसका गुलाम बनाकर अपराध करवाने में लगा हुआ है। इस बात का खुलासा चतरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार हुए कुछ तस्करों के पास से बरामद सिगरेट मिलने से हुआ।

कई लोग बन गये अमीर

पिछले 10 वर्षों से लगातार हो रही पोस्ते की खेती से कई लोग आज अरबपति बन चुके हैं। जो कल तक दाने-दाने को मोहताज थे, आज उनके पास चतरा शहर में आलीशान बंगला व बड़ी-बड़ी गाड़ियां भी हैं। हालांकि चतरा उपायुक्त अंजली यादव तथा पुलिस कप्तान राकेश रंजन के संयुक्त प्रयास से गांव गांव में जागरूकता अभियान चलाकर अफीम की खेती से होने वाले नुकसान के प्रति ग्रामीणों को सजग किया जा रहा है। डीसी के प्रसास ने वन विभाग भी बैठकें कर रहा है।

अफीम, ब्राउन शुगर तथा डोडा हो रहे बरामद

चतरा पुलिस लगातार छापामारी कर अफीम, ब्राउन शुगर तथा डोडा बरामद कर रही है। अब तक कई अंतरराज्यीय तस्कर पकड़े जा चुके हैं। पुलिस ने अफीम का एक बड़ा खेप पकड़ा है, जो दूसरे राज्यों में भेजा जाने वाला था। चतरा एसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में इसवार पोस्ते की खेती पर अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए ड्रोन कैमरे की सहायता ली जा रही है। जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के कोल्हैया पंचायत की मुखिया देवंती देवी के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की, क्योंकि मुखिया द्वारा क्षेत्र में हो रहे पोस्ते की खेती को न तो रोकने का प्रयास किया गया था और न ही पुलिस को इसकी सूचना दी गई थी। हालांकि कई लोग पुलिस को चकमा देने में लगे हैं। जहां तक पहुंचने का रास्ता काफी दुर्गम व कठिन है, ये अपने पौधे की निगरानी करने के लिए लैंडमाइंस बिछाने के प्रयास में लगे हैं ताकि पुलिस वहां तक नहीं पहुंच सके।

अफीम की खेती समाप्त करना मेरी पहली प्राथमिकता : एसपी

चतरा एसपी राकेश रंजन कहा कि चतरा में नशे के कारोबार पर पूरी तरह से लगाम लगाया जायेगा। पोस्ते की खेती का प्रचलन समाप्त करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने इसके लिए रणनीति बनायी और कान्हाचट्टी प्रखंड के गड़िया-आमकुदर गांव में लगभग 200 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया। पुलिस अधीक्षक तथा उपायुक्त के संयुक्त प्रयास से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया। इस कार्य में वन विभाग की भूमिका भी काफी सराहनीय रही है। एसपी ने थानेदार, चौकीदार व मुखिया को निगरानी में लगाया है।

'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स'

दुनिया में सबसे ऊंची अटल टनल

नयी दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में रोहतांग दर्रे के करीब लगभग 10 हजार 171 फीट की ऊंचाई पर बनायी गयी 9 किलोमीटर लंबी रणनीतिक अटल सुरंग बुधवार को 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज हो गयी। भारतीय प्रतिनिधि डब्ल्यूबीआर लंदन के अध्यक्ष डॉ. दिवाकर सुकुल ने दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग का प्रमाण पत्र आज सीमा सड़क के महानिदेशक (डीजीबीआर) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी को सौंपा। अटल सुरंग का उद्घाटन 03 अक्टूबर, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की याद में इसे 'अटल रोहतांग टनल' नाम दिया गया है। ऊंचाई के लिहाज से यह दुनिया की पहली सुरंग है, जिससे पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर भारत की ताकत बढ़ी है। 9 किमी. लंबी व 10 मीटर चौड़ी इस सुरंग को 10,171 फीट की ऊंचाई पर रोहतांग पास से जोड़कर बनाया गया है। यह सुरंग 13 हजार 50 फीट की ऊंचाई पर स्थित रोहतांग दर्रा तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग भी है।

कैबिनेट की बैठक आज, रांची की सड़कों के निर्माण को मिलेगी मंजूरी

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक गुरुवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन सभागार में शाम चार बजे से होगी। बैठक में रांची की सड़कों के अलावा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिलने के आसार हैं। बैठक में पंचायत चुनाव कराने को लेकर अभी तक कोई प्रस्ताव शामिल नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार पंचायती राज विभाग ने अभी तक इस संबंध में संलेख नहीं भेजा गया है। ऐसे में चुनाव कराए जाने की सरकार की घोषणा इस बैठक के तत्काल बाद भी पूरी होती हुई नजर नहीं आ रही है। हालांकि, अंतिम समय में भी प्रस्ताव शामिल किए जाते हैं लेकिन अधिकारियों ने बताया कि अभी भी चुनाव कराए जाने को लेकर सरकार से हरी झंडी नहीं मिली है। कैबिनेट की बैठक में राजधानी रांची की महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिलेगी। सिरमटोली से डोरंडा,एजी मोड़ तक के फ्लाईओवर निर्माण, विधानसभा-नयासराय रोड,ओरमांझी से कांटाटोली-नामकुम दुर्गा सोरेन चौक तक फोरलेन रोड सहित अन्य परियोजनाओं की मंजूरी मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण का भी पेंच फंस रहा है। इस कारण भी चुनाव टल सकता है। झारखंड में 2020 दिसंबर में ही पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसके बाद सरकार ने ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति का गठन कर पंचायतों में कार्य करा रही है। छह माह की अवधि पूरी होने के बाद दूसरी बार पंचायतों में गठित कार्यकारी समिति को अवधि विस्तार दिया गया है।

उधर, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने भी चेताया है कि जल्द पंचायत चुनाव कराए नहीं तो ग्राम पंचायत में 15वें वित्त आयोग की अगली किस्त की राशि रोक दी जायेगी।

बकोरिया मुठभेड़ की जांच के लिए सीबीआई की टीम पहुंची पलामू, सीन किया रिक्रिएट

रांची। झारखंड के चर्चित बकोरिया मुठभेड़ की जांच के लिए सीबीआई की टीम पलामू पहुंची और जांच की। सीबीआई की टीम में छह अधिकारी शामिल हैं। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मुठभेड़ के दौरान बने क्राइम सीन को रिक्रिएट किया।

मंगलवार की रात पलामू पहुंची जांच टीम रात के अंधेरे में घटनास्थल पर गई। बकोरिया के भलवाही घाटी में रात में सात साल पहले हुई घटना को रिक्रिएट किया। जांच टीम ने पुलिस के बयान के आधार पर क्राइम सीन की बारीकी से पड़ताल की। बताया जा रहा है कि जांच टीम का नेतृत्व एसपी रैंक के अधिकारी कर रहे थे। घटनास्थल पर सीबीआई टीम का यह चौथा दौरा है। इससे पहले पिछले वर्ष अक्टूबर माह में सीबीआई के जॉइंट डायरेक्टर जांच में पलामू आए थे।

आठ जून 2015 की रात यह मुठभेड़ हुई थी। इसमें हार्डकोर नक्सली सहित 12 लोगों की मौत होने का दावा किया गया था। मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल थे। साल 2018 में झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर इस कथित मुठभेड़ की जांच सीबीआई को सौंपी गई। इस मुठभेड़ में मनिका का एक पारा शिक्षक मारा गया था। पारा शिक्षक के पिता जवाहर यादव ने घटना को फर्जी मुठभेड़ बताते हुए हाई कोर्ट में केस दर्ज करवाया था। इसके बाद मामले की जांच सीबीआई को दे दी गई थी। घटना में एक नक्सली के मारे जाने की बात सामने आई थी।

एक नजर

रेलवे फाटक को किया गया चौड़ा

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मण्डल में रांची और नामकोम रेलवे स्टेशन के बीच एक स्पेशल क्लास लेवल क्रोसिंग एमएच -27 है । जहां पूर्व में भारी जाम लगा करता था, जिससे रांची से नामकोम मूरी के बीच आने- जाने वाली ट्रेनों को वहां ज्यादा समय रुकना पड़ता था और विलंब होता था। इसकी चौड़ाई मात्र 07 मीटर थी। ट्रेनों के आवागमन के समय भारी भीड़ रेलवे फाटक के दोनों ओर रहती थी और लोगों को काफी इंतजार करना पड़ता था। इस समस्या से निजात पाने के लिए इस फाटक को विकसित करने और इसे चौड़ा करने के कार्य को प्राथमिकता दी गई। ताकि इस फाटक से आने जाने वाले रोड ट्रेफिक को गति मिले और ट्रेनों को भी ज्यादा देर रुकना न पड़े। अब इसे रेलवे बाउंड्री के अंदर चार लेन में विभक्त कर दिया गया है। वहीं रेलवे बाउंड्री के बाहर रोड की चौड़ाई कतारीबागान की ओर 08.5 मीटर और चुटिया की ओर 07.2 मीटर चौड़ा है। अप और डाउन दोनों ओर की ट्रैक वाली जगह को हेक्सागोनल ब्लोक्क्स के स्थान पर रबर वाली सतह से ढंका भी गया है, ताकि इस पर वहाँ सभी प्रकार के वाहनों को चलने में सुविधा हो और यह जगह पूरी तरह से विकसित हो। इस कार्य के पूरा होने से ट्रेनों के आवागमन में बहुत सहूलियत हुई है तथा आमजन को राहत मिली है। इस कार्य में लगभग 50 लाख रुपए खर्च हुए हैं।

कैदियों की अस्पतालों तक पहुंच में आयी कमी : पीएसआई

रांची। प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया (पीएसआई) 2020 के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कैदियों की अदालतों और अस्पतालों तक पहुंच में 65 प्रतिशत और 24 प्रतिशत की कमी आयी है। भारत सरकार की इकाई, नेशनल क्राइम रिकाॅर्ड्स ब्यूरो द्वारा समय-समय पर पीएसआई का प्रकाशन किया जाता है। पीएसआई में जनवरी 2020 से दिसंबर 2020 तक के आंकड़े प्रस्तुत किये गये हैं। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट (आईजेआर), जो 2019 से, भारत में न्याय मुहैया कराने से संबधित रिपोर्टिंग कर रही है, ने पीएसआई 2020 का विश्लेषण किया है। इससे पता चलता है कि अदालतों में कैदियों की पेशी 2019 में लगभग 44.51 लाख से कम होकर एक तिहाई, 15.49 लाख हो गई। 2020 में कैदियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी प्रभावित हुई चिकित्सा उपस्थिति के लिए कैदियों द्वारा की गई यात्राओं की संख्या, 2019 में 4.77 लाख से घटकर 2020 में 3.62 लाख रह गई। चिकित्सा कर्मियों का जेल दौरा भी 2019 में 24,524 से कम होकर 2020 में 20,871 रह गया जबकि न्यायिक अधिकारियों का दौरा 2019 में 16178 से घटकर 2020 में लगभग आधा 9,257 रह गया। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट की मुख्य संपादक माजा दारूवाला ने कहा कि पीएसआई 2020 महामारी की हालत में जेलों की स्थिति की एक गंभीर तस्वीर प्रस्तुत करता है।

कोडरमा-रांची रेल प्रोजेक्ट काम में तेजी लाने का निर्देश, जीएम ने किया निरीक्षण

रांची। रेलवे के शीर्ष अधिकारियों ने कोडरमा से बरकाकाना व रांची के बीच बन रही नई रेल लाइन परियोजना की आज प्रगति देखी। चरही और कुजू स्टेशनों के बीच दुधी नदी के पर बने रेल ब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों से परियोजना में आ रही तकनीकी बाधाओं की जानकारी ली। संबंधित विभागों को आपस समन्वय स्थापित कर बाधा दूर करने की बात कही। आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। रांची को हावड़ा - नई दिल्ली रेल मार्ग के कोडरमा से जोड़ने वाली रेलवे की अत्यंत महत्वपूर्ण रेल प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना बड़ी चुनौती है। पहाड़ों, नदियों और घने जंगलों से घिरे इस रेल मार्ग पर नई लाइन बिछाने के साथ ही सुरंग भी बन रही है। जिससे होकर यात्री ट्रेनें और मालगाड़ियां गुजरेंगी। इससे न सिर्फ नया वैकल्पिक रेल मार्ग तैयार हो गा बल्कि रांची से नई दिल्ली की दूरी कम होगी। 189 किमी लंबे रेल मार्ग के लिए इस बार के बजट में 35 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। प्रोजेक्ट में अब तक हुई प्रगति से रूबरू होने पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक अनुपम शर्मा आज पहुंचे। उनके साथ धनबाद डीआरएम आशीष बंसल, सीनियर डीसीएम अखिलेश पांडेय समेत अफसरों की टीम थी। दूसरी ओर, सोननगर के गोमो तक प्रस्तावित पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कारिडोर के दौरान होनेवाले बदलाव और यूटिलिटी शिफ्टिंग की भी जानकारी ली। नक्शे को देखा। अधिकारियों ने बताया कि फ्रेट कारिडोर के निर्माण के दौरान कोडरमा स्टेशन के कुछ हिस्से को तोड़ कर हटाया जाएगा। स्टेशन से सटे आसपास के भवन भी इसकी जद में आएंगे। जीएम ने कहा कि यूटिलिटी शिफ्टिंग की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। फ्रेट कारिडोर के अधिकारियों से नियमित संपर्क बनाकर काम को गति देने की बात कही। जंक्शन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। सुधार से संबंधित दिशा-निर्देश भी दिये।

संक्षिप्त

हाथी के हमले में एक घायल, भर्ती

रांची। रांची के सोनाहातू थाना क्षेत्र के कोंकाडीह गांव में मंगलवार देर रात हाथी ने विपिन कुमार महतो को घायल कर दिया। घायल व्यक्ति का इलाज रिम्स में चल रहा है। दूसरी ओर जंगली हाथियों ने सोनाहातू के साउडीह गांव में भी उत्पात मचाया था। इस दौरान हाथियों ने कई लोगों के घरों और फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। बुधवार को गांव के लोगों ने बैठक कर प्रशासन और वन विभाग से मदद की गुहार लगाई है।

रिम्स में घटे कोरोना के सात मरीज

रांची। राजधानी रांची स्थित रिम्स अस्पताल में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या एक बार फिर घटी है। मंगलवार को रिम्स में जहां कोरोना पॉजिटिव 22 मरीज थे, वहीं बुधवार को यह संख्या घटकर 15 हो गई। रिम्स के प्रवक्ता डॉ डीके सिन्हा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिम्स में 15 कोरोना पॉजिटिव मरीजों का इलाज चल रहा है। इन मरीजों का इलाज डेंगू वार्ड, पीडियाट्रिक वार्ड, सर्जरी, न्यू ट्रामा सेंटर सहित अन्य जगहों पर चल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस का चिंतन शिविर 17 से

रांची। झारखंड कांग्रेस की ओर से तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह चिंतन शिविर नेतरहाट में 17 से 19 फरवरी तक चलेगा। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चिंतन शिविर में झारखंड में पार्टी कैसे और मजबूत हो, सदस्यता अभियान सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। चिंतन शिविर में पार्टी कोटे के सभी मंत्री, सांसद, विधायक, वरिष्ठ नेता सहित अन्य लोग शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद रहेंगे।

पिछड़ा वर्ग महासभा का सम्मेलन 13 को

रांची। अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा का रामगढ़ जिला सम्मेलन 13 फरवरी को आजसू जिला कार्यालय में होगी। महासभा के जिलाध्यक्ष हरीरत्नम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश संयोजक महेश्वर साहू, प्रदेश संयोजक गुड्डू यादव, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय सचिव विजय साहू, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, जिला सचिव लालचंद महतो सहित प्रदेश और जिला के तमाम वरीय नेता मौजूद रहेंगे।

रांची मंडल में कर्मियों ने मनाया काला दिवस

काली पट्टी बांध कर की ड्यूटी

रांची। रांची मंडल में रेलवे कर्मियों ने बुधवार को काला दिवस मनाया। इस दौरान कर्मियों ने काली पट्टी भी लगाई।

रांची मण्डल यूनियन के महामंत्री आलोक चंद्र प्रकाश ने बताया कि बिना किसी ड्यूटी रोस्टर के 24 घंटा ड्यूटी पर रहने के कारण प्रत्येक साल दर्जनों लोग जान गवां रहे हैं। उन्होंने कहा कि जान गंवाने के बाद भी रेल प्रशासन द्वारा सिंगल एंड टेलीग्राफ (एसएनटी) कर्मियों से अनियमित ड्यूटी कराया जा रहा है जिससे कर्मियों के स्वास्थ्य और मानसिक पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस दिन ही नौ फरवरी 2019 को पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में कुरवाई कैधोरा के इएसएम संजय शर्मा की मौत ड्यूटी पर ही हो गई। इस दौरान उनके शव से होकर 19 ट्रेनें गुजर गई और ऐसी ही घटना 22 नवंबर 2021 को उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल में हुई जब बीसीएम मशीन पर काम कर रहे जेई हेमंत कुमार की हो गई। उनके शव को उठाया नहीं गया।

उन्होंने कहा कि ऐसे ही बहुत उदाहरण देकर रेलवे सिगनल एंड मेंटेनर यूनियन ने रिस्क एंड हार्डशिप एलाउंस और नाइट ड्यूटी फैलियर गैंग की मांग पिछले कई सालों से कर रहा है। उन्होंने बताया कि यूनियन की ओर से उन्होंने रेलवे बोर्ड को पत्र भेजकर अपनी मांगों के समर्थन में काला दिवस मनाने की सूचना दी। उसके बाद रांची मंडल के सभी एसएनटी कर्मियों ने काला पट्टी बांधकर कोविड-19 का अनुपालन करते हुए अपनी अपनी ड्यूटी की।

राज्यपाल ने छिन्नमस्तिका दरबार में की पूजा-अर्चना

रांची। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस बुधवार को रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका के दरबार में पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना की और प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं उप विकास आयुक्त नागेन्द्र कुमार सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर राज्यपाल का रजरप्पा मंदिर परिसर में स्वागत किया गया। उन्हें रजरप्पा मंदिर परिसर में ही जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल के रजरप्पा मंदिर दौरे के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के अलावा जिले के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी, पुलिस अधिकारी, कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि अद्भुत प्रकृति के बीच मां छिन्नमस्तिका यहां विराजमान हैं, जो सभी की मनोकामना पूर्ण करती हैं। आज उनका यह व्यक्तिगत कार्यक्रम था, लेकिन यहां आने के बाद उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए मां से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद अब प्रदेश पटरी पर लौटा है। उम्मीद करते हैं झारखंड वासियों को आने वाला समय सुख समृद्धि प्रदान करेगा।

एनएसएस का कार्य सराहनीय : डॉ कामिनी कुमार

रांची। रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युगांतर भारती के संयुक्त तत्वावधान में 09 फरवरी को आर यू के कुलपति सभागार में एन एस एस स्वयंसेवकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ कामिनी कुमार ने की। अपने संबोधन में कुलपति डॉ कामिनी कुमार ने कहा कि एन एस एस के स्वयंसेवकों का कार्य सराहनीय है एवं भारत सरकार, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में बढ़ - चढ़ कर योगदान देते हैं। कोरोना महामारी के विरुद्ध कई प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर इस वायरस के विरुद्ध रचनात्मक कार्य करके समाज में अपनी प्रभावी पहचान बनाने का प्रयास किया।उन्होंने कहा कि युगांतर भारती एवं एन एस एस के संयुक्त तत्वावधान में 19 दिसंबर 2021 को आयोजित संगोष्ठी में एन एस एस के स्वयंसेवक अपना सक्रिय योगदान दिया।उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया।

युगांतर भारती के कार्यकारी अध्यक्ष अंशुल शरण ने कहा कि एन एस एस के स्वयंसेवक समाज के बीच विविध प्रकार के कार्यक्रम करते हैं जिसमें मुख्य रूप से पर्यावरण संरक्षण, फिट इंडिया मूवमेंट, डायन प्रथा एवं नशा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम,रक्तदान शिविर, स्वच्छता शामिल है। युगांतर भारती के सचिव आशीष शीतल मुंडा ने कहा कि एन एस एस के माध्यम से समाज में कई प्रकार के बदलाव किया जा रहा है। आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेवकों द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्य के आधार पर उन्हें कुलपति सम्मानित कर रही हैं

आज सम्मान पाने वाले स्वयंसेवकों में प्रिंस, आभास, आमरीन, नेहा, उज्ज्वल, पूनम, मोनिका, आकाश, उषा, किशोर, आरजू, श्रद्धा, भावना, श्रवण आदि शामिल रहे।

राज्यसभा में दीपक प्रकाश ने पूछा सवाल

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य में नए केंद्रीय विद्यालय खोलने का सरकार के प्रस्ताव संबंधी विषय पर बुधवार को राज्यसभा में प्रश्न उठाया। सदन में जवाब देते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डॉ सुभाष सरकार ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा नए केंद्रीय विद्यालय खोलने संबंधी कोई प्रस्ताव अभी नहीं भेजा गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अभी 41 केंद्रीय विद्यालय विभिन्न जिलों में संचालित हैं। केंद्रीय विद्यालय देश भर में शिक्षा के समान कार्यक्रम प्रदान करके रक्षा क्षेत्र, अर्द्ध सैनिक बल, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, केंद्रीय उच्चतर शिक्षण संस्थानों सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरित कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। साथ ही जब भारत सरकार के विभागों, मंत्रालयों या राज्य सरकार के द्वारा केंद्रीय विद्यालय खोलने की प्रतिबद्धता व्यक्त की जाती है।

सभी बड़े भवनों को इन्वॉयरनमेंटल क्लियरेंस लेना अनिवार्य : रस्तोगी

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की एक बैठक बुधवार को पॉल्यूशन बोर्ड के चेयरमेन एके रस्तोगी के साथ हुई। बैठक में चेयरमेन रस्तोगी ने अवगत कराया कि 20 हजार स्कवॉयर मीटर जैसे बडे भवनों एवं उससे ऊपर के भवनों को इन्वॉयरनमेंटल क्लियरेंस लेना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि नये भवन जो बन रहे हैं, वे निर्माण के आरंभ से पूर्व क्लियरेंस ले ही रहे हैं लेकिन पुराने निर्मित भवनों को भी तुरंत इन्वॉयरनमेंटल क्लियरेंस ले लेना है। यह भी बताया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेशों के आलोक में एक जुलाई से झारखंड सहित पूरे देश में प्लास्टिक और थमोकोल के कई चीजों का प्रयोग प्रतिबंधित किया जायेगा। इस आदेश का उल्लंघन करनेवालों पर कार्रवाई होगी।

वार्ता के क्रम में उन्होंने यह भी कहा कि सभी श्रेणियों के होटल को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दो माह के अंदर कन्सेंट टू इस्टेबलिसमेंट-कंसेट टू ऑपरेट प्राप्त करना अनिवार्य है। अन्यथा उनपर कार्रवाई आरंभ की जायेगी। यह प्रावधान सभी क्लबों और बैंक्वेट हॉल, कन्वेंशन सेंटर, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी लागू होता है जो उपर्युक्त क्षमता का अपशिष्ट जल उत्पन्न करते हैं। वार्ता के क्रम में चैंबर ने बोर्ड में लंबित सीटीओ, सीटीई के आवेदनों के त्वरित निपटारे के साथ ही सीटीओ रद्द होने की स्थिति में इसके विरूद्ध अपील के लिए अपीलेट ट्रिब्यूनल की नियमित सुनवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान चैंबर ने बोर्ड के नये नियम-प्रावधानों से अवगत कराने के लिए नियमित तौर पर जागरूकता कार्यशालाओं के आयोजन पर भी वार्ता की।

प्रतिनिधिमण्डल में चैंबर अध्यक्ष धीरज तनेजा, महासचिव राहुल मारू, पूर्व अध्यक्ष रंजीत गाडोदिया, दीपक कुमार मारू के अलावा जेसिया के पदाधिकारी शामिल थे।

सफलता. नौकरी के पीछे भटकने की जगह मिश्रित खेती कर बना आत्मनिर्भर

खेती, बागवानी व पशुपालन से लाखों की कमाई

संवाददाता

रांची। मिश्रित खेती करके भूमि के छोटे से टुकड़े पर अधिक से अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। रांची के विनोद उरांव कृषि के साथ बागवानी और पशुपालन करते हैं। इसके साथ ही इमारती लकड़ी के वृक्ष लगाकर भविष्य में भी अपनी कमाई को सुनिश्चित कर रहे हैं।

रांची जिले के कांके प्रखंड के युवा किसान विनोद उरांव ने इंटर तक की पढ़ाई के बाद कृषि कार्य को चुना है। कम जमीन में ही विनोद उरांव ने तरबूज, सरसों और आलू जैसी कई फसलों के साथ आम, अमरूद और लीची की बागवानी कर अच्छी खासी कमाई कर रहे हैं। भविष्य में भी अपनी कमाई को सुनिश्चित करने के लिए विनोद उरांव ने खेतों के किनारे पर सागवान के कई वृक्ष भी लगाएं।

विनोद उरांव एक समझदार युवा किसान हैं। इन्होंने पारंपरिक खेती की जगह कृषि के नए तौर-तरीकों को अपनाया और आज इनके जीवन में बदलाव देखने को मिल रहा है।

विनोद उरांव के पिता गहना उरांव के पास किसानी का कई दशकों का अनुभवी हैं। वे कहते हैं कि सरकार से मिलने वाली कई तरह की सुविधाओं से कृषि कार्य अब आसान और फायदेमंद हो रहा है। विनोद उरांव के खेतों में लहराते हुए सरसों के पीले फूल यह बताने के लिए काफी है कि यदि मेहनत किया जाए तो खुशहाली को घर तक पहुंचने में देर नहीं लगेगी।

करंट लगने से जंगली हाथी की हुई मौत

रांची। झारखंड में गुमला जिले के भरनो प्रखंड अंतर्गत वनटोली गांव में करंट की चपेट में आने से मंगलवार की देर रात एक जंगली हाथी की मौत हो गई है। वनटोली गांव के ग्रामीणों के अनुसार आधी रात करीब 2 से 3 बजे तक ग्रामीणों ने हाथी के चिंघाड़ने की आवाज सुनी। लेकिन डर-भय से ग्रामीण अपने घरों में ही दुबके रहे। सुबह में खेत में हाथी का शव देखकर ग्रामीणों ने ही इसकी सूचना वन विभाग को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद वनकर्मी मौके पर पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद अंत्येष्टि की तैयारी की जा रही है। खेतों के आसपास करंट कहां से पहुंचा या किसी किसान ने अपनी फसल की रक्षा के लिए करंट लगा रखा था, इसकी जांच शुरू हो गयी है। ग्रामीणों से वन विभाग के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

सांसद सेठ ने पूछा शिक्षण शुल्क से संबंधित सवाल

रांची। रांची के सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में बुधवार को स्कूलों के शिक्षण शुल्क बढ़ाने, कोरोना संक्रमण काल में शिक्षण शुल्क माफ करने से संबंधित सवाल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से पूछा।

सांसद ने पूछा कि क्या सरकार ने स्कूलों के ट्यूशन फीस के चार्ज करने से संबंधित व्यवस्था को लेकर कोई निर्देश दिया है। क्या विशेष रूप से निम्न आय वर्ग के परिवारों के बच्चों के लिए कोई दिशा निर्देश हो तो उसकी जानकारी दी जाए। दूसरी ओर कोरोना संक्रमण काल में अनाथ हुए बच्चों, व्यवसाय प्रभावित हुए अभिभावकों को स्कूली शिक्षा में राहत दिए जाने से संबंधित कोई व्यवस्था है क्या।

इन सवालों के जवाब में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुभाष सरकार ने सांसद को बताया कि शिक्षा पूरी तरह से राज्यों का विषय है। स्कूलों में शिक्षण शुल्क माफ करना हो और इस तरह के अन्य दिशा निर्देश दिए जाने हो, तो यह कार्य राज्य सरकार के द्वारा ही किया जाता है। शुल्क का निर्धारण और शुल्क का मूल्यांकन यह कार्य भी राज्य सरकार के जिम्मे है। उन्होंने सदन में कहा कि राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशों के आधार पर स्कूलों को शुल्क तय करना होता है। यदि कोई विद्यालय शुल्क बढ़ाता है या ऐसा कोई नया फैसला लेता है तो इस पर राज्य सरकार का निर्देश ही मान्य होता है।

दिव्यांग नाबालिग के साथ दुष्कर्म आरोपी सहित महिला दलाल गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांची। पंडरा ओपी पुलिस ने 15 वर्षीय दिव्यांग नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में सीसीएल,खलारी में मैकेनिक के पद पर कार्यरत आरोपी बालेश्वर गंझू और एक संगीता नामक महिला दलाल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आयी आरोपी महिला लक्ष्मी नगर,रातु रोड की रहनेवाली है।

इस संबंध में पंडरा ओपी प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व रात करीब 11 बजे में परिजनों द्वारा नाबालिग के गुमशुदगी की सूचना थाने में दी थी। मंगलवार दोपहर

परिजन नाबालिग के साथ थाना पहुंचे और दुष्कर्म की घटना की जानकारी दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये खलारी स्थित सरकारी क्वार्टर से आरोपी बालेश्वर गंझू और लक्ष्मी नगर से महिला को छापेमारी कर गिरफ्तार किया। वहीं दुष्कर्म पीड़िता की सहेली प्रीति भी दो दिन से गायब है। गिरफ्त में आई महिला दोनों को साथ लेकर खलारी गई थी। पुलिस लापता सहेली की तालाश में जुटी है। पीड़िता की सहेली रातू थाना क्षेत्र स्थित चटकपुर में किराये के घर में अकेली रहती थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्त में आई महिला पूर्व से इस धंधे में जुड़ी लग रही है।

नाबालिग को घुमाने के बहाने बहला-फुसलाकर ले गई थी महिला

नाबालिग पीड़िता ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही उसकी जान पहचान गिरफ्त में आयी संगीता नामक महिला से हुई थी। महिला मजदूरी का कार्य करती है। सोमवार को महिला उसे और प्रीति नामक सहेली को सरस्वती पूजा विसर्जन शोभा यात्रा दिखाने के बहाने खलारी लेकर गई थी। आरोपी महिला ने दोनों को कहा था कि शाम के पूर्व घर लौट आयेंगे। दोनों के साथ महिला खलारी स्थित एक निर्माणधीन घर में पहुंची। इस दौरान उसे घर में अकेला छोड़कर महिला और उसकी सहेली गायब हो गई। जिसके बाद उस घर में रहनेवाला आरोपी बालेश्वर गंझू ने कहा कि परेशान मत हो ,मै तुमको सुबह रांची पहुंचा दुगां। उस पर विश्वास कर रात में वह क्वार्टर में रुक गई,जिसके बाद देर रात आरोपी उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने नाबालिग के साथ मारपीट करते हुये किसी को जानकारी देने पर गला दबाकर हत्या करने की धमकी भी दे रहा था। इसके बाद वह किसी तरह सुबह घर पहुंची और परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी।

निगम ने अवैध होर्डिंग, फ्लैक्स व बैनर के खिलाफ चलाया अभियान

रांची। रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत बिना अनुमति के होडिंग,फ्लैक्स व बैनर लगानेवालों के खिलाफ बुधवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान नगरपालिका अधिनियम 2011 के धारा 171 के उल्लंघन किये जाने पर विभिन्न प्रतिष्ठानों 1 लाख 25 हजार 12 रुपये अधिरोपित किया गया। वहीं इसके साथ ही निगम क्षेत्र स्थित विद्युत खंभों और सार्वजनिक सम्पतियोंपर बिना अनुमति के लगे फ्लैक्स व बैनर को हटाया गया।

अभी बारिश से नहीं मिलेगी राहत

16 को भी कई स्थानों पर बारिश की संभावना

रांची। रांची समेत राज्य के कई हिस्से में देर रात से बारिश की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान विभाग के वरीय वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण आज और कल बारिश होगी। इसके बाद 13 फरवरी से एक बार फिर से एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ के कारण 16 फरवरी से भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होगी।

साइक्लोनिक सकुर्लेशन के राज्य के उत्तरी और मध्य भाग में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। यही कारण है कि 10 फरवरी को देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी व रामगढ़, पूर्वी व प सिंहभूम, सिमडेगा व सरायकेला में बारिश हो सकती है। 11 से 14 फरवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। बारिश की वजह से कई जिलों में तापमान में गिरावट होने की संभावना है। जिससे ठंड में एक बार फिर बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में ठंड का असर लगातार जारी है। राजधानी का तापमान पिछले दो दिनों के मुकाबले फिर गिरा। ज्ञात हो कि 3 और 4 फरवरी को ही रांची समेत झारखंड के अलग-अलग जिलों बारिश हुई थी।

महिला डीएसपी से छेड़खानी, दो जवान नामजद

वरीय संवाददाता

रांची। राजधानी में पदस्थापित एक महिला डीएसपी के साथ छेड़छाड़ की नियत से धक्कामुक्की व अभद्र व्यवहार करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित डीएसपी ने लोअर बाजार थाना में दो पुलिसकर्मियों सहित 10-15 अज्ञात युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस घटना की जांच करते हुये आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। जानकारी के अनुसार को पुरानी पुलिस लाईन स्थित पारिवारिक आवास में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया था। सोमवार को रात करीब दस बजे विसर्जन जुलूस में आयोजकों के द्वारा काफी तीव्र आवाज में अश्लील गाना बजाया जा रहा था। इसे रोकने के लिये जब डीएसपी वहां पहुंची तो जुलूस में शामिल युवक गलत नियत से उन्हें छुने का प्रयास किया,जिस पर वह युवक को गाल में तमाचा मारी। इसके बाद वहां मौजूद आरक्षी बिनोद पांडेय और सीपी उपाध्याय युवकों को उकसाने लगे और सभी अभद्र व्यवहार करते हुये धक्का-मुक्की करने लगे, जिसे देख रसोईया ने डीएसपी को भीड़ से किसी तरह बाहर निकला। डीएसपी ने इससे संबंधित वीडियो फुटेज पुलिस को सौंपी है।

वहीं पुरानी पुलिस लाईन स्थित पारिवारिक आवास में रहनेवाले बिनोद पांडेय ने बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि सोमवार को विसर्जन जुलूस जब मुख्य द्वार से बाहर निकलकर मंदिर के पास पहुंचा तब एक महिला वहां आकर गाली गलौज करते हुये बच्चों को मारने लगी। शोरगुल सूनकर जब वह लोग वहां पहुंचे तो देखे कि डीएसपी मैडम गाली गलौज कर रही है। जिसके बाद वह मैडम को अलग कर विसर्जन जुलूस को आगे बढ़ाये। इस दौरान डीएसपी द्वारा बर्बाद करने की धमकी दी जा रही थी। जिसके बाद से पूरा परिवार डीएसपी के व्यवहार से मर्मामत है।

मंत्री बन्ना गुप्ता को मिली उत्तराखंड चुनाव की जिम्मेदारी

रांची : दो दिवसीय दिल्ली दौरे के बाद केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बुधवार को उत्तराखंड रवाना हो गए। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सामाजिक समीकरण के तहत चुनावी अभियान में भाग लेंगे, चुनावी मैदान में ओबीसी और अग्रवाल समाज के अलावे जातीय समीकरण के आधार पर वे चुनावी प्रचार में हिस्सा लेंगे। मंत्री बन्ना गुप्ता 12 फरवरी तक उत्तराखंड में रहेंगे, गौरतलब है कि इससे पहले बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मेयर ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

रांची। मेयर डॉ आशा लकड़ा के द्वारा बुधवार को महापौर फंड से निगम क्षेत्र अंतर्गत दो योजनाओं का शिलान्यास किया गया। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या चार स्थित डॉ आर के मिश्रा के घर से सुधीर मिंज के घर तक 7 लाख68 हजार 1 सौ 70 रुपये की लागत से पीसीसी पथ और वार्ड संख्या 5 अंतर्गत एकता नगर,बूटी मोड़ में पायल सोनी के घर से मधुबाला सदन तक 11 लाख 1 हजार रुपये की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। इस मौके पर वार्ड चार की पार्षद हुस्ना आरा,वार्ड पांच की पार्षद गायत्री देवी, दीपक साह,सत्यम,संजय महतो,पायल सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

स्वयं को कैबिनेट से भी ऊपर मानते हैं स्वास्थ्य मंत्री : आदित्य

रांची : भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने बुधवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को आड़े हाथों लिया।साहू ने कहा राज्य सरकार को नियम कानून से नहीं मंत्रियों की मनमर्जी से चलाने की कोशिश की जा रही है। संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना कांग्रेस की पुरानी परंपरा है। देश की जनता को पता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने कैबिनेट के फैसले को चौराहे पर फाड़ा था। उन्होंने कहा कि आखिर क्यों प्रावधानों के विपरीत जाकर स्वास्थ्य मंत्री जी स्वास्थ्य बीमा योजना में प्राइवेट कंपनियों को शामिल कराना चाहते हैं। कहा कि राज्य की जनता स्वास्थ्य मंत्री जी से यह जरूर जानना चाहेगी कि आखिर प्राइवेट बीमा कंपनियों से जनता को सरकारी कंपनियों से ज्यादा कौन सा फायदा मिलने वाला है।कहा कि जिसप्रकार स्वास्थ्य मंत्री प्राइवेट कंपनियों के प्रति उदारता दिख रहे हैं उससे जनता के मन मे कई प्रकार के सवाल खड़े हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि इसी प्रकार की मनमर्जी का दुष्परिणाम है कि राज्य में आज तक जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन नही आ सकी। टीकाकरण में राज्य आज भी पीछे है। मंत्री जी के क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई है। जांच केलिय मरीज प्राइवेट केंद्रों पर निर्भर है।साहू ने कहा कि मंत्री को महाधिवक्ता की राय मानते हुए विधिसम्मत निर्णय लेना चाहिये।

अंजुमन के बहाने सरकार के खिलाफ हमलावर हुए अल्पसंख्यक

रांची : रांची का अल्पसंख्यक समुदाय, अंजुमन चुनाव में हो रहे विलम्ब और अंजुमन इस्लामिया रांची को वक़्फ बोर्ड के हवाले करने की साजिश के खिलाफ आज सरकार एवं विभागीय मंत्री हफीजुला हसन का पुतला जलाएगा। गुरुवार को पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदय के कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। इस संदर्भ में फिरोज जिलानी ने बताया कि अंजुमन इस्लामिया अबुल कलाम आजाद के द्वारा गठित संस्था है, जो झारखंड ही नहीं पूरे देश के मुसलमानों के लिए शान है। इसे सरकारी कब्जे में किसी कीमत पर नहीं जाने दिया जाएगा। इसका जमकर विरोध होगा। सरकार की नियत व साजिश का पदार्फाश किया जाएगा। कार्यक्रम दिन के दो बजे रखा गया है और पुलता दहन का कार्यक्रम अंजुमन के समक्ष किया जाएगा।

नाबालिग सहित तीन बाइक चोर गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांची। अनगड़ा थाना की पुलिस ने बाइक चोरी करने की घटना में नाबालिग सहित तीन आरोपियों को धर दबोचने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्त में आये आरोपियों के पास से चोरी की एक पैशन एक्स बाइक (जेएच01 बीवाई-8922) बरामद की है।

इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि 15 नवंबर को सिल्ली के रहनेवाले कुमार प्रशांत राज की बाइक चोरी की घटना घटी थी। वादी अपनी बाइक सड़क के किनारे लगाकर बिरसा मुंडा के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में

शामिल होने गये थे। वह जब वापस लौटे तो बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान मिली जानकारी पर छापेमारी करते हुये बाइक चोरी की घटना में शामिल मोतीलाल उरांव और ननकेश्वर उरांव को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी अनगड़ा , कोंताटोली गांव के रहनेवाले है। वहीं पुलिस ने बाइक चोरी की घटना में शामिल एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया है। पुलिस टीम में खिरूटोफर केर-केट्टा (डीएसपी, सिल्ली), पुअनि ब्रजेश कुमार (थाना प्रभारी, अनगड़ा) सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

उपमहापौर ने निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

रांची। रांची नगर निगम के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने बुधवार को वार्ड नंबर 26 के हरमू में योजनाओं के तहत निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसमें हरमू रोड स्थित स्व कार्तिक उरांव चौक सहित वार्ड नंबर 26 स्थित हरमू बाजार में पूरे बाजार क्षेत्र में पेवर्स ब्लॉक का काम, वार्ड 24 स्थित कडरू ब्रिज के नीचे होटल सवेरा के पास पेवर्स ब्लॉक का काम, वार्ड 25 स्थित आनन्द विहार में नाली निर्माण, वार्ड 26 हरमू मुक्ति धाम (स्वर्ग द्वार) के चारों ओर बांउड्री निर्माण सहित रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत कई कार्यों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर विजयवर्गीय ने कहा कि रांची शहर के नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए रांचीवासियों को ज्यादा दिक्कत ना हो। इसके लिए मैंने उपमहापौर आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की, जिससे कि मैं सूचना मिलने पर स्वयं उचित समस्या के पास जाकर उस समस्या का निराकरण कर सकूं। इसी कड़ी में आज रांची शहर में विभिन्न योजनाओं के निर्माण के लिए शिलान्यास किया। इस अवसर पर पार्षद अरुण कुमार झा, अर्जुन राम, विनोद सिंह, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद थे।

लंबे समय से एक ही स्थान में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों को हटाने का आदेश

रांची। राजधानी में काफी लंबे समय से एक ही थाना,ओपी और आवास गार्ड में प्रतिनियुक्त 768 पुलिसकर्मियों को हटाने का आदेश एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा के द्वारा दिया गया है। उन्होंने ऐसे पुलिसकर्मियों को हटाने का आदेश दिया है,जो दो-तीन वर्षो से एक ही थाना,ओपी व आवास गार्ड में अपनी डयूटी दे रहे हैं। एक ही स्थान पर अधिक दिनों तक रहने के कारण पुलिसकर्मियों में असंतोष का भाव व्याप्त है। वहीं कहीं कहीं जवानों व ग्रामीणों के बीच काफी नजदिकियां बढ़ने की बात भी वरीय अधिकारियों को प्रकाश में आयी थी,जो पुलिसकर्मियों के सुरक्षा की दृष्टिकोण से उचित नही है।

कैमरा भाड़े में लेकर करता था चोरी, गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांची। सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने कैमरा चोरी करने के आरोप में गौतम पोद्धार नामक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आया युवक लाहकोठी,रातु रोड का रहनेवाला है। इस संबंध में सुखदेव नगर थाना प्रभारी ममता कुमारी ने बताया कि मंगलवार को वादी प्रिंस टोप्पो के द्वारा आरोपी गौतम पोद्धार के खिलाफ कैमरा चोरी करने की प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। पुलिस ने आरोपी के घर से चोरी

की चार कैमरा बरामद की है। प्रत्येक कैमरा की कीमत करीब 50 हजार रुपये है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चोरी की नियत से कैमरा भाड़े में लेकर भाग जाता था। पुलिस टीम में ममता कुमारी (थाना प्रभारी,सुखदेव नगर), पुअनि अजीम अंसारी, पुअनि धर्मवीर भगत सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

मोरहाबादी के दुकानदारों ने नगर निगम के विरोध में बनाई मानव श्रृंखला

रांची। मोरहाबादी दुकानदार संघ ने कहा है कि रांची नगर निगम बेवकूफ बना रहा है। संघ के अध्यक्ष कुमार रौशन के नेतृत्व में बुधवार को दुकानदारों ने एकजुटता का परिचय देते हुए मानव श्रृंखला बनायी।

बताया गया है कि बुधवार को मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम के सामने फुटपाथ दुकानदारों ने मानव श्रृंखला बनाया। इस दौरान नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने कहा मानव श्रृंखला बनाकर सभी दुकानदार निगम के खिलाफ अपनी एकजुटता का प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर

कुमार रौशन ने कहा कि रांची नगर निगम की वादाखिलाफी के खिलाफ हम लोगों ने आज मानव श्रृंखला बनायी है। सब लोग देख सकते हैं कि सभी दुकानदार एकजुट हैं। सभी अपनी रोजी-रोटी की तलाश में यहां पर आए हुए हैं और हम मांग करते हैं कि जल्द से जल्द हम लोगों को जगह दिया जाए। उल्लेखनीय है कि मोरहाबादी में मंगलवार को रांची नगर निगम द्वारा आवंटित जगह पर दुकानदारों के द्वारा पूरे विधि विधान से भूमि पूजन किया गया था। इसके बाद जब दुकानदार दुकानें लगा रहे थे, तब नगर निगम के अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन दल बल के साथ पहुंचे और दुकानों की शिफ्टिंग पर रोक लगा दी।

जमशेदपुर कला मंच ने दी लता दीदी को श्रद्धांजलि

जमशेदपुर : जयंत चक्रवर्ती के निवास स्थान पर बुधवार को हुई एक बैठक में जमशेदपुर कलामंच के कलाकारों ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बारे में कलाप्रेमी पपाई चक्रवर्ती ने बताया कि जमशेदपुर कलाकार मंच से जुड़े कलाकार लता दीदी के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में लता दीदी को याद किय गया। उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया गया। पपाई चक्रवर्ती ने बताया कि लता दीदी हम कलाकारों के हृदय में सदा बनी रहेंगी। कलाकारों ने कला प्रेमियों से अपील की कि वे भी लता दीदी के बजाए मार्ग पर चलें। इस दौरान लता दीदी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कुमारी शिल्पा नामटा, साधना चक्रवर्ती, जयंत चक्रवर्ती, पम्मी चक्रवर्ती, अल्पना दास, रूपा सिंह, रूमा बनर्जी, आरती प्रसाद, कृष्णा सरकार, कुंदन गुप्ता आदि कई कलाकार व कला प्रेमी उपस्थित थे।

कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची (जिला नजारत शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

पंचम विधानसभा के अष्टम (बजट) सत्र का आयोजन दिनांक 25.02.2022 से 25.03.2022 तक किया जाना है, जिसमें 17 कार्य दिवस चिन्हित है। विधान सभा (बजट) सत्र के दौरान विधान सभा परिसर में वाटर प्रुफ पण्डाल, कुर्सी टेबल एवं विधान सभा के बाहर दण्डाधिकारी, अंगरक्षक एवं चालक के बैठने के लिये वाटर प्रुफ पण्डाल, कुर्सी, टेबल, इत्यादि की व्यवस्था की जानी है। इसके अतिरिक्त विधान सभा आने वाले रास्ते में ड्राप गेट, मोजो बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जानी है। उक्त व्यवस्था हेतु निविदा मुहरबंद लिफाफे के द्वारा दिनांक 17.02.2022 को अपराह्न 3.00 बजे तक जिला नजारत शाखा, राँची में जमा कर सकते हैं। निविदा उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में समाहरणालय ब्लॉक "ए" में कमरा संख्या 207 में खोली जायगी।

नोट :- निविदा की शर्ते www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची

PR263563 (Ranchi)21-22*D

कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 02/2021-22

कार्य की विस्तृत विवरणी :-

एक्टिविटी कोड/2020-21	प्रखण्ड का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
02	कोडरमा	प्रखण्ड कोडरमा में वेस्ट वाटर ट्रीटमेण्ट प्लांट का निर्माण	4521700	95000	5000	06 माह
04	जयनगर	प्रखण्ड जयनगर में वेस्ट वाटर ट्रीटमेण्ट प्लांट का निर्माण	5439850	112000	10000	06 माह

Website में ई-निविदा प्रकाशन की तिथि - 09.02.2022
ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय - 15.02.2022, अपराह्न 03:00 बजे तक।
हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय - डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा। 17.02.2022 अपराह्न 03:00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 17.02.2022 अपराह्न 04 बजे।

हेल्पलाईन मोबाईल नं0 - 9608892111
जिला परिषद, कोडरमा के समुचित श्रेणी या उच्चत्तर श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
नोट: केवल ई-निविदा ही मान्य होगा।
विशेष जानकारी Website पर उपलब्ध है। https://jharkhandtenders.gov.in

जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा

PR 263546 Rural Development (21-22)_D

कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 06/2021-22

वित्तीय वर्ष 2021-22 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध निधि से प्राप्त स्वीकृत क्रमांक- 01 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त-1 के अनुसार निबंधित संवेदकों से F_2 प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :- जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- दिनांक-14.02.2022 एवं 15.02.2022 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :- दिनांक-17.02.2022 (अपराह्न 3:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :- दिनांक-17.02.2022 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- जिला परिषद कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

एक्टिविटि कोड/2020-21 (अनुपूरक सूची)	प्रखण्ड का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	चन्दवारा	ग्राम पंचायत कांटी में रामचन्द्र यादव के घर के बगल से रेहा मोड़ तक नाली निर्माण	614555	12500	1250	01 माह
02	कोडरमा	चाराडीह पंचायत के ग्राम चाराडीह बाजोराम घर से लेकर जमुना राम घर तक लगभग 400 फीट नाली निर्माण	789470	16000	1250	01 माह
04	सतगावां	पंचायत माधोपुर नेवती कृष्णा यादव घर से सकरी नदी तक 600 फीट नाली निर्माण	1320000	26500	2500	02 माह
05	मरकच्चो	ग्राम झलकडीह पंचायत चोपनाडीह में ट्रांसफर्मर से लेकर पूरब मंडप के आगे तक पक्की नाली निर्माण	1309000	26500	2500	02 माह

निविदा की शर्तें www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा।

PR.NO.263541 Rural Development(21-22):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 41/2021-22

1. विज्ञापन दाता का नाम - कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय - 21.02.2022 को अप0 12:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - 22.02.2022 के अप0 2:30 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 22.02.2022 के अप0 3:00 बजे से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान - (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं-2ए राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान - कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7. कार्य विवरणी :-

Sl. No.	Name of work	Estimated Cost	Earnest Money	B.O.Q Rate	Time Of Completion
1	Renovation of D -Type Qtr (No. 19 -24) at Officer's Colony, Simdega.	23,83,100.00	47,700.00	5,000.00	03 (Three) Months
2	Renovation of C -Type Qtr (No. 01 -06) at Officer's Colony, Simdega.	18,63,000.00	37,300.00	5,000.00	03 (Three) Months
3	Renovation of B -Type Qtr (No. 13 -18) at Officer's Colony, Simdega.	14,89,900.00	29,800.00	2,500.00	03 (Three) Months
4	Renovation of B -Type Qtr (No. 7 -12) at Officer's Colony, Simdega.	14,90,600.00	29,900.00	2,500.00	03 (Three) Months
5	Renovation of A -Type Qtr (No. 13 -24) 12 Unit Qtr. Officer's Colony, Simdega.	16,10,500.00	32,300.00	5,000.00	03 (Three) Months
6	Construction of Hatchery, Deep Boring and Motor at KVK Bano, Simdega.	24,99,800.00	50,000.00	5,000.00	06 (Six) Months
7	Construction of Hatchery Hall and Overhead Tank at KVK Bano, Simdega.	20,90,400.00	41,900.00	5,000.00	06 (Six) Months

निविदा की शर्तें- WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.263544 Building(21-22):D

बुंडू व तमाड़ सीओ का वेतन स्थगित प्रपत्र क गठित करने का आदेश

तीन अंचलाधिकारियों को शोकॉज

रांची। रांची के उपायुक्त छवि रंजन की अध्यक्षता में आज विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, रांची, एसी नक्सल सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति, भू राजस्व से संबंधित मामले, एनएचएआई से संबंधित पथों के निर्माण के लिए भू-अर्जन की स्थिति, मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के दूसरे चरण की प्रगति, पलाश ब्रांड के सुदृढ़ीकरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की प्रगति, केसीसी वितरण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल जीवन मिशन आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

एनएचएआई से संबंधित पथों के निर्माण के लिए भू-अर्जन की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने काम में संवेदनहीनता बरतने वाले अंचल अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उपायुक्त ने बुंडू और तमाड़ सीओ का वेतन स्थगित करते हुए इन दोनों के विरुद्ध प्रपत्र क गठित करने का आदेश अपर समाहर्ता को दिया। उपायुक्त ने भू-अर्जन से संबंधित सूची तैयार कर अंचल अधिकारियों के साथ शेयर करने का निर्देश जिला भू अर्जन पदाधिकारी को दिया। उन्होंने ने कहा कि भू अर्जन से संबंधित जितने भी मामले हैं उसका जल्द से जल्द निष्पादन करें।

तीन अंचलाधिकारियों को शोकॉज

नामकुम, कांके और हेहल सीओ के बैठक में अनुपस्थित रहने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने बैठक में अनुपस्थिति को लेकर इन तीनों को शोकॉज करने का निर्देश दिया।

सूचना देकर ही छोड़े अंचल

उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों के कार्यावधि में उपस्थिति को लेकर अनियमितता पर भी कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अंचल छोड़ने से पहले उन्हें सूचना दें। उपायुक्त ने कहा कि वह कार्य अवधि में कभी भी वीडियो कॉल कर सीओ की उपस्थिति की जांच करेंगे। उन्होंने अपर समाहर्ता को भी वीडियो कॉल कर सीओ की उपस्थिति की औचक जांच करने का निर्देश दिया।

धान उठाव नहीं कर रहे मिलर तो नोटिस दें

जिला में धान अधिप्राप्ति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त छवि रंजन ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मिलर धान का उठाव कर रहे हैं या नहीं, इसकी जांच के लिए औचक निरीक्षण करें और अगर कार्य में लापरवाही बरती जा रही है तो ऑन द स्पॉट नोटिस करते हुए मिल सील कर दें।

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को कहा कि योजना का लाभ योग्य लाभुकों को मिले, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें, ताकि पारदर्शिता के साथ एवं सुचारू रूप से मुख्यमंत्री पशुधन योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही उन्होंने इस योजना के तहत बकरी, सुकर, बैकयार्ड लेयर, कुक्कड़, ब्रायलर कुक्कड़ पालन एवं बत्तख चूजा वितरण योजना के तहत किये गए कार्यों की प्रगति की जानकारी ली एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), आवास प्लस, अंबेडर आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत एवं पूर्ण आवास, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल जीवन मिशन आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। योजना अंतर्गत धीमी गति पर संबंधित अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कार्य निष्पादन में तेजी लायें।

प्रणामी ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने गढ़ाटोली में बांटे कम्बल

रांची : एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में बुधवार को अभावग्रस्त महिलाओंव पुरुषों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान गढ़ाटोली के वलवाडी स्कूल में बड़ी संख्या में वृद्धों को भी कम्बल दिए गए।

ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा आज के सेवा कार्य संस्था ने कांटा टोली के वाईएमसीए वलवाडी स्कुल के प्रांगण मे आये हुए प्रत्येक निर्धन लाचार जरूरतमंद वृद्ध महिला- पुरुषों के बीच 50 कम्बलों का वितरण फरजाना फारूकी, नागेंद्र चौधरी, अजय कुमार सिंह एवं गौतम चौधरी की देख-रेख में वितरित किए गए। बुधवार के सेवा कार्य में संस्था के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम, अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, प्रमोद सारस्वत, रमेन्द्र पाण्डेय, धीरज कुमार गुप्ता, आलोक सिंह आदि कई गणमान्य उपस्थित थे। प्रणामी संस्था के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य के बारे में संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने बताया कि संस्था लगातार सेवा का कार्य कर रही है। आने वाले समय में भी संस्था के द्वारा सेवा कार्य अनवरत जारी रहेगा। संस्था जरूरतमंदों के लिए समय-समय पर खिचड़ी आदि खाद्य पदार्थों का भी वितरण कर रही है।

एक नजर

दीपक ने संसद में केंद्रीय विद्यालय खोलने का मामला उठाया

रांची : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य में नए केंद्रीय विद्यालय खोलने का सरकार के प्रस्ताव संबंधी विषय पर राज्यसभा में प्रश्न उठाया।सदन में जवाब देते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डॉ सुभाष सरकार ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा नए केंद्रीय विद्यालय खोलने संबंधी कोई प्रस्ताव अभी नही भेजा गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अभी 41 केंद्रीय विद्यालय विभिन्न जिलों में संचालित हैं। कहा कि केंद्रीय विद्यालय देश भर में शिक्षा के समान कार्यक्रम प्रदान करके रक्षा क्षेत्र,अर्द्ध सैनिक बल,केंद्रीय स्वायत्त निकायों,केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, केंद्रीय उच्चतर शिक्षण संस्थानों सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरित कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने केलिए खोले जाते हैं। साथ ही जब भारत सरकार के विभागों,मंत्रालयों या राज्य सरकार के द्वारा केंद्रीय विद्यालय खोलने की प्रतिबद्धता व्यक्त की जाती है।

भाकपा कार्यालय पर लता दीदी को दी गयी श्रद्धांजलि

रांची: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, प्रदेश मुख्यालय अल्बर्ट एक्का चौक के सभागार में बुधवार को स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पितकी गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया।श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाकपा के प्रदेश कार्यालय सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा की स्वर कोकिला लाता दीदी केवल भारत की ही नहींअपितु दुनिया भर के कलाकारों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय थी। उन्होंने देश की कला के विकास के लिये बहुत काम किया। लाता दीदी जीवन भर सर्वहाराओं के साथ खड़ी रही। देश के कई सर्वोच्च पुरुस्कारों से सम्मानित हुई,उनकी सादगी हमेशा लोगो को प्रेरणा देती रहेगी। भाकपा की जिला सदस्य फरजाना फारुकी ने कहा कि लाता दीदी ससक्त महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती थी। उन्होंने रुढ़ियों और नकारात्मक परम्पराओं को तोड़ा, समाज में उत्पन्न जड़ता को समाप्त करने की कोशिश की। वह स्वतंत्र भारत की प्रगतिशील महिला प्रहरी थी। इस मौके पर भाकपा के श्यामल चक्रवाती, मनोज ठाकुर, विरेंदर विश्वकर्मा, मेहुल मृगेंद्र, अनिकेत चौधरी और श्रमिक पत्रकार यूनियन के संजीत झा,मनोज पाठक और कई लोग उपस्थित थे।

एसएस मेमोरियन कॉलेज प्राचार्य का स्वागत

रांची : एस एस मेमोरियल कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अपने प्राचार्य का स्वागत किया। बुधवार को एस एस मेमोरियल कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष छात्र नेता आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में छात्र -छात्राओं ने एस एस मेमोरियल कॉलेज के नए प्राचार्य डॉ सुखी उरांव लजी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर छात्र नेता आशुतोष द्विवेदी ने नए प्राचार्य से मिलकर एस एस मेमोरियल कॉलेज के शैक्षणिक माहौल को ठीक करने की मांग की। साथ ही सत्र एवं सभी कक्षाओं को नियमित ढंग से चलाने की माँग भी की।22 महीनों के बाद कक्षाएं खुलने से छात्र -छात्राए काफी उत्साहित है।अतः दूर दराज के छात्र -छात्राओं कि पढ़ाई ही हम सब कि पहली प्राथमिकता है।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सुखी उराँव ने कहा कि कॉलेज के सभी छात्र -छात्राओं कि सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता है।1 सप्ताह के बीतर कॉलेज अपने सुचारू ढंग से विधिवत चलेगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से आशुतोष द्विवेदी, पूजा गुप्ता, शिव शंकर,अनुज महली,अमित पाठक आदि कई उपस्थित थे।

विश्वम्भर फॉउण्डेशन करेगा जनजातीय विद्वानों को सम्मानित

2022 का विश्वम्भर साहित्य भारती सम्मान स्थानीय भाषाविदों के नाम

रांची : मैथिली-मिथला की प्रतिनिधि संस्था विश्वम्भर फॉउण्डेशन राँची के द्वारा दिया जाने वाला सम्मान इस वर्ष झारखंड के जनजातीय भाषा के विद्वान को दिया जाएगा। इसके घोषणा फॉउण्डेशन के सचिव नवीन कुमार झा ने खुद की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 का विश्वम्भर साहित्य भारती सम्मान झारखंड के स्थानीय भाषा के विद्वान को प्रदान किया जाएगा।

बता दें कि विश्वम्भर फॉउण्डेशन वर्ष 2018 से भाषा एवं साहित्य के संवर्धन के संग विभिन्न सामाजिक दायित्व के निर्वहन में लगा हुआ है। मैथिली साहित्य के क्षेत्र में साहित्य जगत का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार विश्वम्भर मैथिली साहित्य सम्मान वर्ष 2018 से प्रदान किया जा रहा है। विश्वम्भर फॉउन्डेशन प्रत्येक वर्ष इसके अतिरिक्त 'विजया लक्ष्मी सम्मान' एवं 'विश्वम्भर मेधा सम्मान' भी देता रहा है। इसी कड़ी में विश्वम्भर फॉउण्डेशन की ओर से घाषणा की गयी है कि वर्ष 2022 का विश्वम्भर साहित्य भारती सम्मान झारखंड के जनजातीय लेखक/लेखिका को दिया जाएगा। इस सम्मान के लिए निर्णायक मंडल के द्वारा ऐसे साहित्यकार को चयनित किया जायेगा जिनके लेखनी में झारखण्ड के जनजातीय जनजीवन की महक सन्नहित होगी। इस सम्मान में चयनित साहित्यकार को विश्वम्भर फॉउंडेशन के द्वारा एक्कीस हजार रुपए नकद, प्रसस्ति पत्र संग अंग-वस्त्र प्रदान किया जायेगा।

खबरें आसपास की

बीडीओ ने किया योजनाओं का निरीक्षण

बेड़ो। प्रखंड में चलाए जा रहे विकास योजनाओं की सतत निगरानी एवं योजनाओं के निर्माण में गति देने के उद्देश्य से बुधवार को बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने करकरी व तुतलो पंचायत का दौरा किया। साथ ही विकास योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में करकरी पंचायत के भैंसादोन गांव में मनरेगा से बनाए जा रहे ललिता देवी के सिंचाई कूप को देखा।जिसमें 18 फीट का खुदाई का कार्य हो चुका है। वहीं योजना में कार्यरत मजदूर मनी भगत, लाइटर भगत, कलिंदर उरांव, बालेसर साहू व अशोक साहू ने बीडीओ को बताया कि गत चार सप्ताह से उन्हें मजदूरी भुगतान नहीं हुआ है। इधर, लाभुक ललिता देवी ने कहा कि मजदूरों का मजदूरी भुगतान नहीं होने के कारण कूप के खुदाई कार्य जारी रखने में उन्हें काफी कठिनाई हो रही है। निरीक्षण के क्रम में अन्य लाभुक सकल देव सिंह, रूपा देवी, बबलू साहू व सुमित्रा देवी की मनरेगा योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन कूप को देखा। इन पर खुदाई कार्य चल रहा है। वहीं कार्य में लगे मजदूरों ने मनरेगा में समय पर मजदूरी नहीं मिलने से असंतोष जताया। साथ ही ग्रामीणों ने बीडीओ से यथाशीघ्र मजदूरी दिलाने की मांग की। बीडीओ ने नाली निर्माण, अखरा निर्माण एवं सोलर जल मीनार शामिल थे। बीडीओ ने पंचायत भवन घेराबंदी योजना का भी निरीक्षण किया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, पंचायत राज समन्वय, पंचायत सचिव, मुखिया व रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

खातियन आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति बने

तमाड़। बिरसा प्रगतिशील समिति के संरक्षक रतन सिंह मुण्डा एवं दमयंती मुंडा ने संयुक्त रूप से वर्तमान स्थानीय नियोजन नीति और बाहरी भाषा को क्षेत्रीय का दर्जा दिए जाने पर राज्य सरकार का कड़ा विरोध किया है। मुण्डा ने कहा पक्ष विपक्ष के विधायकों का मौन रहना इस गलत नीति को बढ़ावा देना एवं समर्थन करना है। यह दुर्भाग्य है क्षेत्र की जनता का कि 73 स्थानीय विधायकों को बाहर के 8 विधायकों ने गुलाम बना दिया है। नेता दोनों ने कहा कि समय रहते झारखंड के 73 झारखंडी विधायक अपनी स्थिति स्पष्ट करें अन्यथा ग्रामीण गोलबंद हो रहे हैं, तमाड़ क्षेत्र में विद्रोह की ज्वालामुखी फटेगा जिसकी चिंगारी पुरे राज्य में फैलेगी और उसकी सारी जिम्मेवारी राज्य सरकार की होगी।

बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल

चान्हो। एनएच 75 में करकट मोड़ के निकट बुधवार की शाम को एक बस की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक मांडर के दरजीजाड़ी बोंडो निवासी तुलसी उरांव 20 वर्ष व अंकित उरांव 16 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को चान्हो सीएचसी में प्राथमिक ईलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है। घटना शाम करीब छह बजे की है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बाइक जेएच 08 एफ- 8356 से मांडर से बीजूपाड़ा की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में करकट मोड़ के निकट सड़क क्रॉस करने के क्रम में रांची की ओर जा रहे एक बस ने उन्हें धक्का मार दिया।

ट्रांसमिशन मुख्यालय पर मजदूरों का प्रदर्शन

रांची : झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के सैकड़ों सदस्यों ने बुधवार को अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कुसाई कॉलोनी स्थित ट्रांसमिशन मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। लगभग आधे घंटे चले प्रदर्शन के उपरांत मैनेजिंग डायरेक्टर केके वर्मा के अनुपलब्ध रहने पर विभाग के ईडी मनोज करमाली से वार्ता की। इस अवसर परअजय ने बताया कि नई एजेंसी सनसिटी द्वारा पिछले 16 नवम्बर 2022 से जब से कार्य भार लिया गया है तब से ईपीएफ, ईएसआई विधुतकमीयो का नहीं हुवा है वही 30 दिन का पेमेंट में कटौती कर 26 दिन का ही भुगतान किया जा रहा है। साथ ही श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दर से भी कम भुगतान किया जा रहा है। जिस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। वही अजय राय ने कहा कि पूर्व से कार्यरत कर्मियों का समायोजन पहले सुनिश्चित हो।

ईडी मनोज करमाली ने अपने विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस सम्बंध में राज्य के सभी ट्रांसमिशन जोन के जीएम को पत्र के माध्यम से जांच कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने की बात संघ से की है।अजय राय ने कहा कि वार्ता काफी सकारात्मक रही है और हमारी कोशिश है कि राज्य के सभी ट्रांसमिशन जोन में कार्यरत विधुतकमीयो को इंसाफ मिल पाए। अजय राय ने साथ ही कहा कि 2016-2018 में नियमित हुए कर्मियों को सेवा सम्पुष्टि पत्र निर्गत किये जाने के मुद्दे पर जिसे सेवा देते हुए 3 साल होने पर निर्गत हो जाना चाहिए मगर अभी तक यह लंबित है इस मामले को लेकर संघ सीएमडी से मिलकर ज्ञापन सौपेगा।

आज के प्रदर्शन में रांची ट्रांसलेशन जी उनके साथ साथ डालटेनगंज ,हजारीबाग, जमशेदपुर,दुमका आदि जोन के विधुतकर्मी शामिल थे जिसमें मुख्य रुप से संघ के महामंत्री अमित कुमार शुक्ला कोषाध्यक्ष विजय सिंह संजय ठाकुर मुकेश साहू, सारस्वत राय,प्रिंस कुमार आनंद प्रमाणिक, अरविंद प्रमाणिक ,विजय कुमार महतो, वरुण कुमार विजय राम प्रणव कुमार अशोक कुमार अजय महतो राजेश प्रधान दीपक कुमार सिंह मनोज कुमार अनिल उरांव प्रभु चरण प्रधान प्रमोद कुमार। विनय सिंह हरेंद्र महतो,प्रमोद कुमार, रंजन कुमार, कोसलेस कुमार,तुलसी कुजूर सहित सैकड़ों कर्मी शामिल हुए।

अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मांडर। 15 वर्षीया नाबालिग किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी अमित लोहरा को मांडर पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। वह कैरो थाना क्षेत्र के हनहट गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार मांडर में अपने दीदी के घर रह रही किशोरी को अमित लोहरा ने 13 नवंबर 2021 को अपहरण कर लिया था। मामले को लेकर किशोरी के परिजनों ने मांडर थाने में अमित लोहरा के खिलाफ मांडर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि अमित लोहरा मुड़मा के निकट अपहृत किशोरी के साथ खड़ा है और कहीं जाने की तैयारी में है। इसी क्रम में उसे गिरफ्तार कर किशोरी को भी बरामद कर लिया गया।

बीडीओ ने आवास और वैक्सीनेशन की धीमी रफ़्तार पर लगायी फटकार

तमाड़। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो ने डिम्बुजर्दा पंचायत भवन में आवशयक बैठक कर विकास कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर प्रखण्ड संन्वयक पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक सहित दर्जनों ग्रामीणों शामिल थे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर धीमी प्रगति पर नाराजगी जतायी। उन्होंने सभी को युद्ध स्तर पर आवास योजना पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा की वैसे लाभुक जो आवास योजना का पैसा लेकर चुप बैठे है। उनके उपर कानूनी करवाई करते हुए प्राथमिक दर्ज की जायेगी। एक अन्य बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने धीमी राफ्तार से हो रही वेक्सिनेशन पर चिंता जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने बताया की मानकीडीह, जारगो, डिम्बुडीह सहित अन्य कई गांवों में वेक्सिनेशन की रफ़्तार कम होने पर चिंता जताई है। उन्होंने लोगों से अपने नजदीकी सेंटर पर जाकर वेक्सिन लेने की अपील की है।

बीपीडी-बीएयू सोसाइटी के शासी निकाय की बैठक

बीपीडी सोसायटी के माध्यम से होगी उत्पादों की मार्केटिंग

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सभी संकायों, निदेशालयों और विभागों के उत्पादों की मार्केटिंग अब बीपीडी-बीएयू सोसाइटी के माध्यम से होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर अवस्थित विक्रय केंद्र का विस्तार कर उसे रूरल मार्ट के रूप में विकसित किया जाएगा और बीपीडी सोसायटी को सौंपा जाएगा।

विश्वविद्यालय के सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बिजनेस डेवलपमेंट को भी एक विषय के रूप में शामिल किया जायेगा तथा बीएयू के कृषि व्यवसाय प्रबंधन केंद्र और बीपीडी सोसाइटी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों, प्रशिक्षणार्थियों, किसानों, वैज्ञानिकों, विकास पदाधिकारियों और एनजीओ प्रतिनिधियों के अंदर उद्यम और व्यावसायिक आउटलुक विकसित करने की दिशा में बेहतर प्रयास हो सके। यह निर्णय बुद्धवार को कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की अध्यक्षता में बीपीडी-बीएयू सोसाइटी की शासी निकाय की बैठक में लिया गया।

निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार को भेजे जानेवाले बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वार्षिक बजट में बीपीडी-बीएयू सोसाइटी का अलग से बजट उपबंध किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित शासी निकाय के पदेन सदस्य और झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष धीरज तनेजा ने कहा कि मार्च में बीपीडी सोसायटी और विश्वविद्यालय पदाधिकारियों के साथ राज्य के प्रमुख कृषि उद्यमियों की एक इंटरएक्शन बैठक आयोजित की जाएगी ताकि मार्केटिंग और व्यवसायीकरण लायक अपनी तकनीक, उत्पादों और सेवाओं के बारे में विश्वविद्यालय के लोग अपना प्रेजेंटेशन रख सकें तथा उद्यमी उनकी मार्केटिंग की संभावनाओं और तौर-तरीकों के बारे में बता सकें। बीपीडी सोसाइटी के सीईओ सिद्धार्थ जायसवाल ने सोसाइटी की गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। सोसायटी के शासी निकाय में बीएयू के डीन पीजी डॉ एमके गुप्ता को उपाध्यक्ष के रूप में तथा प्रगतिशील कृषक शिव उरांव को सदस्य के रूप में जोड़ने का फैसला लिया गया।

बैठक में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ ऋषिपाल सिंह, डॉ एसके पाल, डॉ एमएस मलिक, डॉ सुशील प्रसाद, डॉ एमके गुप्ता, डॉ पीके सिंह, डॉ नरेंद्र कुदादा, डॉ डीके शाही, डॉ एमएस यादव, नाबार्ड के एजीएम अभय कुमार सिंह और प्रगतिशील कृषक अर्धेंदु शेखर दास उपस्थित थे।

कोराम्बी में मनी शहीद की पुण्यतिथि

मांडर। प्रखंड के कोराम्बी गांव में मंगलवार को शहीद सैनिक सोमा उरांव की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, जिपस सुनील उरांव, मुखिया अनिता तिर्की सहित अन्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकम में शहीद की पत्नी पुनिया उरांव को शाल देकर सम्मानित भी किया गया. बिहार रेजिमेंट के जवान सोमा उरांव 8 फरवरी 2010 को कश्मीर के गुलमर्ग में ड्यूटी के दौरान बर्फ के नीचे दबकर शाहिद हो गये थे. बाद में कोराम्बी में ही विधायक बंधु तिर्की द्वारा निर्मित मसना स्थल की घेराबंदी के कार्य का उदघाटन किया गया. मौके पर लालू तिर्की, शैलेश तिर्की, कुंदन तिर्की, कलीम अंसारी, धुंधरी उरांव, धनंजय उरांव, सरजू केवट, सुनील उरांव, लुईसा तिर्की, चंदू तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

डांस कार्यक्रम में भोजपुरी का विरोध

तमाड़। प्रखंड क्षेत्र के जनकल्याण समिति बाबुरामडीह के तत्वाधान में सरस्वती विसर्जन के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम छपल-छपल डान्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, जिला परिषद सदस्य तमाड़ पूर्वी बालकृष्ण सिंह मुंडा, मुखिया किशोर कुमार भगत, पंचायत समिति सदस्य नेपाल मांझी, मरधान पंचायत समिति सदस्य अस्वनी कुमार महतो, समजसेवी अरुण कुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। डांस प्रोग्राम में बंगाल से आये छपल-छपल कलाकारों के द्वारा हिंदी, बंगला, नागपुरी, कुड़मालि आदि गानों में बेहतरीन ग्रुप डांस कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम भोजपुरी गाना नहीं बजाकर का भोजपुरी भाषा पर विरोध जताया गया। इस अवसर पर जगजीवन लोहरा, समीर कुमार, रंजीत सेठ, धीरज कुमार, निर्मल महतो,दिनेश महतो, सुनील कश्यप, तरनी सेठ, हरीशंकर प्रमाणिक, दिलीप साहु, दिलेस्वर महतो, हलधर महतो, संजय, मंटु, सुकरा, मनोज, बुधराम आदि शामिल थे।

चार सौ छात्राओं को दिया गया कराटे का प्रशिक्षण

तमाड़। तमाड़ स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में स्कूल प्रबंधन की तरफ से सभी बालिकाओं के लिए कराटे प्रशिक्षण कक्षा प्रारंभ की गई है। कराटे प्रशिक्षण आर डी स्पोर्ट्स एकैडमी झारखंड के तत्वधान मे कराटे फेडरेशन अध्यक्ष सेंसई राम दुर्लभ सिंह मुंडा के निर्देश पर एकेडमी के झारखंड सीनियर सेल्फ डिफेंस व कराटे सीनियर कराटे प्रशिक्षक सेंसई आसु सेठ के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक प्रशिक्षक सेंपाई बीपीन मुंडा का भी सारानीय योगदान रहा। छात्राओं को बेसिक, दाची ,उके, जुकी एवं सेल्फ डिफेंस का बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 400 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मृत्युंजय कुमार प्रमाणिक, शिक्षक सत्येंद्र नाथ महतो ,डेजी अलमिडा, सुबोध कांत महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

रूपेश पांडेय हत्याकांड के सभी आरोपियों को मिले सजा : मनोज

बरही : रूपेश हत्याकांड के बाद उत्पन्न बिषम परिस्थिति एवं बिगड़े साम्प्रदायिक सद्भाव को सामान्य बनाने को लेकर प्रखंड परिसर स्थित बहुउद्देश्यीय भवन में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीओ पूनम कुजूर एवं संचालन सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने किया। शांति समिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, डीएसपी अमित सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज सिंह , सर्किल इंस्पेक्टर रोहित सिंह अपेम मुख्य संरक्षक सह व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, जीप प्रतिनिधि मो कयूम, अम्बिका सिंह, भाजपा नेता किशुन यादव, भगवान केशरी अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, गुरुदेव गुप्ता नंदकिशोर कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस बैठक में सभी ने रूपेश हत्याकांड की घटना की निंदा की। एक स्वर में उपस्थित लोगों ने रूपेश हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की सजा की मांग की। रूपेश के हत्यारों की फांसी की मांग को लेकर बैठक में ही जमकर जय श्री राम का नारा लगाकर फांसी की मांग की। मनोज कुमार यादव ने कहा कि रूपेश पांडेय की हत्या दुखद एवं निंदनीय है। प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रशासन की सूझ बूझ से ही बड़ी घटना टली। प्रशासन ने बरही को कलंकित होने से बचाया। शांति बनाने में अपनी सहभागिता निभाई। दुलमहा में ही बार बार इस तरह की घटना क्यों होती है। इस पर गहन मंथन करने की जरूरत है। कानून के दायरे में रहकर ही अपनी बात रखनी चाहिए।

हत्या के आरोपी किसी भी कीमत बख्सा नही जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि अविलंब रूपेश पांडेय की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, ओबीसी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, काँग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, व्यव्सायी संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, काँग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, मो रुस्तम अली, मोतीलाल चौधरी, शमशेर आलम, छठु गोप, मो तौकिर, तोखन रविदास, रघुवीर यादव, बरही पश्चमी मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सुनील साहू, यमुना यादव, टिंकू केशरी, भाजपा नेता पप्पु चंद्रवंशी, कमल शंकर पंडित, बंधन यादव, मनोज केशरी, कुणाल कतरियार, जियाउल अंसारी, मनोज कुमार, अरविंद यादव, इंद्रदेव ठाकुर, पिंटू ठाकुर, कांति देवी, अमित जयसवाल, मनोहर यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

डीसी ने की मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को लेकर बैठक

हजारीबाग : मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बेरोजगार युवाओं/युवतियों को योजना का लाभ देने के उद्देश्य से उपायुक्त आदित्य कुमार आनंद की अध्यक्षता में बुधवार को 41 लाभुकों को ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई लाभुकों की अनुसूचित जाति श्रेणी से 7, अनुसूचित जनजाति श्रेणी से 18 एवं पिछड़ी जाति श्रेणी से 16 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। आलोक रंजन ने बताया कि अब तक हुए बैठक मे जिले के अनुसूचित जाति श्रेणी से 78, अनुसूचित जनजाति श्रेणी से 32, पिछड़ी जाति श्रेणी से 124 एवं अल्पसंख्यक श्रेणी से 2 सहित कुल 277 बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वरोजगार के लिए ऋण की स्वीकृति दी जा चुकी है। झारखण्ड राज्य के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार सुलभ कराने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना शुरूआत की गयी है। राज्य के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के नागरिकों/युवाओं को कम ब्याज पर 25 लाख तक अधिकतम का ऋण सरकार द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इस योजना में लाभुकों के लिए 40 अनुदान (सब्सिडी) सरकार की तरफ से प्रदान किये जायेंगे योजना का लाभ राज्य के बेरोजगार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्ग के नागरिक एवं सखी मंडल की महिलाएं ले सकेंगी।

अनुमंडल पदाधिकारी ने दो अल्ट्रासाउंड क्लीनिक व एक मेडिकल स्टोर को किया सील

कोडरमा : उपायुक्त कोडरमा आदित्य रंजन के निर्देश पर बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने झुमरी तलैया शहर के विभिन्न अल्ट्रासाउंड क्लीनिक की सधन जांच की साथ ही कई मेडिकल दुकानों में भी सधन जांच की गई। अनुमंडल पदाधिकारी मोटरसाईकिल से अपनी टीम के साथ सबसे पहले डॉक्टर गली में संचालित पवन श्री अल्ट्रासाउंड पहुंची इसके बाद टीम राजगढ़िया रोड में संचालित एडवांस अल्ट्रासाउंड पहुंची जहां एक स्थान पर बिना डॉक्टर के अल्ट्रासाउंड के संचालन करने और दूसरे स्थान पर जांच में सहयोग नहीं करने पर दोनों अल्ट्रासाउंड को सील कर दिया गया। इसके बाद एसडीओ अपनी टीम के साथ माईका गली पहुंचे जहां एक आवासीय भवन में संचालित मेडिकल दुकान में छापेमारी की। हालांकि इस दौरान दुकान में ताला लगे रहने पर दुकान के संचालक दीपक वर्णवाल को फोन कर कई बार बुलाया गया। लेकिन दुकान पर आने को लेकर टालमटोल करते रहे। इसके बाद एसडीओ ने दुकान के संचालक की पत्नी की उपस्थिति में दुकान का ताला तोड़कर दुकान की जांच की।

जिसमें दुकान के भीतर प्रतिबंधित दवाई ऑक्सीटॉसिन, एक्सपायरी दवाई और एक्सपायर सैंपल दवाई बरामद किया गया। जिसके बाद एसडीओ ने दवाई दुकान को सील कर दिया इसके बाद टीम गौरी शंकर रोड पहुंची जहां पर दो मेडिकल दुकान की जांच की गई। जिसमें सब कुछ सही पाया गया। इसके बाद एसडीओ अपनी टीम के साथ राजगढ़िया रोड पहुंचे जहां उन्होंने मैक्स अल्ट्रासाउंड, वन पॉइंट अल्ट्रासाउंड और भारत अल्ट्रासाउंड की जांच की। जहां इन अल्ट्रासाउंड में कोई कमी नहीं पाया गया। एसडीओ के साथ नगर प्रशासक विनीत कुमार समेत एसडीओ कार्यालय के अन्य कई कर्मी उपस्थित थे।

स्वतंत्रता सेनानी विश्वनाथ की 11वीं पुण्यतिथि 14 फरवरी को मानने का निर्णय

झूमरी तिलैया (कोडरमा) : नगर छेत्र स्थित जोशी मार्केट डॉक्टर गली में स्वतंत्रा सेनानी विश्वनाथ मोदी की 11वीं पुण्यतिथि ओवर ब्रिज के नीचे मनाने के लिए बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता देवनारायण मोदी वहीं संचालन बलदेव मोदी ने किया। बैठक में 14 फरवरी को स्वतंत्रता सेनानी स्व० विश्वनाथ मोदी की पुण्यतिथि विश्वनाथ मोदी प्रतिमा स्थल पर मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को लेकर अध्यक्ष अनूप जोशी को बनाया गया। संचालक बीएनपी वर्णवाल तथा संयोजक देवनारायण मोदी को बनाया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर साल की भांति इस साल भी उनकी पुण्यतिथि पूरे धूमधाम एवं उत्साह से मनाया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव तथा विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव होंगे। इस बैठक का धन्यवाद ज्ञापन नवीन चौधरी ने किया।

भीम आर्मी इंद्रवा पंचायत के अध्यक्ष बने प्रेम कुमार

कोडरमा : भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) इंद्रवा पंचायत कमेटी का विस्तार दिनांक 7 फरवरी 2022 दिन सोमवार को कोडरमा प्रखंड के इंद्रवा पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास कुमार एवं संचालन प्रेम कुमार ने किया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष के रूप में प्रेम कुमार, उपाध्यक्ष सिकंदर दास, पंकज पासवान, मो. सिंटू, महासचिव विनोद साव, सचिव विनोद सिंह घटवार, कोषाध्यक्ष सुनिल कुमार राम, मीडिया प्रभारी सकलदेव दास, मन्नू विश्वकर्मा, मंटू कुमार तुरी, धर्म दास एवं कृष्णा पासवान को सर्वसम्मति से चुने गए ' एवं 10 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए जिसमें प्रदीप पासवान, अशोक तुरी, संजय तुरी, राहुल पासवान, सूरज बिरहोर, राजा कुमार, टुनटुन कुमार दास, रामचंद्र कुमार, विजय दास अंबेडकर, मुकेश दास सर्वसम्मति से चुने गए। कार्यक्रम में प्रस्तावना पढ़ते हुए जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) का विस्तार प्रत्येक गाँव तक मजबूती के साथ कर के बहुजन महापुरुषों के सपने को सकार करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष एस. डी. अंबेडकर, कृष्णा पासवान, अर्जुन राम, सन्तोष कुमार दास, पवन कुमार, विजय दास अंबेडकर, राहुल कुमार, अमित कुमार, आकाश कुमार, सन्नी कुमार, टुनटुन कुमार दास, धर्म कुमार दास, राहुल पासवान, प्रदीप पासवान, विनोद दास, मन्नू विश्वकर्मा, सुनील कुमार राम, मो. सिंटू, दीपक कुमार, सूरज कुमार दास, रामू कुमार दास, बिनोद सिंह घटवार, मंटू तुरी, पंकज पासवान, नीरज कुमार, रामचंद्र कुमार, रजत कुमार, सूरज कुमार, संजय तुरी, मनोज तुरी, पंकज दास, कुन्दन दास, अजय दास, कुंदन कुमार दास आदि सेंकड़ों लोग उपस्थित हुए।

प्रशासनिक अधिकारियों व लोगों के बीच हुई शांति समिति की बैठक

मरकच्चो (कोडरमा) : थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्बला नगर में रविवार को मूर्ति विसर्जन को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प हो गई थी। जिसे लेकर थाना प्रांगण में मंगलवार को डोमचांच अंचल पुलिस निरीक्षक निरंजन उरांव, मरकच्चो सीओ रामसुमन प्रसाद, एवं बीडीओ पप्पू रजक की अध्यक्षता में दूसरी बार शांति समिति की बैठक आहूत की गई। वहीं बैठक का संचालन समाजसेवी रविशंकर तिवारी उर्फ (मंटू) ने किया। बैठक में दोनो समुदाय के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान दोनों समुदायों के लोगो ने अपनी अपनी राय दिए। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री सह जिप सदस्य राजकुमार यादव ने कहा कि हम सभी को समाज की गरिमा को बरकार रखते हुए ऐसा कोई कार्य नही करना चाहिए ताकि हमारा समाज शर्मसार हो और भविष्य में ऐसी कोई घटना ना घटे ऐसा हम सभी को सोचना चाहिए। वहीं विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे समाज में सभी तरह के त्यौहार होते हैं सिर्फ हम सभी को त्यौहार बनाने का नजरिया होना चाहिए।

14 वें वित्त आयोग से लगी लुकोइया में जल मीनार की टंकी ब्लास्ट

बड़कागांव : प्रखंड के आंगों पंचायत अंतर्गत ग्राम लुकोईया में 14 वें वित्त आयोग से सौर प्लेट ऊर्जा वाला जल मीनार का निर्माण किया गया था। जिसकी पानी टंकी मंगलवार को सुबह ब्लास्ट हो गई। वहीं उरेज कॉलोनी में इसी संवेदक के द्वारा लगाए गए जल मीनार का पानी टंकी फट गया है जिससे पानी पूरी तरह लिक कर रहा है। इससे अनुमान लगाया जाता है कि संवेदक के द्वारा लगाई गई पानी टंकी घटिया क्वालिटी की है। वहीं, मामले को लेकर आंगो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महादेव हँसदा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मेरी जानकारी में है दोनों टंकी से पानी कई दिनों से लिख कर रहा था।

बता दें कि वैष्णवी इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन रामगढ़ के द्वारा पूरे प्रखंड में सोलर प्लेट जल मीनार लगाया गया था। प्रत्येक जल मीनार में 2 लाख ?50 हजार की लागत आती है। मामले को लेकर पूछे जाने पर संवेदक ने कहा कि यह 2017-18 का योजना था हमारी जवाबदेही मात्र 2 वर्ष की होती है। उसके बावजूद, मैंने संबंधित जनप्रतिनिधि को रिपेयरिंग के लिए कहा था। आगे उन्होंने बताया कि वाटर कोई रिएक्शन नहीं करता और बड़कागांव की मौसम फिलहाल ठंडा है इसलिए ब्लास्ट नहीं हो सकता, ब्लास्ट होने पर टंकी की दशा और दिशा भिन्न होता है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सूचना होने के बावजूद भी जल मीनार की रिपेयरिंग नहीं की जाती है जिससे हम ग्रामीणों को पानी की समस्या को लेकर जूझना पड़ता है। मामले को लेकर मुखिया प्रतिनिधि, संवेदक एवं ग्रामीणों का अलग - अलग व्यान से लोगों में संशय बना हुआ है, इसलिए यह जांच का विषय है।

अकेला यादव गलत बयानबाजी बंद करें, आरएसएस है राष्ट्रवादी संगठन : रमेश

आरएसएस पर अकेला यादव ने विद्वेष फैलाने का लगाया है आरोप

बरही : दुलमाहा मॉब लिंचिंग मामले में बरही विधायक अकेला यादव विडिओ कंफ्रेसिंग द्वारा आरएसएस के खिलाफ दिए गए बयान पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। अकेला यादव द्वारा आरएसएस पर घटना के बाद विद्वेष फैलाने के अरोप पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस विधायक अकेला यादव गलत बयानबाजी कर रहे हैं। आरएसएस समाज मे विद्वेष नहीं बल्कि सामाजिक समरसता एवं सौहार्द बढ़ाने का कार्य करती है। आरएसएस एक राष्ट्रवादी संगठन है। जिसका कार्य है हिन्दु समाज को सुदृढ़ एवं सशक्त करना। 'जो इस धरती को मां कहते हैं, हिन्दु उनको कहते हैं। उन्होंने कहा कि अकेला यादव बताएं कि कल तक आरएसएस अच्छी लगती थी। बरही विधायक श्री अकेला यादव अपने बयान को वापस लें, और सार्वजनिक माफी मांगने का कार्य करें अन्यथा भाजपा अकेला यादव के खिलाफ मोर्चा खोलने को विवश होगी। श्री ठाकुर ने कहा कि दुलमाहा में हुई घटना मॉब लिंचिंग का सबसे निकृष्ट उदाहरण है। इससे विभत्स घटना और नहीं हो सकता है कि 27 अभियुक्तों की समूह ने हमला बोला एवं पिट-पिट कर हत्या कर दी। यह इंसानियत को शर्मशार करने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि 27 मुख्य आरोपी व अन्य लगभग 100 लोगों में से अबतक मात्र 4 अभियुक्त की गिरफ्तारी कर प्रशासन राजनीतिक दबाव में आकार उक्त मामला को ठंढ़े बस्ते में डालने का प्रयास न करें, अन्यथा भाजपा सदन से सड़क तक उतरने का कार्य करेगी। इस दुखद घटना को भुलाया नहीं जा सकता है। लोगों में घोर जनआक्रोश है।

कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की समीक्षात्मक बैठक

100 सदस्य को सदस्यता रसीद या मोबाइल ऐप के माध्यम से कांग्रेस पार्टी में जोड़ने का करें काम : भावेश चौधरी

झूमरी तिलैया (कोडरमा) : कांग्रेस राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान वर्ष 2018-22 के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस निदेर्शानुसार प्रदेश सहायक निवार्ची पदाधिकारी भावेश चौधरी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को कोडरमा जिला के झुमरी तिलैया स्थित विवाह भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने किया जबकि विशेष रुप से प्रदेश प्रवक्ता कुमार राजा सहित किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, सभी प्रखंड अध्यक्ष, जिला के पदाधिकारी एवं मंच मोर्चा के अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने उपस्थित कांग्रेसजनों को बताया कि जिला के सभी बूथ से कम से कम 100 प्राथमिक सदस्य को सदस्यता रसीद के माध्यम से या मोबाइल ऐप के माध्यम से कांग्रेस पार्टी में जोड़ने का काम करना है।हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने प्रखंड से लेकर जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक चुनाव को पारदर्शी ढंग से कराने पर बल दिया है। प्रदेश प्रवक्ता कुमार राजा ने ऐप के माध्यम से डिजिटल पद्धति द्वारा पार्टी के चीफ ईनरोलर एवं प्राधिकृत ईनरोलर द्वारा सदस्य बनाने की विधि को समझाया। मौके पर उन्होंने जिले के लगभग हर बूथ से एक महिला एवं एक पुरुष कार्यकर्ता को प्राधिकृत इनरोलर बनाने हेतु फॉर्म भरवाया। जिलाध्यक्ष ने लगभग 3000 सदस्यों की सूची एवं 8000 सदस्यता फार्म प्रखंड वार वितरित होने का ब्यौरा सुपुर्द किया। बैठक में मुख्य रूप से एसीसी पूर्व सदस्य लीलावती मेहता, डॉ अली इमाम, प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी, राम लखन पासवान, प्रदेश असंगठित उपाध्यक्ष भागीरथ पासवान, महिला जिलाध्यक्ष बेबी सिन्हा, महिला नेत्री प्रीति सहाय, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, आशीष पाण्डेय, संजय शर्मा, डॉ मुस्लिम अंसारी, मुखिया धीरज कुमार, फैयाज कैसर, अनिल यादव, गणेश स्वर्णकार, नागेश्वर राम, राजेंद्र जयसवाल, उत्तम दास पाल, उमेश साव, सचिव सहूद खान, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष फहीम खान, केदार राणा, विजय प्रसाद सिंह, राजू सिंह, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अनंत मेहता, असंगठित कोऑर्डिनेटर आकाश सिंह रोहित कुमार गिरी, विकास कुमार सिन्हा, चांद आलम, महताब आलम, यासीन अंसारी, सुखदेव गोस्वामी, युवा प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार, तनवीर अहमद, भोला दास, जहीरूद्दीन, खुर्शीद आलम, वीरेंद्र कुमार सहित जिले एवं प्रखंड के कांग्रेस जनों ने उपस्थित होकर बुक फार्म सहित डिजिटल पद्धति से अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर अपनी सहभागिता जताई।

परसाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नहीं रुकने से यात्री परेशान

जयनगर (कोडरमा) : धनबाद गया रेलखंड के बीच परसाबाद रेलवे स्टेशन पर कुछ महत्वपूर्ण ट्रेन नहीं रुकने के कारण यात्रियों को होती है काफी कठिनाइयां उत्पन हो रही है। बताते चलें कि प्रखंड के परसाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रत्येक दिन विभिन्न प्रखंडों के लोगों का आवागमन होता है। लेकिन स्टेशन पर कुछ महत्वपूर्ण ट्रेन नहीं रुकने के कारण यात्रियों को मुंबई दिल्ली मद्रास कोलकाता हरियाणा पंजाब सहित अन्य शहरों में जाने के लिए रात भर कोडरमा स्टेशन पर ठहरता पड़ता है। जिसके कारण यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मालूम हो कि परसाबाद रेलवे स्टेशन प्रत्येक वर्ष करोड़ों का राजस्व देने के बावजूद भी यह सब स्टेशन पर सुविधा के नाम पर यात्रियों के लिए घोर अभाव है। गौरतलब है कि अगर इस स्टेशन पर मुंबई मेल एक्सप्रेस पुरुषोत्तम एक्सप्रेस झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का ठहराव होता तो यात्रियों को मुंबई मद्रास हरियाणा पंजाब सहित अन्य शहरों में जाने के लिए रात भर कोडरमा स्टेशन पर ठहरना नहीं पड़ता।

एक नजर

अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग व पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाया छापामारी अभियान

चंदवारा (कोडरमा) : पुलिस अधीक्षक कोडरमा कुमार गौरव के निदेर्शानुसार चंदवारा थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह एवं उत्पाद विभाग एसआई ओम प्रकाश के नेतृत्व में संयुक्त रुप से प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर चिलोडीह जंगल एवं महूगाय में तीन भट्ठियो को ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर चालीस लीटर महुआ शराब एवं सात सौ किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। वही उत्पाद विभाग के एसआई ओम प्रकाश ने बताया कि चंदवारा एवं चिलोडीह में अवैध महुआ शराब बनाया जा रहा था। इसकी गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधर पर छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें शराब बनाने वाले उपकरण को नष्ट कर दिया गया है, वही महुआ शराब बनाने वाले संचालक के विरुद्ध जल्द मामला दर्ज किया जाएगा। मौके पर कई पुलिस जवान मोजूद थे।

डॉ. देवेन्द्र ने सीएम से की अधिवक्ता कॉलोनी बनाने की मांग

हजारीबाग : आवासीय बोर्ड के तर्ज पर जज कॉलोनी बनाने की मांग को लेकर इंडियन शोसल एक्टिविस्ट डॉ देवेन्द्र सिंह देव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक स्तंभ न्यायपालिका में वकीलों की महती भूमिका रहती है। इस बात के मद्देनजर कई जगहों पर जज कॉलोनी के तर्ज पर अधिवक्ता कॉलोनी अस्तित्व में है। उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश उत्तराखंड आदि जगहों पर अधिवक्ता कॉलोनी बनाने को लेकर सरकार विधानसभा में बिल भी पास की है फिर भी हजारीबाग सहित पूरे झारखंड में अधिवक्ता कॉलोनी नहीं होने से कई अधिवक्ताओं को किराए के मकान में रहना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर समाजसेवी डॉ सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखित आवेदन देकर अधिवक्ता कॉलोनी बनाने की मांग की है। हजारीबाग बार एसोसिएशन अधिवक्ता वेंकटेश्वर भवानी एवं रूपा कुमारी समेत अन्य अन्य हजारों अधिवक्ताओं ने अपने अपने हस्ताक्षर युक्त आवेदन, इंडियन शोसल एक्टिविस्ट डा. देवेन्द्र सिंह देव को प्रतिलिपि देते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए अधिवक्ता वेंकटश्वर भवानी एवं रूपा कुमारी ने कहा कि यदि हजारीबाग में अधिवक्ता कॉलोनी बनाया जाएगा तो यहां के अधिवक्ताओं को किराए के मकान में नहीं रहना पड़ेगा। इस पुनीत कार्य के लिए सभी अधिवक्तागन सदैव मननीय मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार के सदा आभारी रहेंगे।

दुलमुहा गांव में हुई हत्या की कांग्रेस ने की निन्दा

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक बैठक का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने की । इस बैठक में बरही के धनबाद रोड स्थित दुलमुहा नयी टाड़ निवासी रूपेश कुमार पाण्डेय की हुई हत्या पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई और साथ ही साथ बरही की जनता को साधुवाद दी गई कि उन्होंने अपना सयम बरकरार रखते हुए उनके मनसूबे को नाकाम कर दिया और साम्प्रदायिक सौहार्द को बरकरार रखा । जिला कांग्रेस कमिटी सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है । मौक पर पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहर लाल सिन्हा जिला कार्यकारिणी के सदस्य विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान इंटक के बिनोद सिंह उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह, गोविंद राम, सलीम रजा महासचिव केडी सिंह, संजय कुमार तिवारी, शिव नंदन साहू, जावेद इकबाल, विजय कुमार सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तसलीम अंसारी प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी सचिव ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, सैयद अशरफ अली, देवधारी प्रसाद मेहता, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

पूर्व विधायक ने बेला में किया प्रवचन मंच का उद्घाटन

चौपारण : बेला में आयोजित श्री श्री 108 श्री हनुमन्त प्राण प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय महायज्ञ के प्रवचन मंच का बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ। इस दौरान महायज्ञ समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक सहित सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, महामंत्री आशीष सिंह आदि को भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा की जीवन मरण भगवान के हाथों में होता है लेकिन मनुष्य अपने जीवन किस प्रकार से जीता है कैसा कर्म करता है ये सब उसके हाथों में होता है। इसलिए जीवन मे अच्छे कर्म करे ताकि आने वाला पीढ़ी आपको अच्छे कर्मों के लिए जाने। कहा प्रवचन में सुने बातो को जीवन में उतार कर जीवन को सफल बनावे। सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव ने कहा कि आप अपने बच्चों को अच्छी संस्कार दे जीवन मे जरूर सफल होंगे। महायज्ञ समिति अध्यक्ष महेंद्र साव, सचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि प्रवचनकर्ता बनारस से आये रामनारायण दास जी महाराज है। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता बीरबल साहू ने किया। महायज्ञ को सफल बनाने में उपाध्यक्ष कपिल प्रजापति, सक्रिय बीरबल साव, राजेन्द्र भगत, हेमराज साव, सरयू शर्मा, रामचन्द्र शर्मा, पिन्टू शर्मा, गोविंद महतो, पिन्टू साव आदि महती भूमिका निभा रहे है। मौके पर पैक्स अध्यक्ष सियाराम सिंह, समाजसेवी सतेंद्र सिंह, शिक्षक शिव कुमार यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

परसाबाद यज्ञ में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़

जयनगर (कोडरमा) : प्रखंड के कटिया में 7 फरवरी से आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 108 श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़। बताते चलें कि 7 फरवरी को भव्य कलश यात्रा को साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ था। प्रखंड के विभिन्न गांव के लोग प्रत्येक दिन सुबह परिक्रमा करने के लिए पहुंच रहे हैं प्रखंड के कटिया परसाबाद बाघमारा तेतरौन पिपचो घौरंजा नावाडीह भुआलडीह गरगी मुसौवा मकतपुर गोहाल सहित कई अन्य गांवों के लोग परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वही संध्या 6:00 बजे से प्रत्येक दिन 9:00 बजे रात तक प्रवचन कर्ता श्री स्वामी विवेकानंद महाराज जी अयोध्या उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। वही प्रवचन समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का भी वितरण किया जा रहा है। यज्ञ को सफल बनाने में यह समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश सेठ, विवेकानंद गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, मुन्ना, चंदन बरनवाल, धीरेंद्र भदानी, महेश गुप्ता, नरेश गुप्ता, रवि, राहुल गुप्ता, योगेश मिश्रा, मनोज पासवान, विजय भदानी, सहित यज्ञ में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय में विदाई समारोह

मरकच्चो (कोडरमा) : प्रखंड मुख्यालय स्थित सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो के लिपिक नकुल प्रसाद सिंह का सेवानिर्वित विदाई समारोह बुधवार को विद्यालय परिवार संघ कोडरमा के द्वारा उच्च विद्यालय कोडरमा में आयोजित की गई जिसमें मुख्य रुप से नवल किशोर सिंह एवं रंजीत कुमार उपस्थित हुए श्री सिंह ने अपने कार्य को लगभग 40 वर्षों से सफलतापूर्वक पूर्ण किए। जिसमें विद्यालय लिपिक कौशल कुमार गुप्ता, शिवशंकर भगत, राजेश कुमार शर्मा, रणधीर कुमार, दिलीप कुमार यादव, ललन कुमार, प्रकाश कुमार, राजेश कुमार, सुबोध कुमार, मो. शफाक खान, अभिषेक सिन्हा बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं इसी प्रकार विद्यालय परिवार के लिपिकों ने एकता का परिचय आगे भी देने का प्रण किया।

संपादकीय

कोरोना: नए मामलों में कमी

भारत में कोरोना की तीसरी लहर का कहर अपेक्षाकृत कम हुआ है। अब तो कोरोना के नए मामलों में भी लगातार कमी आ रही है। जो संतोष की बात है। कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र, नई दिल्ली और केरल आदि राज्यों में भी कोरोना के मामले कम होने लगे हैं। नतीजतन नाईट कर्फ्यू हटाया जा रहा है और अन्य पाबंदीयां भी खत्म की जा रही हैं। शैक्षणिक संस्थानों को भी फिर से खोला जा रहा है। सिनेमा हाल, पार्क और जीम आदि में भी कुछ शर्तों के साथ लोगों को प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। इससे लोगों को राहत मिल रही है। किन्तु अभी भी सावधानी बरतने की जरूरत है। कोरोना के मामले कम जरूर हो रहे हैं लेकिन कोरोना अभी गया नहीं है और ना ही निकट भविष्य में कोरोना के पूरी तरह खत्म होने की कोई संभावना है। मतलब खतरा अभी टला नहीं है इसलिए सतर्कता बरतना आवश्यक है। खास तौर पर ऐसे लोगों को जिन्हें अभी तक कोरोना की वैक्सीन नहीं लगी है। उन्हें कोरोना गाइड लाइन का इमानदारी से पालन करना चाहिए। क्योंकि जिन्हें वैक्सिन नहीं लगी है उनके लिए कोरोना जानलेवा साबित हो सकता है। कोरोना के नए मामलों में कमी का एक कारण यह भी है कि अब लोग अस्पतालों में कोरोना टेस्ट कराने से बच रहे हैं। बहुत से लोगों को जब कोरोना के लक्षण दिखते हैं तो वे कोरोना टेस्ट किट खरीद लाते हैं और अपने घर पर ही कोरोना टेस्ट कर लेते हैं और आवश्यक सावधानी बरतने के साथ ही दवा लेना शुरू कर देते हैं जो आठ दस दिन में ठीक भी हो जाते हैं। यही वजह है कि देश में कोरोना के नए मामलों में गिरावट देखी जा रही है। इससे लोगों को खुद इस नतीजे पर नहीं पहुंच जाना चाहिए कि अब कोरोना का खतरा टल गया है। कोरोना का खतरा अभी भी मंडरा रहा है और इससे बचने का एक ही उपाय है कि हम घर से बाहर निकलते वक्त तो मास्क आवश्यक रूप से लगाएं और भीड़ भाड़ में जाने से बचें दो गज की दूरी का नियम का पालन करें। अन्यथा कोरोना वायरस का संक्रमण हमें अपनी चपेट में ले सकता है और जिस तरह पहली लहर के बाद हमारी असावधानी के कारण दूसरी लहर और फिर तीसरी लहर आई थी। वैसे ही चौथी लहर भी आ सकती है। ऐसा न हो इसके लिए सभी को सावधानी बरतनी होगी। सरकार ने भले ही कोरोना गाइड लाइन में कुछ छूट दी है लेकिन उसका अनुचित लाभ उठाने से बचना होगा। तभी कोरोना का असर कम होगा।

विचार

कोरोना की तीसरी लहर का चरम बीत गया!

राजेश माहेश्वरी

पिछले दो साल से कोरोना ने पूरी दुनिया को हिलाकर रखा हुआ है। हमारा देश भी इस महामारी से अछूता नहीं रहा। कोरोना की दूसरी लहर ने देश में जो कोहराम मचाया, उसे याद करके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। 130 करोड़ की आबादी वाले देश में सभी नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना कोई आसान काम नहीं है। महामारी के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों ने अपने स्तर पर नागरिकों की मदद में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, लेकिन कोरोना की तीसरी लहर ने देशवासियों की चिंता को दोबारा बढ़ा दिया। लेकिन संतोष है कि कोरोना वायरस की कथित तीसरी लहर का प्रभाव कम होने की खबरें प्रकाश में आ रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार देश में कोरोना संक्रमण के मामले लगभग 70 फीसदी तक घट गये हैं। बीते दो हफ्तों की बात की जाए तो संक्रमण लगातार कम हुआ है। सुखद बात यह भी है कि देश के जिन राज्यों में महामारी का विस्तार अब भी जारी था, वहां भी संक्रमण का स्तर लगातार कम हो रहा है। आईसीएमआर के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. समीरन पांडा का आकलन है कि फरवरी अंत तक कोरोना संक्रमण नगण्य हो जाएगा। देश भर में कुल संक्रमित मामलों की निर्णायक गिरावट भी मार्च तक अपेक्षित है। यह कुछ आंकड़ों से स्पष्ट हो सकता है। बीती 20 जनवरी को कोरोना के संक्रमित मामले 3,47,063 थे, जो 8 फरवरी को 67,597 तक लुढ़क गए हैं। महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल सरीखे जिन राज्यों में संक्रमित मामले 50,000 रोजाना तक दर्ज किए जा रहे थे, वहां अब आंकड़े बेहद कम हैं। तमाम राज्यों ने कोरोना के घटते मामलों को देखते हुए पाबंदियों को खत्म किया जा रहा है। जीवन सामान्य गति की ओर धीरे-धीरे ही सही लेकिन अग्रसर हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य एजेंसियों की स्थापना है कि कोरोना वायरस की मौजूदगी लगातार संक्रमित मामलों और सक्रिय मरीजों की संख्या के आधार पर आंकी जाती है। यदि लगातार 7 दिनों तक संख्या न बढ़े, तो महामारी का 'चरम' मान लिया जाता है। भारत में बीती 23 जनवरी को सक्रिय मरीज 22 लाख से अधिक थे। अब 13 लाख से भी कम हो गए हैं और फरवरी अंत तक इनमें भी निरंतर गिरावट के आसार हैं। इसी आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के आकलन सामने आ रहे हैं कि तीसरी लहर का 'चरम' गुजर चुका है। अब संक्रमण अधोपतन की तरफ है। संक्रमण के जो आंकड़े बीते शनिवार, 5 फरवरी, को सामने आए थे, वे 5 जनवरी के बाद सबसे कम मामले हैं। जो संक्रमण-दर 30 फीसदी से ऊपर तक चली गई थी, अब वह 10 फीसदी से भी कम है। राजधानी दिल्ली में तो संक्रमण-दर मात्र 2.87 फीसदी दर्ज की गई है। साफ है कि संक्रमण बहुत नियंत्रण में आ गया है। महामारी के निरंतर पतन का ही परिणाम है कि कई राज्यों में स्कूल-कॉलेज खोल दिए गए हैं।

नौजवानों ने 5 वीं बार उठाया विश्वकप

नितेश छाबड़ा

मीडिया और उनके प्रशंसक उन्हें सर आंखों पर बिठाएंगे। इन नौजवान खिलाड़ियों के सामने एक चुनौती यह भी रहेगी कि वे इस चकाचौंध में खो न जाएं और अपने खेल का स्तर बनाए रखें। यहां पर बोर्ड अधिकारियों, सीनियर क्रिकेटर्स और कोच की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होगी। इन्हें यह एहसास कराना भी जरूरी होगा कि यह विश्व कप उनके कैरियर के लिए एक मील का पत्थर है, पर यहां से आगे बढ़ने के लिए बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। यश धुल से पहले दिल्ली के दो और क्रिकेटर अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को अंडर 19 विश्व कप दिला चुके हैं- विराट कोहली और उन्मुक्त चंद। जहां विराट सफलता के शिखर को छू रहे हैं, वहीं उन्मुक्त चंद इंटरनेशनल क्रिकेट में कभी डेब्यू ही नहीं कर पाए हैं। यह बात यश धुल और उनके साथी खिलाड़ियों को जितनी जल्दी समझ में आ जाए, उतना ही अच्छा होगा।

यह भारतीय क्रिकेट के इतिहास का एक और अप्रतिम और गौरवशाली क्षण था, जब एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम के मैदान में कप्तान यश धुल और उनके साथियों ने अंडर 19 विश्व कप उठाया। युवा जोश से भरी नौजवानों की भारतीय टीम ने संघर्ष से भरे फाइनल मैच में इंग्लैंड को 4 विकेटों से हराकर 5 वीं बार अंडर 19 विश्व कप अपने नाम किया है। 1988 से शुरू हुए इस विश्व कप को अब तक 14 स्पर्धाएं खेली जा चुकी हैं। टीम इंडिया ने आठवीं बार फाइनल में शिरकत की थी। यह तथ्य ही हमारे नौजवानों के प्रभाव और दबदबे की कहानी बयां करता है। हम यह भी कह सकते हैं कि बीसीसीआई ने एक ऐसा कामयाब ढांचा विकसित किया है, जो नई पौध के क्रिकेटरों को फलने फूलने का पूरा अवसर देता है। इस जीत से यह भी पता चलता है कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य को लेकर हम पूरी तरह आश्वस्त हो सकते हैं। इस जीत में खिलाड़ियों के साथ टीम के सपोर्ट स्टाफ का भी काफी बड़ा योगदान है। टीम के कोच वीवीएस लक्ष्मण और ऋषिकेश कानिटकर ने इन युवाओं को बराबर उत्साहित करके रखा और यह बताया कि दबाव वाली स्थिति से कैसे बाहर आया जाए।

भारतीय टीम इस पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही। कुल खेले 6 मैचों में भारतीय टीम की शानदार घातक गेंदबाजी ने प्रतिपक्षी टीम को सभी मैचों में धराशायी किया और पूरे 60 विकेट हासिल किए। भारतीय टीम के सामने दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की कड़ी चुनौती थी। क्वार्टर फाइनल में पिछले चैंपियन बांग्लादेश से भी कड़ा मुकाबला था। भारतीय टीम सभी मैचों में निर्णायक बढ़त लेकर विजयी हुई। खासकर बांग्लादेश को हराकर हमारे युवाओं ने पिछली बार फाइनल की पराजय का बदला लिया। टूर्नामेंट के बीच में टीम के तकरीबन आधे खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। तब ऐसा लग रहा था कि टीम का सफर यहीं खत्म हो जाएगा। पर टीम और सपोर्ट स्टाफ ने इससे प्रभावित हुए बिना अपना मोमेंटम, हौसला और मनोबल बनाए रखा और विपरीत परिस्थितियों में कोरोना को मात देकर शिखर छू लिया।

इस बार आल राउंडरों की मौजूदगी ने इस टीम को खास किस्म की मजबूती प्रदान की। 15 सदस्यों की टीम में 8 खिलाड़ी ऐसे थे, जो अपनी मुख्य भूमिका के साथ साथ उपयोगी बल्लेबाजी अथवा गेंदबाजी कर सकते थे। इन सभी में सबसे अधिक जिस खिलाड़ी ने सबका ध्यान आकर्षित किया, वो थे मध्यम तेज गति के गेंदबाज आल राउंडर राज बावा। राज बावा बाएं हाथ के आकर्षक बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। फाइनल में उन्होंने इंग्लैंड के 5 विकेट निकालकर एक तरह से इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमर ही तोड़ दी। इस मैच में राज ने बल्लेबाजी भी बहुत ही अच्छी की। जब 97 के स्कोर पर भारत के चार विकेट गिर चुके थे। उस वक्त पूरा दबाव भारत पर था। ऐसे वक्त में राज की 35 रनों की बड़ी ही महत्वपूर्ण पारी ने भारत को जीत के रास्ते पर डाला। इसके अलावा अंगक्रिश रघुवंशी, निशांत सिंधु, हंगरगेकर और कौशल तांबे ने भी काफी प्रभावित किया। बल्लेबाजी में कप्तान यश धुल और शेख राशिद की जोड़ी ने लाजवाब प्रदर्शन किया। खासकर सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 200 से अधिक रनों की साझेदारी में दोनों ने गजब का टेम्परामेंट दिखाया। इसी साझेदारी ने मैच को ऑस्ट्रेलिया से दूर कर दिया था। शेख रशीद तकनीकी रूप से काफी ठोस और मजबूत हुआ है। उनका डिफेंस बहुत ही बढ़िया है। जबकि यश धुल के पास सभी किस्म के स्ट्रोक्स हैं और उनकी टाइमिंग बहुत ही अच्छी है। वहीं गेंदबाजी में रविकुमार और विकी ओस्तवाल की गेंदबाजी ने भी टीम को लगातार इंटरवेल में सफलता दिलाई।

विश्व कप जीतने के बाद इन युवाओं के साथ साथ बोर्ड के लिए भी यह चुनौती होगी कि इन क्रिकेटरों के भविष्य को अच्छे से संवारा जाए। अंडर 19 विश्व कप की कामयाबी इन क्रिकेटरों के लिए प्रवेश द्वार के समान होती है। इसमें चमकने वाले खिलाड़ियों का भाग्य बहुत जल्दी बदलता है। इस बार भी इन्हें आईपीएल के सुनहरे अनुबंधों के साथ बहुत सारे व्यावसायिक अनुबंध भी मिलेंगे।

मीडिया और उनके प्रशंसक उन्हें सर आंखों पर बिठाएंगे। इन नौजवान खिलाड़ियों के सामने एक चुनौती यह भी रहेगी कि वे इस चकाचौंध में खो न जाएं और अपने खेल का स्तर बनाए रखें। यहां पर बोर्ड अधिकारियों, सीनियर क्रिकेटर्स और कोच की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होगी। इन्हें यह एहसास कराना भी जरूरी होगा कि यह विश्व कप उनके कैरियर के लिए एक मीलस्टोन है। पर यहां से आगे बढ़ने के लिए बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। यश धुल से पहले दिल्ली के दो और क्रिकेटर अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को अंडर 19 विश्व कप दिला चुके हैं—विराट कोहली और उन्मुक्त चंद। जहां विराट सफलता के शिखर को छू रहे हैं, वहीं उन्मुक्त चंद इंटरनेशनल क्रिकेट में कभी डेब्यू ही नहीं कर पाए हैं। यह बात यश धुल और उनके साथी खिलाड़ियों को जितनी जल्दी समझ में आ जाए, उतना ही अच्छा होगा।

बजट 2022-23: आत्मनिर्भर अष्टलक्ष्मी की ओर एक और मजबूत कदम

जी. किशन रेड्डी

केन्द्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हैं और सिकंदराबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इस बजट में डिजिटल अर्थव्यवस्था के प्रोत्साहन से संबंधित बेहद जरूरी प्रावधानों के साथ-साथ पर्वतमाला जैसी विकास योजना, जोकि पर्यावरण और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की कठिन भौगोलिक स्थिति के बेहद अनुकूल है, भी सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में नई क्रांति लाने का आधार बनता है। यह उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करने का एक और रास्ता है। भारत की सुरक्षा और आर्थिक दृष्टि से उत्तर-पूर्वी राज्यों का व्यापक रणनीतिक महत्व है।

भारत स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। माननीय प्रधानमंत्री ने आजादी के 100वें वर्ष में देश के लिए एक विजन को स्थापित करने को लेकर अक्सर बातें की हैं। अमृतकाल के लिए योजना बनाने और जमीनी कार्य को, इस वर्ष से ही शुरू करने की आवश्यकता है और इसके लिए, वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में उपयुक्त आधारशिला रखी गयी है। बजट द्वारा वित्तीय और सामाजिक प्राथमिकताओं को व्यवस्थित तरीके से संतुलित किया गया है और भारतीय अर्थव्यवस्था में नवाचार और तेज विकास की अपार संभावनाओं के लिए, रूपरेखा तैयार की गयी है।

निस्संदेह, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के अष्टलक्ष्मी राज्यों को बजट 2022-23 से बहुत अधिक लाभ होगा। भारत के विकास इंजन और आसियान के प्रवेश द्वार के रूप में ये 8 राज्य, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए, सरकार के विकास-एजेंडे के केंद्र माने जाते हैं। यह बजट विकास-मार्ग को और उज्ज्वल करता है एवं इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की स्थापना के लिए आवश्यक, सभी विकास संबंधी प्रयासों को और मजबूती प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र पर हमेशा विशेष ध्यान दिया है और इसके विकास के लिए, 2014 से मिशन मोड में काम कर रहे हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास और समृद्धि की अभूतपूर्व रूपरेखा तैयार कर रहा है। विकास की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं – मणिपुर को 75 वर्षों के बाद पहली मालगाड़ी कनेक्टिविटी, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय को रेलवे से पहली बार जोड़ना, बोगीबील पुल का निर्माण- भारत का सबसे लंबा रेल-सड़क पुल, मणिपुर में दुनिया का सबसे ऊंचा पुल घाट (जिरीबाम-इम्फाल), उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पहली बार असम में फेरोसाक्स परियोजना का उद्घाटन, सिक्किम का पहला हवाई अड्डा तथा अगरतला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नया टर्मिनल, जिसका उद्घाटन हाल ही में हुआ है।

बजट 2022-23 इस मिशन को और भी अधिक ऊर्जा प्रदान करता है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने के लिए, इस सरकार ने 2014 से अब तक 2.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये हैं। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विकास के प्रति राजनीतिक इच्छाशक्ति इस तथ्य से परिलक्षित होती है कि पिछले साढ़े सात वर्षों के दौरान इस क्षेत्र के बजट में 110 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, यानी आवंटन 2014-15 के 36,108 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 76,040.07 करोड़ रुपये हो गया है। केवल एक वित्त वर्ष के लिए, यानी पिछले वर्ष के 68,02024 करोड़ रुपये की तुलना में बजटीय आवंटन 12 प्रतिशत बढ़कर 76,040.07 करोड़ रुपये हो गया है। असंतुलन के अंतर को कम करने की गति को जारी रखते हुए, इस आवंटन का 15 प्रतिशत से अधिक राजमार्ग, सूचना प्रणाली, रेलवे और हवाई मार्ग (विकास का 'हीरा' (एचआईआरए) मॉडल, जिसका प्रधानमंत्री प्रबल समर्थन करते हैं) को दिया गया है। वास्तव में, सिर्फ रेल परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए, 2014 से 2021 के बीच उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में रेलवे द्वारा 39,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। हाल के बजट में 1,500 करोड़ रुपये के प्रारंभिक आवंटन के साथ उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए एक नई योजना, प्रधानमंत्री की उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए विकास पहल (पीएम-डिवाइन), का शुभारंभ उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की त्वरित विकास यात्रा में एक और ऐतिहासिक कदम है। यह योजना इस क्षेत्र के विकास के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है। यह योजना इस क्षेत्र में तेजी से रोजगार सृजन और आजीविका संबंधी सहायता को बढ़ाते हुए आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अंतर को कम करने के साथ-साथ विविध विकासात्मक जरूरतों को पूरा करेगी।

पीएम-डिवाइन के तहत ध्यानपूर्वक चयनित प्रारंभिक परियोजनाओं में शामिल मिजोरम का बैंबू लिंक रोड और वैज्ञानिक जैविक कृषि को प्रोत्साहन इस क्षेत्र की प्राकृतिक परिसंपत्तियों का उपयोग विकास के विभिन्न लक्ष्यों को पूरा करने के लिए करते हैं। गुवाहाटी में उपलब्ध बच्चों एवं वयस्कों में हेमेटोलिम्फॉइड कैंसर के प्रबंधन को समर्पित सेवाओं और नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच (नेक्टर) को आजीविका के उत्थान से संबंधित परियोजनाओं ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लोगों के बेहतर कल्याण की दिशा में एक लंबा सफर तय किया है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हर रोज यह चाँद रात की चोकीदारी

हर रोज यह चाँद रात की चोकीदारी में सितारों की फसल बोता है पर चाँद को सिर्फ बोआई पसंद है तभी तो वो सितारों को कभी बड़ा ही नहीं होने देता है।

अनिता कपूर

छोड़ अकेला हमें चल दिए, कैसे

छोड़ अकेला हमें चल दिए, कैसे जफ़ा करें तुम पर। बात हमारी कभी न मानी, हुकुम चलाये हो हम पर। चिकनी चुपड़ी बातें करके, तुम बहलाते रहते हो, बहुत हुआ अब और सहें क्यों, जो लेंगे अपने दम पर।

सुरेश पसारी

खास पाती

सुर साम्राज्ञी कर चलीं सूना

सुर साम्राज्ञी कर चली, सूना सकल जहान। देह त्याग नश्वर किया, आत्मा ने प्रस्थान।। शोक मग्न हम सब हुए, नैन बहाएं नीर। भाव शून्य नारी सभी, नत मस्तक गंभीर।। जाना सबको एक दिन, रोक सका है कौन। क्रूर काल के सामने, सकल विश्व है मौन।। गीतों में जिंदा सदा, अमर आपके बोल। हिंद नाज़ करता सकल, शख्सीयत अनमोल।। माँ वाणी लेने स्वयं, आईं वसुधा तीर। पाया उस सम्मान को, जो पाते हैं वीर।। लिपट तिरंगे कफ़न में, हुआ भव्य अवसान। सुर को मलिका को मिला, आज विश्व सम्मान।। दीपा गुप्ता

तुम्हें मन के मंदिर में जबसे बिठाया

तुम्हें मन के मंदिर में जबसे बिठाया ये संसार लगने लगा है पराया विरानी मैं होकर फिर कहती कहती मेरा कृष्ण आया मेरा श्याम आया यही राग अब तो मुझे सीखना है। सुदामा ने गाया जो मीरा ने गाया लक्ष्मी माहौर

गाया सदा हीं मैंने, माँ नाम बस

गाया सदा हीं' मैंने, माँ नाम बस तुम्हारा, देती हो आसरा तुम, जब भी तुम्हें पुकारा। ये जिंदगी समर्पित, करता हूँ आपको मैं, आशीष मिल रहा है, मुझको सदा तुम्हारा। कितनी कठिन हों' राहें चलता रहूँ मैं' पथ पे, आया शरण हूँ माँ मैं, दे दो मुझे सहारा। मिलजुल रहें सदा ही, माँ शारदे के' दर पे, ये जिंदगी नहीं फिर, मिलती कभी दुबारा। हर शब्द सार्थक हो, माँ से करें यें' विनती, यह लेखनी लिखे जो बन जाये ध्रुव तारा। करता यही है विनती संजय भी तेरे दर पर, ले लो शरण में इसको बन जाये ये दुलारा। संजय कुमार गिरि

जब ईश्वर के पाट बन्द थे, मैं वरदान

जब ईश्वर के पाट बन्द थे, मैं वरदान माँगती कैसे बिना तुम्हारी अनुमति के मैं, बोलो तुम्हें चाहती कैसे बाट जोहते मिले अनेकों, किंतु परंतु सत्य तुम्हारे, बाह निकले या धीरज रख लें, संशयरत आँसू के धारे मैं हारे, मैं हार गई बस, ये ना पूछो क्यों हारे हैं? कैसे बनती शिकन तुम्हारे, मुस्कानों पर मैं वारी हूँ। वर्षा वार्ष्णेय अलीगढ़

तुम्हें देर तलक निहारते हुए ये

तुम्हें देर तलक निहारते हुए ये सोचती हूँ मैं कुछ का कौन सा चित्र उकेरा हुआ देखूँ तुममें, किस तरह करूँ तुमसे प्रेम, बाल्यावस्था में जाकर या प्रौढ़ावस्था में आकर या अपना संपूर्ण यौवन सौंप दूँ तुम्हें प्रेम करते हुए कैसे ज्ञात होगा कि क्या कहूँ, संपूर्णता से पूर्ण होकर। अनामिका चक्रवर्ती

डगर डगर नगर नगर चलकर भी

डगर डगर नगर नगर चलकर भी एक कदम भी तो चल ना पाया मैं नाते देखे रिश्ते देखे, देखा सब संबंध को खोज खुद में फिर भी खुद को ना पाया मैं जन्म है जीवन सपना है स्वप्न है इसको भी तो आज तक समझ ना पाया मैं डगर डगर नगर नगर चलकर भी एक कदम भी तो चल ना पाया मैं। ललित उपाध्याय

खुश्बू का लुत्फ लीजीये मौसम

खुश्बू का लुत्फ लीजीये मौसम के साथ साथ गांधी को याद कीजीये गौतम के साथ साथ अपने हकों हकूक को पाना है तो हुजूर आवाज भी उठाईये परचम के साथ साथ सोज़ गुलाम बन गये तब तो देखना वैसा बादशाह भी मौसम के साथ साथ दिलबर को याद आये तो गज़लों को गाईये ज़ख्मों के नाम लीजीये मरहम के साथ साथ अब तक की जिन्दगी का यही फलसफा है के लूडो का खेल खेलिये कैरम के साथ साथ अकलम के साथ दोस्तों कलाम की एहतेराम कीजीये जैसे दैरमी ज़मज़म के साथ साथ। राजीव कुमार

QUIZ TIME

1) मार्च 2021 में यूरोप में किस जानवर में इंफ्लुएंजा वायरस-1 का प्रकोप पाया गया?

2) भारतीय नौसेना के आईएल-38 एयरक्राफ्ट के माध्यम से मार्च 2021 में किस पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो का पहला उड़ान परीक्षण किया गया?

3) 28 जनवरी, 2021 को किस स्थान पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नेशनल मरीन टर्टल एक्शन प्लान जारी किया?

4) फरवरी 2021 में भारत के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम की आधारशिला किस राज्य में रखी गई?

5) फरवरी 2021 में किसे स्कॉच समूह द्वारा 'स्कॉच चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड' प्रदान किया गया?

Ramaquiz

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 09 फरवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1760: मराठा सेनापति दत्ताजी शिंदे का निधन 1824: उन्नीसवीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने ईसाई धर्म अपनाया 1922: भारत के प्रसिद्ध होटल उद्योगपति तथा 'होटल लीला समूह' के संस्थापक सी. पी. कृष्णन नायर का जन्म 1931: भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया 1950: न्यायविद, पत्रकार और राजनीतिज्ञ सर अब्दुल कादिर का निधन 1951: स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिये सूची बनाने का कार्य शुरू किया गया 1968: भारतीय फिल्म अभिनेता राहुल रॉय का जन्म 1971: अपोलो 14 मिशन चांद से पृथ्वी पर लौटा 1975: रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज 17 अंतरिक्ष से 29 दिन बाद धरती पर लौटा 1993: भारतीय ग्रैंड मास्टर खिलाड़ी परिमार्जन नेगी का जन्म 2001: शिनावात्रा थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री निर्वाचित 2002: अफगानिस्तान की पूर्व तालिबान सरकार के विदेश मंत्री मुतवक्कील का आत्मसमर्पण 2007: पाकिस्तान की विपक्षी पार्टी जमायते उलेमा इस्लामी ने जिन्ना को स्वतंत्रता सेनानी की सूची से हटाया 2008: विख्यात सामाजिक कार्यकर्ता, मुख्यतः कुष्ठरोगियों की सेवा के लिए विख्यात बाबा आमटे का निधन 2009: सर्वोच्च न्यायालय ने ताज व उसके आसपास अवैध निर्माण पर यूपी सरकार को नोटिस दिया 2010: भारत सरकार ने बीटी बैंगन की व्यावसायिक खेती पर अनिश्चित काल के लिए रोक लगाई।

उपायुक्त की अध्यक्षता में कुपोषण निवारण को लेकर 1000 दिवसीय समर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक संपन्न

कुपोषण व एनिमिया निवारण की बनी कार्य योजना

पोषण दल करेंगे कुपोषित बच्चों एवं एनिमिया से ग्रसित किशोरियों की पहचान

लातेहार : उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कुपोषण निवारण को लेकर 1000 दिवसीय समर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला सामाज कल्याण पदाधिकारी रेणू रवि के द्वारा कुपोषण एवं एनिमिया को लेकर जिले में 1000 दिवसीय संचालित होने वाले समर अभियान की जानकारी दी गई। जिस पर उपायुक्त के द्वारा अभियान की सफलता को कार्ययोजना बनाते हुए कुपोषित बच्चों एवं एनिमिया से पीड़ित किशोरियों की पहचान करते हुए विभाग द्वारा बनाए गए नियम के तहत कार्य करते हुए बच्चों को कुपोषण मुक्त करने एवं एनिमिया से पीड़ित किशोरी एवं महिलाओं को विशेष अभियान के तहत पौष्टिक आहार लेने संबंधित जानकारी देकर जागरूक करने को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले भर में समर पोषण अभियान के सफल संचालन हेतु दल का गठन किया गया हैं। गठित दल में आंगनबाड़ी सेविका,सहिया एव सखी मंडल के सदस्य सभी घरों में जाकर कुपोषण एवं अनीमिया के लक्षण वाले बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवति महिलाओं का सर्वेक्षण लक्षण के आधार पर करना सुनिश्चित करेंगें। बैठक में उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि सर्वेक्षण के दौरान जन्म से 6 वर्ष तक के वैसे अन्य बच्चें जिन में कुपोषण या अनीमिया के लक्षण नही दिखायी पड़े उन्हें भी नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र से जोड़े। बैठक में कुपोषण एवं एनीमिया को लेकर एक हजार दिवसीय समर अभियान की सफलता को लेकर अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदूओं पर चर्चा किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप,डीएसओ बंधन लांग,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी अजय कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम सचिन साहू, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, लातेहार, बालूमाथ, गारू, बरवाडीह, लातेहार सदर की महिला पर्यवेक्षिकाये, तेजस्वीनी परियोजना के समन्वयक, एवं राज्य पोषण मिशन के अजय कुमार वर्मा, एससीओई रिम्स से नितेश मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

डीसी मुख्य सचिव ने 10 फरवरी को आहूत वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली विकास योजनाओं को लेकर बैठक आयोजित

लातेहार : 5 फरवरी को मुख्य सचिव के द्वारा विकास योजनाओं की समीक्षा को लेकर वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक की सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य सचिव के द्वारा आहूत बैठक में मिले एजेंडा की विभागवार जानकारी ली एवं जिले में चल रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा कर पदाधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, खान सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग, मनरेगा, आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ,विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलों झानो आशीर्वाद योजना आदि के तहत चल रहे कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यो में गति देते हुए ससमय लक्ष्य के अनुरूप कार्य को पूर्ण करने को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगे उन्होंने प्रखंडवार तरीके से आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि जल्द से जल्द मामलों का निराकरण करते हुए उपायुक्त कार्यालय को प्रगति प्रतिवेदन समर्पित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा,अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, डीएसओ बंधन लांग, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी अजय कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम सचिन साहू समेत विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे।

लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक, आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

लोहरदगा : जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में कार्यकारी अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में कि गई इस बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी समेत सभी प्रखंड अध्यक्ष अग्रणी मोर्चा के अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उपस्थित हुए बैठक में आगामी 11 फरवरी को कांग्रेस पार्टी के राज्य उपनिर्वचन पदाधिकारी जितेंद्र कसाना जी का आगमन कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में समय 10:30 बजे होना सुनिश्चित हुआ है। निर्धारित कार्यक्रम में जिला के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी प्रखण्ड अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है। सुखैर भगत ने बताया कि जितेन्द्र कसाना जी कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे साथ ही साथ कांग्रेसियों को डिजिटल सदस्यता अभियान के संदर्भ में आवश्यक जानकारी देंगे लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी पूरे जिला में 50 हजार लोगो को कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। उसी दिन बूथ के अध्यक्षों को डिजिटल सदस्यता अभियान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से हाजी शकील अहमद, नेसार अहमद, जगदीप भगत, जफर खान,तनवीर गौहर, प्रदीप विश्वकर्मा, विरमत भगत, आजाद खान, हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, इमरान आजाद अंसारी, परवेज सिद्दकी, ठाकुर प्रसाद, अनिस खान, सामूल अंसारी, जमील अंसारी, सद्गुल अंसारी, संगीता उरांव, दीपक महतो, संतोष महतो, कृष्णा उरांव, मुनीम अंसारी, सद्दाम हुसैन, कमरूल इस्लाम, सूरज मुंडा, बबलू खान, मुस्ताक अहमद, मोजाहिर अंसारी, जयवंत कुजूर, नसीम अंसारी, बुधवा उरांव, इंतेखाब अंसारी, नाजिम आलम, सोहराब अंसारी, मनीष कुजूर, अमनी उरांव, सनाउल्लाह सना, आदि मौजूद थे।

विष्णु दयाल राम ने रेल मंत्री से की मुलाकात

रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं व बंद पड़ी ट्रेनों का पुनः परिचालन करने का किया अनुरोध

मेदिनीनगर पलामू : श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक परियोजना गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटेनगंज रेलवे लाइन के निर्माण और दूसरी परियोजना बरवाडीह-चिरिमीरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण से संबंधित है। दोनों रेल परियोजना में एक समानता है और वह है कई किलोमीटर तक दोनों परियोजनाओं में रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। इन दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च भी हो चुके हैं परंतु वर्षों से उस पर कार्य होना बंद हो गया है। इन दोनों रेल परियोजनाओं का पूर्ण कराने का कार्य करें जिससे न केवल मेरे क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी। साथ ही साथ नई दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर स्टॉपेज, सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का मोहम्मदगंज स्टेशन पर स्टॉपेज, रांची वाराणसी इंटरसिटी का बरेली/लखनऊ तक विस्तार, शक्तिपुंज एक्सप्रेस का जबलपुर होते मुंबई तक विस्तार करने एवं बरकाकाना वाराणसी (बीडीएम) पैसेंजर ट्रेन संख्या-63557/63558 का पुनः परिचालन प्रारम्भ करने की मांग किया। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 के कारण बंद पड़ी कतिपय ट्रेनों का परिचालन प्रारम्भ हो गयी है, परन्तु लाइफ लाइन कहीं जाने वाली बरकाकाना वाराणसी (बीडीएम) पैसेंजर ट्रेन संख्या-63557/63558 का परिचालन प्रारम्भ नहीं हो सकी है।

विदित है कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चियांकी स्टेशन लेकर कजरात नावाडीह स्टेशन तक लगभग 16 स्टेशनों को होकर चलने वाली उक्त ट्रेन का परिचालन नहीं होने के कारण यात्रियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। माननीय सांसद ने बताया कि उपरोक्त मांगों पर माननीय रेल मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए रेलवे परियोजनाओं का निर्माण यात्रियों के आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए ट्रेनों का स्टॉपेज, विस्तार, एवं बंद पड़ी ट्रेनों का पुनः परिचालन से संबंधित अविलंब निर्णय करने की बात कही है।

एक नजर में

निविदा में 10 प्रतिशत तक ही दर लागू करे सरकार : आलोक

लोहरदगा : लोहरदगा कांग्रेस नेता आलोक साहू ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर झारखंड में पहले की तरह निविदा में 10 प्रतिशत तक ही न्यूनतम दर लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अभी वर्तमान में कोई भी विकास योजना का निविदा निकलता है तो संवेदक 25 से 30 प्रतिशत तक न्यूनतम दर (छीस२) में डालकर योजना ले ले रहे हैं लेकिन कार्यों में गुणवत्ता नहीं रहता है। स्टीमिट के विपरीत कार्य होने के कारण योजना समय सीमा से पहले ही खराब हो जा रहा है। इस कारण जनता को काफी नुकसान हो रहा है साथ ही साथ प्रतिस्पर्धा के कारण संवेदक 25 से 30 प्रतिशत (छीस२) में काम ले रहे हैं उन्हें भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है जो राज्यहित में न्यायोचित नहीं है। पहले निविदा में 10 प्रतिशत से ज्यादा न्यूनतम दर(छीस२)में काम नहीं लेने का प्रावधान था। मुख्यमंत्री को अविलंब राज्य में चल रहे विकास कार्यो में गुणवत्ता बनी रहे उसके लिए पहले की तरह निविदा में 10 प्रतिशत तक ही न्यूनतम दर लागू करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

मुरलीधर शुक्ला सेवा निवृत्त शिक्षक का दाह संस्कार सम्पन्न

मेदिनीनगर पलामू : आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव विकेश शुक्ला के पिता मुरलीधर शुक्ला का अन्तिम संस्कार ओरंगा नदी के तट पर रांकी कला गांव में कि गई। 82 बर्ष के उम्र मे 3लडके 2 लड़की समेत दर्जनों नाती पोता से भरापूरा परिवार को छोड़कर चले गए। घाट पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार, ईन्तयाज अहमद नजमी विजय मेहता संतन मेहता तुलसी शुक्ला संजु सिंह छोटू उपाध्याय शक्ति सिंह नरेन्द्र पांडेय अधिवक्ता जय किशोर पाठक अधिवक्ता प्रेम कान्त तिवारी कुलबुला दुबे मुखिया प्रमुख समेत काफी संख्या में समाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल थे।

सतगांवा में लगा ट्रांसफार्मर लोगों में खुशी

हरिहरगंज पलामू : हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत सतगांवा मोहल्ला में नया ट्रांसफार्मर विभागीय स्तर पर लगा दिया गया है। नया ट्रांसफार्मर लगने व विद्युत आपूर्ति बहाल होने से मुहल्ले वासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। बताते चले कि पहले से लगे ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण मुहल्ले के लोग बिजली की समस्या से जूझ रहे थे। मोहल्ले वासियों ने इसकी जानकारी समाजसेवी सह हरिहरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी राजीव रंजन को दिया था। जिसे लेकर श्री रंजन ने विद्युत विभाग के पदाधिकारियों से बात कर 100 केवीए के ट्रांसफार्मर को बदलने का अनुरोध किया था। बिजली विभाग की टीम ने तत्परता दिखाई और 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। नया ट्रांसफार्मर लगने से मुहल्ले में खुशी की लहर दौड़ गयी। मोहल्ले वासियों ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए राजीव रंजन के प्रति आभार प्रकट किया है। आभार प्रकट करने वालों में गौतम कुमार, संतोष पासवान, विजय राम, उमेश राम, अमित शर्मा, लवकुश पासवान, विक्की स्वर्णकार, राजेश पासवान, चंदन पासवान, मोहित कुमार, सौरभ गुप्ता, मो अख्तर अंसारी, फैजुल हुसैन, गोल्डन, नवाजिश, दानिश आदि का नाम शामिल है। (5)

पाप के विरुद्ध संग्राम के साथ 12 को नीलकंठ दिवस

मेदिनीनगर पलामू : आनंदमार्ग के सदस्य 12 फरवरी को नीलकंठ दिवस मनाएंगे। नई मुहोल्ला व अवादगंज स्थित जागृति में 3 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन होगा। नारायण सेवा, जरूरतमंदों को वस्त्र और कैम्प लगाया जाएगा। पलामू यूनिट के भुक्ति प्रधान मधेश्वर देव ने कहा की आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी को बिहार के पटना बांकीपुर केन्द्रीय कारागार में 12 फरवरी 1973 को दवा के नाम पर विष का दिया गया था। अपने ही अनुयायियों की हत्या करवाने के झूठे आरोप में इंदिरा सरकार की तानाशाही व्यवस्था ने आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी को गिरफ्तार कर बांकीपुर जेल भेज दिया गया। एक सेल में बंद अस्वस्थ वातावरण में बहुत दिनों तक रहने से बीमार पड़ना स्वाभाविक था। जेल के अंदर बाबा बीमार पर गए उस समय जेल के चिकित्सक डॉ एच.के.घोष थे। जान बूझकर सरकार ने डॉ घोष को बदलकर एक दूसरे चिकित्सक डॉ रहमतुल्ला खान को ले आया। श्री श्री आनंदमूर्ति जी बाबा उस समय काफी बीमार चल रहे थे। 12 फरवरी को काफी बीमार पड़ गए 11 बजे रात को डॉ रहमतुल्ला खान ने बाबा को दवा के नाम पर विष का कैप्सूल दिया। फिर क्या था बाबा बेहोश हो गए, उनके शरीर सिकुड़ने लगे, आँखों की रौशनी चली गयी, शरीर दुर्बल हो गया, मस्तिष्क में असहनीय पीड़ा एवं निष्क्रियता का बोध होने लगा। बाबा की किसी तरह जान बच गई। इसी उपलक्ष्य में संस्था के लोग पाप के विरुद्ध संग्राम के साथ इस तिथि को हर साल नीलकंठ दिवस के रूप मनाते हैं।

स्कूल नहीं खुले तो आंदोलन : अविनाश

मेदिनीनगर पलामू : राज्य सरकार के आदेश के निमित्त सभी कोटी के विद्यालयों को खोलने के तहत कनीराम चौक स्थित जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल में बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ 22 महीनों के बाद पठन-पाठन के कार्य शुरू किए गए। आज उसी के निमित्त पहली पाली में विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत करते हुए एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि जीसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा, पीएसए के सचिव दिव्यांदु गुप्ता ,कोषाध्यक्ष आनंद कुमार एवं दायित्व ट्रस्ट की सदस्या पिंकी वर्मा उपस्थित थी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षकों के साथ आगंतुक तमाम छात्र-छात्राओं पर फूलों की वर्षा के साथ स्वागत करते हुए उन्हें तिलक लगा बेहतर कल की कामना की। विद्यालय के साथ सभी कक्षाओं को रोचक ढंग से सजाते हुए संक्षिप्त कार्यक्रम में स्वागत गान के साथ उपस्थित लोगों ने अपनी अभिव्यक्ति को व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एव एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य अजय श्रीवास्तव ने अविनाश वर्मा को पूरे करोना काल में विद्यालय हित में संघर्ष करने एवं आंदोलन के माध्यम से विद्यालय खुलवाने में मुखर रहने के लिए पुष्पगुच्छ और शॉल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अविनाश वर्मा ने विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्वागत कार्यक्रम के लिए प्रबंधन को धन्यवाद दिया और विद्यालय खुलने का सारा श्रेय कोरोना के दर में गिरावट को दिया। वर्मा ने कहा की 2 वर्षों के इस काल में सभी ने कुछ न कुछ खोया है जबकि कई अनुभव भी प्राप्त हुए हैं जो भविष्य के लिए कारगर है, अब इस माहौल में एक बेहतर कल का निर्माण करना है और बच्चों की जो पढ़ाई बाधित हुई है उसे तीव्र गति से पूरा करने के साथ अपने स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना है। वर्मा ने कहा की राज्य के अन्य 7 जिलों के भी स्कूलों को सरकार खोलें अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांदु गुप्ता ने भी विद्यालय खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की जबकि आनंद कुमार ने विद्यालय को अपने काउंसलिंग क्लासेस के माध्यम से हर संभव सहयोग करने का वायदा किया। कार्यक्रम में उपस्थित ट्रस्ट की सदस्या पिंकी वर्मा ने स्वर्गीय लता मंगेशकर को याद करते हुए उनकी गीतों को दोहराया जो मासूम बच्चों के लिए समर्पित है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय लता मंगेशकर की याद में 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया। आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बंदना सिन्हा,चंदा सिन्हा, सुदामा प्रसाद, शांति सिंह, मेनका सिंह,अनित कुमारी, अर्चना कुमारी, नित्या राज, सविता देवी, उमा देवी, गोपाल कुमार समेत सभी बच्चे और सहकर्मी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत 12 मार्च को, तैयारी शुरू

मेदिनीनगर पलामू : नालसा के निदेर्शानुसार व झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के द्वारा 12 मार्च शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के द्वारा बुधवार को बैंककर्मी व अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। व लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण में सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौता योग्य सभी वादों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैंक संबंधी मामले, एन आई एक्ट, वसूली संबंधित मामले ,सुलहनिय अपराधिक मामले, मोटरयान दुर्घटना संबंधी दावे, कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित मामले, जमीन अधिग्रहण संबंधित मुकदमें, बिधुत, जल संबंधित मामले, दीवानी मुकदमा, विचाराधीन तथा मुकदमे के पूर्व के मामले, माप तौल विभाग के मामले आदि का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत विवाद निपटारा का एक सशक्त मंच है। लोक अदालत में विवादों का त्वरित निपटारा किया जाता है।यहाँ सर्वमान्य समाधान तथा अदालत में अदा की गई फीस के लौटाए जाने को सुनिश्चित करता है । उन्होंने कहा कि किसी न्यायालय या कार्यालय में विचाराधीन मामला है और पक्षकार मामले का निस्तारण कराना चाहते हैं तो 12 मार्च को व्यवहार न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले का निस्तारण करा सकते है।

हिंडालको से प्रदूषण व शोषण के विरुद्ध झामुमो का धरना प्रदर्शन 15 को

लोहरदगा : झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि आगामी 15 फरवरी, दिन मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला समिति के के तत्वावधान में हिंडाल्को कंपनी के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन हिंडाल्को गेट पर किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के माध्यम से हिंडाल्को कंपनी से मांग किया जाएगा कि अपनी अड़ियल रवैया से बाज आ जाय, नहीं तो अबकी बार झमुमो हिंडाल्को कंपनी एवं संबद्ध सभी कंपनी यहां के जनता के साथ शोषण कर रही है। सभी के गेट पे ताला बन्दी किया किया जाएगा। जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी यहां के स्थानीय पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं को रोजगार दे एवं शहर के बीचों बीच बने डंपिग यार्ड जो लगा हुआ है, उसे अविलंब हटाने का काम करें। झामुमो जिला समिति के तरफ से अन्य जो मांग की गई है जनता का हित को देखते हुए उसे पूरा करे। उन्होंने कहा कि हिंडालको कंपनी स्थानीय लोगों को दरकिनार कर बाहरी लोगों को रोजगार दे रही है। जो यहां के पढ़े-लिखे युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया जा रहा किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा हिंडालको कम्पनी सिर्फ यहां के खनिज संपदा को लूट कर अपना पेट भरने का काम कर रही है। अपने खनन क्षेत्र में आमजन को जो सुविधाएं देनी है, नहीं देकर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। साथ ही शहर के बीचों बीच डंपिग यार्ड होने के कारण शहर में प्रदूषण बढ़ रहा और लोग साँस संबंधी बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं, जो काफी चिंता का विषय है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि शहर के बीच में डंपिंग यार्ड होने के कारण आये दिन एक्सीडेंट होती है और लोगो की जान जा रही है। रिहायशी इलाके से होकर रोपवे गुजरती है, जिससे आए दिन लोगों के जान-माल को नुकसान कर रही है। हिंडाल्को के अधिकारी हमेशा आश्वासन देते हैं, लेकिन कभी भी जनता के हित में कार्य को अंजाम नहीं देते हैं। मजबूर होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा को हिंडाल्को के खिलाफ आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है। यदि इस पर भी कंपनी जनता का शोषण और प्रदूषण फैलाने तथा स्थानीय लोगों को बेरोजगार करने से बाज नहीं आती है, तीखा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही हिंडाल्को प्रबंधन की होगी।

हवन यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दी गयी आहूति

पांकी पलामू : पांकी विधानसभा क्षेत्र में दो दिनों से चल रहे माता सरस्वती की आराधना पूजा हवन यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहूति दी गई। तथा बच्चे व लोगों द्वारा मां सरस्वती की वंदना एंव भारत माता की जय और वंदेमातरम का उद्घोष किया गया। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मनाए जा रहे सरस्वती पूजा के उपलब्ध में कई तरह के झांकिया भी बनाए गए थे।मालूम कि पांकी प्रखंड के कोनवाई में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञान मेला का आयोजन किया गया था जिसमें शिक्षक स्थानों व चौक-चौराहे पर मनाए जा रहे सरस्वती मा की प्रतिमा सहित अपने-अपने झांकिया को प्रदर्शन करने के लिए लाया गया।बताते चलें कि कोनवाई के संतोषी क्लब गोड़ियारी द्वारा भी बहुत सुंदर तरीका से बनाकर झांकी प्रदर्शन को लेकर लाया गया। ज्ञान मेला में झांकी प्रदर्शन के साथ-साथ कई सदस्य कल्बों द्वारा कला की प्रस्तुति भी किया गया।साथ ही ज्ञान मेला में आयोजित कताओं व मौके पर मौजूद लोगों द्वारा मुर्ति व कला के अनुसार सदस्य कल्बों को पुरस्कार भी दिया जाता है। कोनवाई में लगे ज्ञान मेला को देखने के लिए जिले के विभिन्न स्थानों के लोगों भी आए।और ज्ञान मेला में प्रस्तुत किया गया झांकियो को देखते हुए आनंनद लिए।प्रखंड के सूड़ी पंचायत के समाजसेवी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि ज्ञान मेला का आयोजन प्रत्येक वर्ष सरस्वती पूजा के विसर्जन के दिन होता है। इसकी शुरूआत सन 1998 ई० में स्वर्गीय ठाकुर साहब के अति उत्तम सोच के कारण हुआ। 20 जून 1999 ईस्वी को परम आदरणीय ठाकुर साहब की नृशंस हत्या एमसीसी उग्रवादियों के द्वारा कर दिया गया। जिनकी याद में आज भी सरस्वती पूजा के विसर्जन के दिन कोनवाई बाजार में स्थानीय लोगों के साथ साथ दूरदराज के लोग भी अपने - अपने प्रतिभा व कला को निखारते हुए ज्ञान रूपी झांकी एवं माँ के प्रतिमा के साथ प्रस्तुत होते हैं। गजब का जनसैलाब इस ज्ञान मेला में उमड़ता है। कोई व्यक्ति साल में कभी भी कोनवाई बाजार में आए या ना आए, परन्तु ज्ञान मेला के दिन किसी भी सूरत में अपने कामकाज को छोड़कर के अद्भुत दृश्य को देखने पहुंच जाते हैं। यदि कोई व्यक्ति किसी कारण से नहीं आ पाए तो उसकी जानकारी किसी न किसी रूप से लेने के लिए कौतूहल में रहते हैं। ज्ञान मेला में शिक्षा से जुड़ा हुआ अनेक प्रकार की झांकी जो सोच से भी कई गुना ऊपर हो, ले कर आते हैं।

जिसकी परिकल्पना भी हमलोग नहीं कर पाते हैं। ज्ञान मेला ग्रामीण स्तर का ऐसा ऐतिहासिक मेला है जो झारखंड ही नहीं, भारत देश में भी ऐसा कार्यक्रम नहीं होता है । ज्ञान मेला से इस क्षेत्र के बच्चों को सरस्वती पूजा के आगमन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। सरस्वती पूजा भी बहुत धूम-धाम से मनाया जाता है।इस मेला में क्या बच्चे, बूढ़े,नौजवान या माताएँ - बहनें सभी लोग भाग लेते हैं। इस मेला में अनुशासन (डिसिप्लिन) भी बहुत मायने रखता है।इस प्रकार कोनवाई में देर शाम तक ज्ञान मेला लगा रहा व अनेकों झांकी क्लबों द्वारा मूर्ति विसर्जन का कार्य भी रात्रि तक देखा गया।

अधिवक्ता भवन की है जरूरत, पूर्व मंत्री ने 5 लाख देने की घोषणा की

मेदिनीनगर पलामू : पलामू जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय परिसर में मंगलवार को राज्य के पूर्व मंत्री और विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने भवन निर्माण कार्य के लिए आर्थिक सहयोग की घोषणा की। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों और अधिवक्ता गण के बीच पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि जिला मुख्यालय में एक सुसज्जित अधिवक्ता भवन की जरूरत है। उन्हें यह जानकारी है कि वकीलों के साथ दूर दराज से आने वाले लोगों को यहां कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वे फिलहाल 5 लाख रुपए की अनुशंसा कर रहे हैं। कार्यवाही के लिए डीडीसी को संबंधित पत्र निर्गत कर रहे हैं। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा की उनका एक ही सपना है कि सभी अधिवक्ता के करता करने के लिए एक बेहतर वातावरण सुनिश्चित करना। इसी कड़ी में एक सुसज्जित बार भवन का निर्माण कार्य के लिए नक्शा आदि की कार्यवाही कर ली जा चुकी है, अब अमलीजामा पहनाना है। पूर्व मंत्री ने इसकी शुरूआत कर दी है। जल्द ही इस दिशा में कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। मौके पर वरिष्ट अधिवक्ता एसएसपी देव, अकबूतनन्द अखौरी, उपाध्यक्ष मंधारी दुबे, संयुक्त सचिव प्रशासन अजय कुमार पांडेय, सह कोषाध्यक्ष रामप्रवेश रजक, कार्यसमिति सदस्य मनमोहन सिंह, वीरेंद्र कुमार तिवारी, ललित कुमार शुक्ला, अश्विनी त्रिपाठी, सत्यप्रकाश दुबे और विद्यासागर नित्यानंद सहित कई अधिवक्ता शामिल थे।

डीसी के साथ विकास प्राधिकार की बैठक में टाना भगतों के विकास पर खर्च होगी राशि

लोहरदगा : उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो की अध्यक्षता में आज टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा भूमि संरक्षण पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि टाना भगतों की ओर से आठ आवेदन ट्रैक्टर के लिए प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों की जांच टाना भगत समुदाय के साथ मिलकर कर ली जाय। ट्रैक्टर में लाभुक का अंशदान 10 प्रतिशत टाना भगत विकास प्राधिकार की राशि से वहन किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि टाना भगतों की ओर से जो आवेदन पंपसेट के लिए प्राप्त हुए हैं उन आवेदनों की जांच कर ली जाय। सर्वे करा लें कि किन लाभुक के पास पानी की सुविधा है और कृषि कार्य करने के लिए ही उक्त पंपसेट का उपयोग किया जाना है। जो सक्षम होंगे वह पंपसेट के लाभुक का अंशदान भुगतान करेंगे। लाभुक के द्वारा भुगतान नहीं किये जाने पर वह लाभुक का अंशदान टाना भगत विकास प्राधिकार की राशि से भुगतान किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी को टाना भगत समुदाय के किसानों के बीच गरमा मूंग की खेती के लिए बीज वितरण का निदेश दिया गया। जिला गव्य विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि टाना भगतों की ओर से गो-पालन के लिए प्राप्त आवेदनों में से यह जांच कर ली जाय कि कितने लाभुकों को अब तक गाय नहीं मिल सका है। जो लाभुक अब भी वंचित हैं उन्हें गाय देने की कार्रवाई की जाय। समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को निदेश दिया गया कि टाना भगत समुदाय के कोई व्यक्ति अगर वृद्धावस्था पेंशन/विधवा पेंशन के योग्य हैं तो उन्हें वह लाभ दिया जाय। कोई भी योग्य व जरूरतमंद टाना भगत माननीय मुख्यमंत्री के महत्वकांक्षी योजना सर्वजन पेंशन योजना से वंचित ना रहे। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अगर किन्हीं टाना भगत परिवार का नाम राशन कार्ड की सूची से कट गया है या अब तक वंचित है, वैसे परिवार का नाम राशन कार्डधारी की सूची में जोड़े जाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर नाम सूची में जोड़े जाने की कार्रवाई की जाय। डीप बोरिंग के लिए प्राप्त आवेदनों के संदर्भ में उपायुक्त द्वारा भूमि संरक्षण पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि लाभुकों का चयन कर लें। लाभुक का अंशदान टाना भगत विकास प्राधिकार की राशि से भुगतान किये जाने का निर्णय बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। टाना भगत समुदाय के बच्चों को कंप्यूटर का सर्टिफिकेट कोर्स की सुविधा मुहैया कराने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सेन्हा के झालजमीरा पंचायत स्थित जामुनडीपा में निर्मित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में टाना भगत सामुदाय के बच्चों समेत अन्य बच्चों को भी कंप्यूटर का सर्टिफिकेट कोर्स की सुविधा दी जायेगी। इस संदर्भ में आवश्यक निदेश जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को दिये गये।

बैठक में उप विकास आयुक्त अखौरी शशांक सिन्हा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, भूमि सुधार उपसमाहर्ता मनीषा तिर्की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सरिता टाना भगत, रामचंद्र टाना भगत समेत अन्य उपस्थित थे।

धजवा पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति का राजभवन के सामने महाधरना, राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा

उटांरी रोड पलामू : पलामू जिले के पांडू प्रखंड के बरवाही गांव में लगातार 84 दिनों से आंदोलनरत धजवा बचाओ संघर्ष समिति के आंदोलनकारियों ने राजभवन के सामने झारखंड जनाधिकार महासभा द्वारा आयोजित एकदिवसीय महाधरना में शामिल होकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा. संपूर्ण प्रदेश के लगभग 200 जन संगठनों ने इस महा धरना में हिस्सा लिया। इस महाधरना मे मुख्य रूप से राज्य के पुलिस व सुरक्षा बलों के दमनकारी रवैया, मानवाधिकार मामलों के उल्लंघन व अवैध खनन के विरोध व्यक्त करते हुए माननीय राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा गया। धजवा पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति ने अपने ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल को बताया कि फर्जी लीज के माध्यम से धजवा पहाड़ का अवैध खनन हो रहा है जिसके विरोध में पिछले 83 दिनों से ग्रामीण आंदोलनकारी धजवा पहाड़ को बचाने के लिए आंदोलनरत हैं फिर भी झारखंड सरकार एवं पलामू प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। समिति के सहयोगी संगठन के रूप में शामिल जन संग्राम मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष युगल किशोर पाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जंगल एवं पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध हमारे झारखंड को सरकार पूंजीपतियों के हाथ में बेचकर राज्य को जंगल विहीन एवं बंजर बनाना चाहती है जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं एवं जल जंगल जमीन बालू एवं पहाड़ बचाने को दृढ़ संकल्पित हैं। समिति के अरविंद पाल ने कहा की जब तक धजवा पहाड़ का फर्जी लीज रद्द कर संवेदक के ऊपर कानूनी कार्रवाई नहीं हो जाता एवं आंदोलनकारियों पर से फर्जी मुकदमा वापस नहीं हो जाता तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। महाधरना में धजवा पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति के अलावे जन संग्राम मोर्चा, सीपीआईएमएल (भाकपा माले), सीपीआईएमएल (रेड स्टार), मूलनिवासी संघ, एससी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी एकता मंच, सर्वहारा जन संघर्ष मोर्चा, फूलन देवी विचार मंच, हुल झारखंड क्रांति दल, झारखंड क्रांति मंच, पीपीआई, युवा पाल महासंघ गढ़वा, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईसा) एवं राज्य भर के कई अन्य जन संगठनों ने हिस्सा लिया।

नौ दिव्यांगों का बना विकलांग प्रमाण पत्र

उंटारी रोड : युवा समाजसेवी सह झामुमो नेता अजय कुमार गुप्ता ने अपने क्षेत्र ऊंटारी रोड प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न गावों के 9 दिव्यांग भाईयो को अपने साथ मेदिनीनगर सदर अस्पताल ले जाकर विकलांग प्रमाण पत्र बनवाया। झामुमो नेता अजय गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई दिव्यांग भाइयों से मुलाकात के बाद विकलांग प्रमाण पत्र नहीं बनने का शिकायत किया था जिसके बाद समाजसेवी गुप्ता ने दिव्यांग भाइयों को भरोसा दिलाया कि आपलोग का विकलांग प्रमाण पत्र अवश्य बनवाऊंगा। जिसको लेकर सदर अस्पताल मेदिनीनगर के चिकित्सक से संपर्क कर विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने का काम किया। जिसे दिव्यांग भाइयों ने समाजसेवी सह झामुमो नेता अजय कुमार गुप्ता को कोटि कोटि साधुवाद दिया है और काफी प्रसन्न हुए। (1)

खरौंधी ने केतार को हराकर जीती ट्रॉफी

केतार : प्रखंड के लोहिया समता उच्च विद्यालय के ग्राउंड में नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में खरौंधी ने केतार (लोहरगाडा.) को 1-0 से हराकर टूनार्मेंट को अपने नाम किया। थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि, विधायक प्रतिनिधि हेमंत पाठक व विक्रमा सिंह ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी वितरण किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि केतार जैसे सुदुरवर्ती स्थानों पर खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन होने से इस क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति लगाव होगा। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से युवा अपने पहचान बनाते हुए बुलंदियों को छू सकते हैं। पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है, खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। मौके पर दिलेश गुप्ता, सोनू सिंह, गौतम पाल, नेहरू युवा केंद्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक रंजना सिंह, प्रदीप यादव, नीरज कमलापुरी, बिट्टू सिंह आदि लोग मौजूद थे।

प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन

मेराल : प्रखंड अंतर्गत गोंदा पंचायत के बाना महुआ के समीप ग्राउंड में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट गोंदा का उद्घाटन गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, थाना प्रभारी लाल बिहारी प्रसाद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा बॉल को हिट कर किया। उद्घाटन मैच लावाही बनाम हासनदाग के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए हासनदाग की टीम निर्धारित ओवर में 120 रन बनाए, जवाबी पारी खेलने उतरी लवाही की टीम ने 37 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। हासनदाग की टीम ने मैच को आसानी से जीत लिया। मौके पर पूर्व विधायक श्री तिवारी ने कहा ग्रामीण क्षेत्र मे इस तरह के टूनामेंट के आयोजन से गांव में छुपे प्रतिभावान खिलाड़ी निखर कर राज्य तथा राष्ट्र स्तर पर अपना पहचान बनाते हैं। उन्होंने टूनामेंट में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को समर्पण के साथ खेल भावना से अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले पंचायत के मुखिया प्रकाश कुमार अरुण के द्वारा आयोजक मंडली को बैट, बॉल, पैड, विकेट, हेलमेट आदि खेल सामग्री देकर सभी का उत्साह बढ़ाया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, रिंकू तिवारी, बीडीसी दिनेश ठाकुर, अमित कुमार, सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी थे।

गुमटी का ताला तोड़ किराना सामान की चोरी

हरिहरगंज पलामू : पिपरा थाना क्षेत्र के दमवा मोड़ स्थित गुमटी को मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर किराना सामान की चोरी कर ली। पिड़ीत दुकानदार वेदव्यास कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना में करीब बीस हजार रुपया मूल्य की सामान व नगदी चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना की सूचना पिपरा थाना को दे दी गई है। उधर ग्रामीणों का कहना है कि इधर आए दिन चोरी की घटना थाना क्षेत्र में बढ़ गई है।

स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी: मैनक

हिन्डालको ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

मेदिनीनगर : हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर पाटन मोड़ से अमानत नदी पुल तक स्वच्छता अभियान चलाया. इसकी शुरूआत कंपनी के वीपी मैनक चक्रवर्ती ने किया. इस अभियान में कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पाटन मोड़ से अमानत पुल के बीच सफाई कार्य किया। मौके पर वीपी श्री चक्रवर्ती ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को गंदगी मुक्त बनाने के लिए स्वच्छता अभियान की जो शुरूआत की गयी उस अभियान को सफल बनाने के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है। कोई भी अभियान सामूहिक प्रयास से ही सफल हो सकता है। वीपी श्री चक्रवर्ती ने कहा कि खुद के साथ साथ परिवार व समाज को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छता जरूरी है। गंदगी बीमारियों का जड़ है। हम बीमार न पड़े इसके लिए खुद की सफाई के साथ साथ आस पास के इलाके को साफ सुथरा रखना सबको जिम्मेवारी लेना चाहिए। अक्सर देखा जाता है कि बीमारी के कारण ही लोग आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। यूनिट एच आर हेड अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि कंपनी इस अभियान को लगातार चलाएगी। खनन क्षेत्र के परिधि में आने वाले गाँव के अलावा विद्यालयों में भी स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी केवल व्यवसाय नहीं करती है बल्कि अपने कार्य क्षेत्र के लोगों के सर्वांगीण विकास के प्रति भी संवेदनशील रहतीं है। सीएसआर हेड विजय तिवारी ने कहा कि अस्पताल में जाने से बचने के लिए स्वच्छता जरूरी है। कंपनी गाँव में समूह के महिलाओं के साथ बैठक कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम कर रहीं हैं। कंपनी द्वारा ईख के जूस विक्रेताओं को डस्टबिन देकर जो डस्टबिन का नियमित प्रयोग करने के लिए कहा गया। इस मौके पर विजय तिवारी, विशाल कश्यप, अमरेन्द्र सिंह,संजय कुमार सिंह, जयंत शुक्ला, गौतम सिन्हा, अनीता, सुहानी, प्रिंस, रामप्रवेश सहित कई लोग मौजूद थे।

स्व. अमरनाथ सिंह की याद में सरस्वती मूर्ति विसर्जन के दिन लगता है ज्ञान मेला

पांकी : प्रखंड के कोनवाई बाजार के मैदान में सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन सोमवार को ज्ञान मेला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न जगहों से आए झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मुख्य अतिथि ने ज्ञान मेला में झांकी को पुरस्कृत किया गया। मेला में झांकी देखने के लिए काफी दूर-दूर से लोग पहुंचे थे। भीड़ से पूरा मेला पट गया था। वहीं मेला में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठाकुर साहब के पुत्र अरविंद सिंह समाजसेवी साथ ही छोटे पुत्र ध्रुव कुमार सिंह ने अपने ग्रामीण नौजवानों द्वारा शांति व्यवस्था को लेकर कड़ी नजर रखी गई। इसके पूर्व अतिथियों ने स्वर्गीय अमरनाथ सिंह उर्फ ठाकुर साहब व पूर्व मंत्री मधु सिंह के प्रतिमा को माल्यार्पण किया। पांकी पार्षद पुदीना कुंवर द्वारा कहा गया कि मैं अपनी अंतरात्मा कहती हूं आज नहीं हैं ठाकुर साहब इस दुनियां में पर उनके द्वारा लगाया गया ज्ञान मेला आज भी यादें जीवित कर देती है। इस तरह के ज्ञान मेला के आयोजन से लोगों के बीच ज्ञान सीखने का मौका मिलता है। कनवाई के विभिन्न टोला व पंचायत से झांकियां की प्रदर्शन की गई। इस मेला में जनरल बिपिन रावत का रूस में बना हेलिकॉप्टर क्रैश कैसे हुआ था झांकी के माध्यम से कोनवाई मध्य हरिओम नगर विशाल युवा संघ ने प्रदर्शित किया। इसे प्रथम इनाम देकर कमेटी के लोग ने नौजवानों को सम्मानित किया। कार्तिकेय मोर पर सवार होकर पृथ्वी परिक्रमा पर चले थे। इसे मोहड्ड़ के युवा क्लब द्वारा किया गया प्रदर्शन। साथ ही कामधेनु गाय का दूध अमृत के समान माना जाता था, यह दैवीय गाय स्वर्गलोक में रहती।

आठ सौ किसानों के बीच पपीता के पौधे किया गया वितरण

नावा बाजार पलामू : जिला उद्यान कार्यालय पलामू के द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत नावा बाजार के पंडवा मोर कार्यालय में बुधवार को चयनित 800 सौ लाभुकों के बीच पपीता का पौधा, नावा बाजार जिला पार्षद अनुज राम के द्वारा वितरण किया गया। उक्त मौके पर जिला पार्षद अनुज राम ने कहा कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन के द्वारा फलदार उन्नत पौधे पपीता का किसानों के बीच दिया जा रहा है। ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सके।

कार-ट्रक की टक्कर में कार चालक समेत कई लोग घायल

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार औरंगाबाद मेदनीनगर मुख्य पथ एनएच 98 पर बुधवार को तुकबेरा पेट्रोल पंप समिप कार ने बड़ी ट्रक में जोरदार टक्कर मारी,जिससे कार चालक समेत कई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, वही ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायल व्यक्ति को दुसरे वाहन से बेहतर इलाज के लिए मेदनी नगर एम एम सी एच हास्पीटल में भेज दिया गया है। जहां खतरा से बाहर हैं। घटना तब घटी जब छतरपुर हास्पीटल के स्टाफ बीपीएम समेत कई लोग कार से नशा के हालत मे मेदनी नगर जा रहे थे। तभी तुकबेरा पेट्रोल पंप समीप एनएच 98 पर सामने से आ रही बड़ी ट्रक में जोरदार टक्कर मारी जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

होटल सुरभि एंड रेस्टोरेंट्स हॉल का हुआ उद्घाटन

हरिहरगंज पलामू : प्रखंड के मेन रोड एनएच 98 बेलौदर मोड़ स्थित होटल सुरभि एंड रेस्टोरेंट्स सह मैरिज हॉल का उद्घाटन बुधवार को हरिहरगंज हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि शहर में ऐसे होटल एण्ड रेस्टोरेंट की जरूरत थी। जो लोगों की अपेक्षाओं को पूरा कर सके। साथ ही कहा कि शादी समारोह के लिए बेहतर मैरिज हॉल होने से लोगों को सहूलियत होगी। वही प्रो डॉ जगनारायण यादव ने कहा कि शहरवासियों को शादी समारोह, जन्मदिन व सभा समारोह कर सकते हैं।

एक नजर

चिनियां में मंत्री का अभिनंदन

गढ़वा : जिले के चिनियां प्रखंड में बुधवार को भूमि पूजन एवं षिलान्यास कार्यक्रम के दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकताओं ने मंत्री के स्वागत में जमकर आतिषबाजी की। साथ ही बड़ा माला पहनाकर मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मांदर की थाप पर मंत्री का स्वागत किया गया। स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत की। कई लोगों ने बुके देकर भी मंत्री का स्वागत किया। चिनियां प्रखंड में विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया।

गढ़वा से बिहार जा रही शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

गढ़वा : बिहार के सीमा पर स्थित झारखंड के गढ़वा से बिहार में शराब सप्लाई बड़े पैमाने की जाती है। मंगलवार की देर रात गढ़वा के एक होटल से भारी मात्रा में देषी-विदेशी शराब सप्लाई की जानी थी। लेकिन सप्लाई से पहले उत्पात विभाग को सूचना मिली और छापेमारी की। इस छापेमारी में दर्जनों पेटी शराब बरामद करने के साथ साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। झारखंड से बिहार में शराब की तस्करी लगातार हो रही है। गढ़वा और पलामू जिले बिहार से सटा है। इन दोनों जिलों से भारी मात्रा में देषी और विदेशी शराब गैर कानूनी तरीके से बिहार भेजी जाती है। इसमें सरकारी शराब दुकानों की मिलीभगत है। यही वजह है कि एक फरवरी को गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित एक सरकारी शराब दुकान से बिहार भेजी जा रही शराब की बड़ी खेप पकड़ी गयी थी। इस शराब के बरामद होने के बाद उत्पात विभाग पर सवाल उठने लगे थे। लेकिन उत्पाद विभाग ने भवनाथपुर प्रखंड के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के महुआ धाम गांव के एक लाइन होटल में छापेमारी की। इस छापेमारी में देषी-विदेशी शराब के साथ साथ बियर, खाली नए बोतल, प्रिंटेड पेटी बरामद किए गए। इस दौरान होटल के मालिक नीतीश चैधरी और कारोबारी पार्टनर नितिन पटेल को गिरफ्तार किया। जिला उत्पात अधीक्षक सुजीत कुमार ने कहा बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी के दौरान होटल में दर्जनों पेटी शराब बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि इस शराब को सोन नदी पार करा कर बिहार भेजा जाना था। उन्होंने कहा कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

सुभाष चंद्र बोस क्लब की बालिका टीम बनी चैंपियन

भवनाथपुर : नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब के तत्वावधान में कोनमंडरा गांव में एक दिवसीय कबड्डी बालक एवं बालिका का आयोजन किया गया। जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब की बालिका टीम चैंपियन बनी। जबकि बरवाडी टोला की टीम उपविजेता रही। वहीं पुरुष वर्ग में दो वर्गों के बीच मैच हुआ सीनियर वर्ग में टाउनशिप की टीम चैंपियन हुई और उपविजेता नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब पंडरिया के टीम रही। जूनियर वर्ग में बरवाडी टोला के टीम चैंपियन और कोनमंडरा जूनियर टीम उप विजेता बनी। मैच का शुभारंभ कैलान पंचायत के मुखिया राज किशोर सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि इस तरह के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कबड्डी मैच का आयोजन होना बहुत ही गौरव की बात है। मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस कलब के सभी मेंबर खासकर अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता को धन्यवाद देना चाहता हूं कि आप अपने क्लब के माध्यम से इस तरह के आयोजन सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कर रहे हैं और यहां के खिलाड़ियों को आगे निकालने का काम कर रहा है। मुखिया राज किशोर सिंह ने कहा कि हमारा कैलान पंचायत की कोनमंडरा गांव को आज पूरे झारखंड में जानते हैं इसका पूरा श्रेय अजय कुमार गुप्ता को जाता है। मौके पर समाजसेवी शंभू उराव, शिवरतन उराव, विमलेश उरांव, रामदास उराव, लल्लू साहू, सुनील पांडेय, विपिन सिंह, राकेश उरांव, चंदन उरांव, विकेश, सतन, शिवरतन उरांव, संजय प्रजापति, अरुण प्रजापति, प्रेमचंद प्रजापति, रघुनाथ शाह आदि लोग उपस्थित थे।

बीस सूत्री कार्यलय का उद्घाटन

रमना : प्रखंड कार्यलय में बीस सूत्री कक्ष का उद्घाटन जिप सदस्य अरविन्द तूफानी, बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, थाना प्रभारी सुधांशू कुमार व बीस सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम से पूर्व कांग्रेसी कार्यकताओं ने हाई स्कूल मोड़ पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविन्द तूफानी का स्वागत किया। नव निर्वाचित बीस सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी को बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, थाना प्रभारी सुधांशू कुमार, बीपीओ, नाजीर व जेएमएम कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मौके पर धुरकी बीस सूत्री अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, डंडई प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी, भोला राम, भगवान यादव, जितेंद्र कुमार, हर्ष कुमार, मनोहर पासवान,कृष्णा राम, गुलाम अली, उदित ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

टैंकर व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत

उंटारी रोड : जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के बिरजा बसडिया मोड़ के समीप बुधवार को शाम लगभग साढ़े चार बजे एक तेल टैंकर ने बाईक सवार को रौंदते हुए पार हो गया। जिससे उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के मुरमा कलां निवासी रूद्र प्रताप सिंह के 35 वर्षीय पुत्र पपन सिंह एवं दुखन ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र संतोष ठाकुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाईक सवार दोनों युवक रेहला की तरफ से आ रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही तेल टैंकर बसरिया मोर पर बाइक सवार को कुचलते हुए पार हो गई, जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उंटारी रोड थाना के एसआई शिव कुमार, एएसआई राजकुमार शर्मा, व टुनटुन कुमार घटनास्थल पहुंचे व घटना की जानकारी लिया। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने बी मोड़-उंटारी मुख्य पथ को जाम कर दिया व टैंकर को घटनास्थल पर लाने की मांग कर रहे थे। जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जानकारी के अनुसार दोनों युवकों की दो-दो संतान थे।खबर लिखे जाने तक शव घटनास्थल पर पड़ा हुआ था।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का राजीव रंजन ने किया उद्घाटन

हरिहरगंज पलामू : हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरा गांव में सरस्वती पूजा के उपलक्ष में विराट नवयुवक समिति के द्वारा मंगलवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी राजीव रंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही क्षेत्रवासियों के सुख एवं समृद्धि हेतु कामना की। इसके पहले समिति के लोगों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक कृष्णा साव नवीन कुमार विजय प्रजापति के अलावे समिति के मुन्ना कुमार लव पांडे दीपक कुमार गौतम ऋषि सोनू कुमार पवन कुमार चंदन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

महापौर व उपमहापौर ने कई स्थानों का किया निरीक्षण नाली अतिक्रमण करने वालों को भी दिया अल्टीमेटम

मेदिनीनगर पलामू : मेदिनीनगर के महापौर, उपमहापौर और पदाधिकारियों ने बेलवाटिका के गुरुद्वारा रोड वार्ड नंबर 20 में नाली का अतिक्रमण करने वाले लोगों को झाड़ पिलाई। उन्हें तत्काल नाली पर से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। मालूम हो कि वार्ड नंबर 20 में गुरुद्वारा रोड में वहां के कुछ स्थानीय निवासियों के द्वारा नाली का अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके कारण सफाई कर्मी नाली का सफाई नहीं कर पाते हैं। नाली भर जाने के कारण नाली का गंदा पानी रास्ता पर बहता है। जिसके वजह से मोहल्ले वासियों को आवागमन में काफी दिक्कत होता है। बरसात के दिनों में टी नारकीय स्थिति हो जाती है। महापौर ने नाली का अतिक्रमण करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह स्वयं नाली का अतिक्रमण हटा लें, नहीं तो निगम प्रशासनिक कार्रवाई करेगा। जिसका जुमार्ना भी उन्हें अदा करना पड़ेगा। साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। वेलवाटिका में रोलर के स्थान पर मैनुअल हो रहा था कार्य, रोक के बाद फौरन आया रोलर महापौर व उपमहापौर ने कई स्थानों का किया औचक निरीक्षण, नाली अतिक्रमण करने वालों को भी दिया अल्टीमेटम मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र वासियों द्वारा मिल रहे शिकायतों के बाद मेदिनीनगर के नगर निगम के महापौर अरुणा शंकर एवं उप महापौर मंगल सिंह ने बुधवार को कई विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। मेदिनीनगर के कई वार्डों में चल रहे सड़क निर्माण का महापौर और उपमहापौर ने जांच किया। जब निगम के द्वय पदाधिकारियों ने बेलवा टीका के गुरुद्वारा रोड में पहुंचे तो देखा कि वहां पर संवेदक के द्वारा प्राक्कलन के विरुद्ध सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। तो उन्होंने फौरन संवेदक की क्लास ली और सड़क निर्माण बंद करने का आदेश दिया। साथ ही महापौर ने कहा कि प्राक्कलन के अनुसार सड़क निर्माण में रोलर का उपयोग करना है। लेकिन संवेदक द्वारा सड़क का निर्माण मैनुअल कराया जा रहा था। इस पर उपस्थित निगम के पदाधिकारियों ने संवेदक को तत्काल काम पर रोक लगाते हुए रोलर मंगा कर काम करने का आदेश दिया इसके बाद संवेदक ने फौरन रोलर मंगा कर काम शुरू कराया। मालूम हो कि मेदिनीनगर के महापौर, उपमहापौर, भवन विभाग के पदाधिकारी नसीम अली व अन्य पदाधिकारियों ने बुधवार को वेलवाटिका पंपूकल कन्वर्ट, बेलवाटिका चौक से गुरुद्वारा तक सड़क का कालीकरण, बेलवाटिका पोस्ट ऑफिस के पास नाली का अतिक्रमण, बैरिया एसबीडी स्कूल से विमला पांडेय मेमोरियल स्कूल तक रोड व मेदिनीनगर सदर ब्लाक में नवनिर्मित वार्ड केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत मेदिनीनगर महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि आज के निरीक्षण में कई विकास कार्यों में काफी अनियमितता पाई गई है। इसके बारे में संवेदक को सचेत कर दिया गया है कि वे गुणवत्ता से किसी भी रूप में समझौता नहीं करेंगे। कार्य प्राक्कलन के अनुसार ही करना होगा। साथ ही समय सीमा के अंदर कार्य के9 पूरा करें। नहीं तो वैसे संवेदक को काली सूची में डाला जाएगा। नाली अतिक्रमण करने वालों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति नाली का अतिक्रमण किए हैं। वे स्वतः नाली का अतिक्रमण हटा लें, नहीं तो अब नगर निगम उन पर कानूनी कार्रवाई करने जा रही है। जनता की समस्या को अनदेखी अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं कि जाएगी।

विकास कार्य देखकर मानसिक संतुलन खो चुके हैं पूर्व विधायक : मिथिलेश ठाकुर

मंत्री ने किया चिनियां में 130 करोड़ रु. की लागत की एक दर्जन योजनाओं का शिलान्यास

गढ़वा : गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा जिले के चिनियां प्रखंड में करीब 130 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले करीब एक दर्जन योजनाओं का शिलान्यास व भूमिपूजन किया। मंत्री श्री ठाकुर ने पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर सभी योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान चिनियां के कदवा मोड़ से रंका तक करीब 104 करोड़ की लागत से बनने वाली 38 किलोमीटर की सड़क का भूमि पूजन किया। आरईओ विभाग से चार करोड़ 13 लाख की लागत से तीन सड़कों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन, चिनियां प्रखंड कार्यालय परिसर में पांच करोड़ 41 लाख की लागत से बनने वाले पदाधिकारी व कर्मचारी आवास का शिलान्यास तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के करीब एक करोड़ 55 लाख की लागत से बनने वाली पांच जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया गया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि चिनिया प्रखंड गढ़वा जिला का सबसे पिछड़ा प्रखंड था। परंतु इस प्रखंड में एक ही दिन में करीब 130 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली योजनाओं का शुभारंभ किया गया है। मंत्री ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में जितना कार्य नहीं हुआ होगा उससे अधिक उन्होंने दो वर्षों में कर दिया। किये जा रहे विकास कार्य को देखकर पूर्व विधायक मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गए हैं। यही स्थिति रही तो 2024 तक उन्हें कहीं और पहुंचा कर सेवा करना पड़ेगा। पूर्व विधायक के 10 वर्ष पर मेरा दो वर्ष का कार्य भारी है। वे 10 वर्षों तक सिर्फ जोकरई कर जनता को बेवकूफ बनाते रहे। मंत्री ने कहा कि जब से वे चुनाव जीते हैं तब से एक भी दिन शांति से नहीं बैठे हैं। पूरे राज्य की जिम्मेवारी निभाते हुए निरंतर क्षेत्र की जनता के बीच रह कर समस्याओं का निदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिनियां की जनता ने जिस उम्मीद से मुझे भारी बहुमत के साथ विधानसभा पहुंचाया है उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। चिनियां की जनता का कर्ज कभी नहीं चुका सकता। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व किये गये वादा के अनुसार कनहर नदी में गायघाट पर 10 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार ने विदेषियों को सोना की चम्मच से खाना खिलाकर राज्य का खजाना खाली कर दिया है। केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। गरीबों, बुजुर्गों का पेंषन नहीं मिल रहा है। इससे निपटने के लिए झारखंड सरकार ने 100 करोड़ रुपए का रिवॉल्विंग फंड तैयार किया है। अब हर महीने की पांच तारीख को सभी के खाता में पेंषन की राषि आ जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पदाधिकारी व कर्मचारी जनता को उनके हक व अधिकार से वंचित नहीं कर सकता है। जनता को भी अपना अधिकार लड़कर लेना होगा। मंत्री ने चिनियां प्रखंड में स्वीकृत अन्य योजनाओं की भी जानकारी दिया। मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेष सिंह, झामुमो चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव आदि ने विचार व्यक्त किया।

बोकारो में बुजुर्गों के लिए खुलेगा मल्टी एक्टिविटी सेंटर, उपायुक्त ने कराया इकरार

संवाददाता

बोकारो : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी की उपस्थिति में बुधवार को कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत जिले में बुजुर्गों के लिए मल्टी एक्टिविटी सेंटर (बहु गतिविधि केंद्र) संचालन को लेकर ईएसएल स्टील लिमिटेड और सामर्थ कम्युनिटी फोरम के बीच एमओयू (मोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू पर हेड सीओआर, ईआर एंड पीआर ईएसएल आशीष रंजन और समर्थ के निदेशक आशीष गुप्ता ने हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि मल्टी एक्टिविटी सेंटर से जिले के बुजुर्गों को सहारा मिलेगा। उनका उचित देखभाल होगा, उन्हें एक बेहतर माहौल मिलेगा। उन्होंने कंपनी प्रतिनिधियों को मल्टी एक्टिविटी सेंटर का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि इसका उद्देश्य पूर्ण हो सके। ज्ञात हो कि मल्टी एक्टिविटी सेंटर का संचालन चीरा चास स्थित राजेंद्र नगर में किया जाएगा। इसका उद्देश्य बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य, विभिन्न गतिविधियों से जुड़ाव और मानसिक शांति के लिए सहायक वातावरण तैयार करना है। ईएसएल और समर्थ यह सुनिश्चित करेंगे कि मल्टी एक्टिविटी सेंटर में बुजुर्गों को समय-समय पर परामर्श के साथ-साथ विभिन्न स्वास्थ्य/देखभाल सुविधाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्हें विभिन्न तरह की गतिविधियों से जोड़ने के लिए पढ़ने, ऑडियो - विजुअल सुविधाओं, विशेषज्ञों द्वारा वार्ता/परिचर्चा सत्रों का आयोजन हो। बुजुर्गों को अपडेट रहने के लिए दिन-प्रतिदिन इस्तेमाल होने वाले तकनीक, कानूनी सलाह और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी मुहैया कराई जाएगी। इसके अलावा परित्यक्त वरिष्ठ नागरिकों के पुनर्वास की योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार पहले से ही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल कर रही है। सरकार ने एक हेल्प लाइन नंबर 14567 पहले से ही उपलब्ध कराया है। जिसका संचालन समर्थ द्वारा पूरे राज्य में किया जा रहा है। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी कुमार शक्ति, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीजीएम ईआर एंड पीआर ईएसएल संजय कुमार और समर्थ से राजीव दुबे आदि उपस्थित थे।

राजनाथ के बेटे प्रचार में धनबाद से पहुंचे नेता

धनबाद : यूं तो उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव पर पूरे देश की नजर है। माना जा रहा है कि चुनाव परिणाम देश की राजनीति को प्रभावित करेगा। झारखंड की भी नजर यूपी चुनाव पर है लेकिन नोएडा विधानसभा को लेकर खास दिलचस्पी है। नोएडा विधानसभा क्षेत्र से पंकज सिंह भाजपा के प्रत्याशी हैं। उनका झारखंड के डालटेनगंज और धनबाद से खास कनेक्शन है। धनबाद के भाजपा नेता नोएडा में जाकर पंकज के लिए प्रचार अभियान चला रहे हैं। नोएडा में यूपी विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 10 फरवरी को मतदान है। नोएडा से बीजेपी के प्रत्याशी पंकज सिंह देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे हैं और दूसरी बार नोएडा से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। 2017 में बीजेपी ने उस वक्त के मौजूदा गृहमंत्री राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह को चुनाव मैदान में उतार दिया। पंकज सिंह ने अब तक की सभी जीत का रिकॉर्ड तोड़ते हुए नोएडा विधानसभा से 2017 में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यही वजह है कि बीजेपी ने दोबारा उन पर भरोसा जताते हुए नोएडा से उन्हें प्रत्याशी के तौर पर उतारा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 11 जिलों की 58 सीटों पर पहले चरण में मतदान होना है। यही वजह है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व लगातार प्रभावी मतदाताओं से संवाद कर रहा है। शीर्ष नेताओं द्वारा डोर टू डोर जनसंपर्क का बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश भी हो रही है ताकि 2017 का इतिहास बीजेपी दोबारा दोहरा सके। पंकज सिंह देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के बेटे हैं। राजनाथ सिंह का ससुराल झारखंड के डालटेनगंज में है। ऐसे में पंकज सिंह का ननिहाल डालटेनगंज हुआ। डालटेनगंज से भी राजनाथ सिंह और पंकज सिंह से संपर्क रखने वाले भाजपा के नेता और कार्यकर्ता प्रचार में नोएडा पहुंच गए हैं। पंकज सिंह की रिश्तेदारी धनबाद के हाउसिंग कालोनी में है। यहां पर पंकज सिंह, उनकी मां और पिता का आना-जाना होता है। धनबाद भाजपा के नेता और आरएसएस से जुड़े अमरेश सिंह अपने समर्थकों के साथ नोएडा में डेरा डाल रखा है। वह पंकज सिंह के लिए वहां रहने वाले झारखंड-बिहार के लोगों से संपर्क साध कर वोट देने की अपील कर रहे हैं। अमरेश ने बताया कि यूपी में फिर से भाजपा की सरकार बनेने जा रही है। पंकज सिंह नोएडा से रिकार्ड मतों से चुनाव जितेंगे।

अवैध माइका खदान में किशोरी की मौत के बाद खदान संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी

गिरिडीह : तीसरी थाना क्षेत्र के बैगियातरी स्थित अवैध माइका खदान में मंगलवार को 14 वर्षीय किशोरी कविता कुमारी के मौत के मामले में तीसरी पुलिस ने खदान संचालक सहित तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार तीसरी पुलिस को मिली सूचना व जांच के तत्पश्चात किशोरी के शव को तीसरी पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाया गया। साथ ही खदान संचालक हुसैनी मियां सहित तीन लोगों के विरुद्ध तीसरी थाना में कांड संख्या 11/22 अंकित करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी भी दर्ज कर लिया गया। ज्ञात हो कि मंगलवार की सुबह तीसरी के पाल्मो निवासी बिनोद यादव की 14 वर्षीय पुत्री कविता कुमारी अपनी मां के साथ माइका निकालने खदान गई थी। जहां बारिश होने की वजह से गीली मिट्टी अचानक गिर गई और उसमे बच्ची दब गई। सूचना मिलने व हो हल्ला होने के बाद मुखिया प्रतिनिधि सहित कई ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और किशोरी को निकाल कर अस्पताल ले गए थे। जहां उसे बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया गया था किंतु रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई थी। बता दें कि खदान में मौत होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। ऐसे आधे दर्जन से अधिक घटनाएं तीसरी के विभिन्न माइका खदानों में हो चुके है मगर फिर भी इस पर कोई लगाम नहीं लगा रहा है। इन खदानों में अधिकांश कम उम्र के बच्चे बच्चियां काम करने व माइका कोडने जाते रहती हैं मगर इन पर खदान संचालक तो दूर प्रशासन भी रोक नही लगाता है। जिसका नतीजन इस प्रकार की घटनाएं होना अब आम बात हो गया है। बहरहाल अब देखना यह है कि तीसरी पुलिस इस बार भी सिर्फ खानापूर्ति करती है या फिर इन माइका माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कदम उठाने में कामयाब होती है।

आवेदन व प्रोजेक्ट रिपोर्ट की सूक्ष्मता से करें जांच : उपायुक्त

धनबाद : मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोन के लिए प्राप्त आवेदन और प्रोजेक्ट रिपोर्ट की सूक्ष्मता से जांच करें। योजना का उद्देश्य लोगों को स्वरोजगार से जोड़कर उनको आत्मनिर्भर बनाना है। उपरोक्त बातें उपायुक्त संदीप सिंह ने आज अपने कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने कहा आवेदनों के साथ संलग्न जाति, आवास, आय सहित अन्य प्रमाण पत्र को पोर्टल पर वेरीफाई करें। लोन निष्पादित करने से पूर्व चार्टर्ड एकाउंटेंट की रिपोर्ट तथा करारनामा (अग्रीमेंट) के नियम एवं शर्तों की भी सूक्ष्मता से जांच करें। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का आरंभ किया गया है। इस योजना के माध्यम से झारखंड के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास करना है। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के नागरिकों को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए 25 लाख रुपए तक का ऋण कम ब्याज पर प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा 40% तक का अनुदान भी प्रदान किया जाएगा। अनुदान की अधिकतम राशि 5 लाख रुपए है। योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग तथा सखि मंडल की दीदियां उठा सकती हैं। योजना के अंतर्गत 50000 तक के ऋण पर कोई भी गारंटी देने की आवश्यकता नहीं है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए परिवार की वार्षिक आय 5 लाख रुपए या फिर उससे कम होनी चाहिए। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, निदेशक एनईपी इंदु रानी, निदेशक डीआरडीए श्री मुमताज अली, डीटीओ ओम प्रकाश यादव, एलडीएम नकुल साहू मौजूद थे।

डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में मिला पहला स्थान

बोकारो : दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो के तीन विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित इंटरनेशनल जेनरल नॉलेज ओलंपियाड (आईजीकेओ)-2021-22 में टॉप रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। डीपीएस बोकारो के कक्षा 4 की छात्रा भूमि प्रिया, कक्षा 8 के छात्र अमोघ आनंद झा और छात्रा प्राप्ति ने अंतर्राष्ट्रीय रैंक 1 हासिल कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। इन सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप एक-एक हजार रुपये, अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान व करेंट अफेयर्स के प्रति अभिरुचि जागृत करने के उद्देश्य से आईजीकेओ (इंटरनेशनल सामान्य ज्ञान ओलंपियाड) का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य ए एस गंगवार ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सफलता का श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा की गयी मेहनत को दिया है। श्री गंगवार ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

द बर्निंग ट्रेन बनी मालगाड़ी, 6 वैगन में लगी आग

गिरिडीह : गिरिडीह के इसरी डुमरी के निमियाघाट थाना इलाके के निमियाघाट रेलवे स्टेशन में बुधवार की सुबह कोयला लोड मालगाड़ी द बर्निंग मालगाड़ी बन गई। कोयला लोड मालगाड़ी के पहले एक बैगन में आग लगी। जिसके बाद पांच ओर बैगन आग के चपेट में आ गया। घटना की पुष्टि पारसनाथ रेलवे स्टेशन के स्टेशन मैनेजर अविनाश कुमार ने भी किया है। हालांकि मालगाड़ी में आग कैसे लगी, ये फिलहाल स्पष्ट नही हो पाया है, लेकिन मालगाड़ी में आग लगे होने की जानकारी निमियाघाट रेलवे स्टेशन के अधिकारियो ने पारसनाथ स्टेशन के मैनेजर को दिया। इसके बाद पावर ब्लॉक किया गया। जिससे दो घंटे तक वाराणसी आसनसोल सवारी ट्रेन पारसनाथ स्टेशन में रोका गया।इस बीच घटना की जानकारी मिलने के बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी घटनास्थल पहुंची और मालगाड़ी में लगे आग को बुझाने का प्रयास तेज हुआ। लेकिन पांचों बैगन में आग काफी तेज था। लिहाजा, फायर बिग्रेड की गाड़ी का पानी ही खत्म हो गया, लेकिन आग नही बुझी। इस दौरान जानकारी मिलने के बाद 70 हजार लीटर पानी लेकर धनबाद से एक विशेष गाड़ी भी निमियाघाट स्टेशन पहुंच कर आग बुझाने के प्रयास में लगी है। जानकारी के अनुसार कोयला लोड मालगाड़ी धनबाद रेल डिविजन के गोमो स्टेशन से बिहार के गया स्टेशन जा रहा था। इसी दौरान जब ये मालगाड़ी इसरी डुमरी के निमियाघाट रेलवे स्टेशन पहुंची, तो स्टेशन के मैनेजर ने देखा की कोयला लोड मालगाड़ी में आग लगी हुई है। मालगाड़ी को निमियाघाट स्टेशन में रोक कर आग बुझाने का प्रयास तेज कर दिया गया।

लीज पर आवास देने को लेकर पीएम को लिखा पत्र

बोकारो थर्मल : भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य सह- गिरिडीह सांसद के बोकारो थर्मल प्रतिनिधि मोतीलाल महतो ने देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बीएसएल सेल की तर्ज पर डीवीसी बोकारो थर्मल के अवकाश प्राप्त कर्मियों को लीज पर आवास देने की मांग की है। पीएम को दिये गये पत्र की प्रतिलिपि केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा सचिव, सूबे के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, गिरिडीह सांसद, डीवीसी के अध्यक्ष, सदस्य सचिव आदि को भी दी है। पीएम को प्रेषित पत्र में प्रदेश सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि ने लिखा है कि बोकारो थर्मल में डीवीसी के द्वारा पूर्व में 32 सौ आवासों का निर्माण कामगारों के लिए करवाया गया था। वर्तमान में बोकारो थर्मल में डीवीसी के कामगारों एवं सप्लाई मजदूरों की संख्या घटकर 15 सौ के आसपास रह गयी है। डीवीसी के तीन सौ अवकाश प्राप्त कर्मी वर्तमान में डीवीसी के आवासों में अवकाश ग्रहण के बाद रह रहे हैं। अवकाश प्राप्त कर्मियों से डीवीसी प्रबंधन बतौर पेनाल्टी दस गुणा ज्यादा आवास रेंट की वसूली कर रहा है। साथ ही प्रबंधन उक्त सभी आवासों में कोई भी मरम्मत का काम नहीं करवाता है। अवकाश प्राप्त कर्मी अपने निजी मद से आवास मरम्मत का काम करवाते हैं। डीवीसी के लगभग 14 सौ आवासों पर वर्तमान में अवैध कब्जा है, जिसे स्थानीय प्रबंधन कब्जा मुक्त करवाने में असफल रहा है।

एक नजर

विधायक ने चलाया माइक्रो डोनेशन अभियान

धनबाद : शहर के हाउसिंग कॉलोनी में बुधवार को भाजयुमो के कार्यकताओं व भाजपा विधायक राज सिन्हा ने भाजपा माइक्रो डोनेशन अभियान चलाया। मौके पर भाजपा विधायक राज सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के लिए माइक्रो डोनेशन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी निमित्त धनबाद में भी यह कार्यक्रम जोरशोर से चल रहा है। जिले के सभी मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकताओं द्वारा माइक्रो डोनेशन का कार्यक्रम के निमित्त शिविर लगाकर कार्यकताओं को माइक्रो डोनेशन के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जोकि सफल भी हो रहा है। विधायक राज सिन्हा ने कहा माइक्रो डोनेशन कार्यक्रम उत्साह वर्धक है जो आगामी 11 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम में सभी मोर्चा एवं जिला के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। इच्छुक भाजपा समर्थक कार्यकर्ता शिविर में माइक्रो डोनेशन जमा कर सकते हैं। मौके पर विधायक राज सिन्हा ने बताया कि पांच रुपये से लेकर 1000 रुपये तक डोनेशन राशि निर्धारित है। उन्होने अन्य लोगो से भी भाजपा को डोनेशन करने की अपील की है।

दुष्कर्म व हत्या मामले में दोषी को फांसी की सजा

धनबाद : 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया. इसमें अदालत ने वहशी दरिंदे पुटकी के रहने वाले डब्लू मोदी को दोषी करार दिया और उसे उसके गुनाह के लिए फांसी की सजा सुनाई है ।क्षपॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने गुनाह के लिए दोषी को सजा दी. बता दें कि इस मामले में पुटकी थाना क्षेत्र में 29 अप्रैल 2018 पीड़िता की मां की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

जिले में 06 संक्रमित मरीज ने दी कोरोना को मात

कोडरमा : जिला मलेरिया पदाधिकारी सह सर्विलांस पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार द्वारा बताया कि कोडरमा जिले में 06 संक्रमित मरीज कोरोना को मात देते हुए स्वस्थ हो गये हैं। जिसमें होम आइसोलेशन में रह रहे 06 मरीज स्वास्थ्य हो गये हैं। साथ ही 43 संक्रमित मरीज होम आइसोलेशन एंव डीसीएचसी में 01 संक्रमित मरीज भर्ती हैं।

मास्क नहीं लगाने वाले 6 से लिया जुर्माना

धनबाद : कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन मास्क चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मास्क नहीं लगाकर घूमने वाले लोगों से जुमार्ना लिया जा रहा है। इसी क्रम में आज बिना मास्क लगाए 6 लोगों से यातायात थाना द्वारा पांच-पांच सौ रुपए जुमार्ना लिया गया।

प्रखंड स्तरीय रबी फसल पर कार्यशाला का आयोजन

गिरिडीह : गिरिडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय रबी फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख पूनम देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने रबी फसल पर जानकारी दी। कार्यशाला में कृषि से संबंधित कई बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। मौके पर जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी समेत कई लोग मौजूद थे।

नव युवक क्लब ने किया भंडारा का आयोजन

गिरिडीह : नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 11 सिहोडीह पटेल नगर में नवयुवक क्लब पटेल नगर द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजा विसर्जन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जाता है ।पिछले 8 वर्षों से नवयुवक क्लब पटेल नगर द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की जाती है ।इस आयोजन में लगभग हजारों श्रद्धालु भंडारा का प्रसाद ग्रहण करते हैं भंडारे में खिचड़ी का प्रसाद पाकर श्रद्धालु काफी आनंदित हुए। पूजा को सफल बनाने में पटेल नगर क्लब के अध्यक्ष बिकेश यादव, विशाल कुमार, सुमन कुमार, मोनू कुमार, बंटी कुमार, कृष्ण कुमार, नीरज कुमार ,धीरज कुमार आदि सदस्य लगे हुए हैं।

निष्ठा के तहत शिक्षकों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

गावा/गिरिडीह : प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षक (वर्ग 1 से 5)के लिए निष्ठा 3.0 निपुण भारत कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी गावां में किया गया है। इसके लिए प्रखंड के सभी प्राथमिक मध्य विद्यालयों के प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को बुधवार को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षक रणधीर कुमार सिन्हा ने बताया कि निष्ठा समग्र शिक्षा अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक समेकित कार्यक्रम है। यह शिक्षकों के क्षमता संवर्धन पर बल देती है। इसलिए शिक्षकों का क्षमता संवर्धन कराना आवश्यक है। वैसे बच्चे को सिखाना है जो बच्चे गिनना तो जानता है मगर लिखे हुए शब्द को समझ नही पाता है। मौके पर अनिल कुमार, नवीन कुमार, प्रकाश पंडित, आलोक कुमार सत्य, अरुण कुमार, गरिश्चंद विश्वास, राजीव कुमार, सुरेंद्र कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

खलिहान में लगी आग, 50 हजार का नुकसान

गिरिडीह : सरिया के गड्या गांव मे मंगलवार की देर रात झमलाल महतो के खलिहान में आग लगने से लगभग 50 हजार की संपति जलकर राख हो गई। आग लगने के कारणों का पता नही चल पाया है । झमलाल महतो ने बताया कि रात में 10 बजे के करीब गांव के एक आदमी जो शौच के लिए निकले थे उसकी नजर आग पर पड़ गई उसने ही जानकारी दी लेकिन इसी बीच खलिहान में रखे 30 हजार के पुआल व 20 हजार की लकड़ी जल गई। इधर समाजसेवी सुरेश ठाकुर ने विभाग से उक्त किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

बरही के रूपेश पांडे की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च

गिरिडीह : हजारीबाग के बरही में रूपेश पांडे की हत्या के विरोध में गिरिडीह के झंडा मैदान से टावर चौक तक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया. इस दौरान टावर चौक पर स्वर्गीय रुपेश पांडे की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कैंडल मार्च कार्यक्रम का आयोजन हिंदू समाज की ओर से किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों ने रुपेश पांडे के समर्थन में और झारखंड सरकार के विरोध में आवाज बुलंद किया ।इस दौरान पूरा रास्ता रुपेश के हत्यारों को फांसी दो फांसी दो, हेमंत सोरेन हाय हाय, रूपेश के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दो , जय श्रीराम आदि के नारे से गूंजता रहा। कैंडल मार्च के पहले सभी लोगों ने झंडा मैदान में बैठकर इस घटना के विरोध में आंदोलन खड़ा करने का निर्णय लिया इसके लिए जल्द ही हिंदू समाज ने आगे की रणनीति बनाने का निर्णय लिया । कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में झारखंड सरकार के प्रति काफी नाराजगी दिखी। लोगों ने मांग किया की फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित कर मामले की सुनवाई हो, दोषियों को शीघ्र से शीघ्र फांसी दिया जाए तथा रुपेश के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए ।लोगों ने कहा ऐसा नहीं होने तक आंदोलन को जारी रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष शशिधर पांडे, सुरेश शक्ति, रीतेश पांडे, मुकेश पांडे, संदीप डंगैच, मोतीलाल उपाध्याय,चुन्नू कांत, नवीन सिन्हा, नारायण पांडे,सतेन्द्र कुमार, रवि शंकर पांडे ,संतोष पांडे ,रूद्र संकेत, विवेक कुमार गुप्ता,सौरव मिश्रा, कुंदन सिंह,संजीव कुमार, संजीत सिंह पप्पू, महेश्वर नाथ, सुरेश रजक शिवनंदन पांडे, दीपक स्वर्णकार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

बोकारो के बैदमारा में मनी झारखंड के शहीदों की जयंती

संवाददाता

बोकारो : इस्पात नगर के बैदमारा में शहीद तेलंगा खड़िया व चिनुक महतो की जयंती बुधवार को मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेन्द्र कुमार चौधरी ने की, संचालन शिवानंद व धन्यवाद ज्ञापन गणेश महतो ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि झारखंड के गुमला जिले के सिसई प्रखंड स्थित मुरगू गांव के वीर शहीद तेलंगा खड़िया थे। इन्होंने अंग्रेजों के जुल्म व सितम तथा जमींदारी प्रथा के खिलाफ आवाज बुलंद की। वीर शहीद तेलंगा खड़िया की कुबार्नी झारखंड के लोगों के जुबां पर है. लेकिन उन्होंने जो काम किया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता है। श्री चौधरी ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध छेड़कर अपनी एक अलग पहचान बनाई। तेलंगा बचपन से ही वीर व साहसी थे। कुछ भी बोलने से पीछे नहीं रहते थे। वे बचपन से ही अंग्रेजों के जुल्मों सितम की कहानी अपने माता व पिता से सुन चुके थे। इसलिए अंग्रेजों को वे फूटी आंख भी देखना पसंद नहीं करते थे। यही वजह है कि वे युवा काल से ही अंग्रेजों के खिलाफ हो गये और लुक-छिपकर अंग्रेजों को नुकसान पहुंचाते रहते थे। तेलंगा ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन की बिगुल फूंक दी। तेलंगा गांव-गांव में घूमकर लोगों को एकजुट करने लगे। इसी दौरान बसिया में जूरी पंचायत के गठन के समय स्थानीय दलालों के सहयोग से अंग्रेजों ने तेलंगा को पकड़ लिया। दो वर्ष तक तेलंगा जेल में रहे। जेल से छूटने के बाद तेलंगा मुरगू गांव वापस लौटे। मुरगू आने के बाद वे पुनः जमींदारी प्रथा के खिलाफ लोगों को एकत्रित करने लगे। इसी दौरान 23 अप्रैल 1880 को अंग्रेजों के एक दलाल ने तेलंगा को गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गयी। दूसरे हुल विद्रोह के नायकों में शामिल थे क्रांतिवीर गोड्डा के शहीद चानकु महतो। उन्होंने अंग्रेजी शासन की नींव हिलाई थी। पथरगामा के पास 1855 में ब्रिटिश के खिलाफ राजवीर सिंह व कान्हू मुर्मू के साथ-साथ हजारों की संख्या में जनजातीय व स्थानीय समुदाय के लोग युद्ध में शामिल हुए थे। बाद में राजवीर सिंह अंग्रेजी सिपाही के हाथों मारे गये, वहीं चानकु महतो को गिरफ्तार कर लिया। अंग्रेजी हुकूमत ने सन 1856 के 15 मई को गोड्डा राजकचहरी के बगल में कझिया नदी के निकट पेड़ से लटका कर फांसी दे दी थी। जयंती समारोह में शामिल प्रमुख लोगो में योगेन्द्र कुमार चौधरी, शिवानंद, गणेश महतो, हेमंत महतो, नेवलाल मरांडी, अब्राहम जे बेसरा, दीपक कुमार, राजकुमार, फूलचंद मंडल, राजेश कुमार मालाकार, कुलदीप, चंदन कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

न्यूजीलैंड ने भारत को 18 रन से हराया

क्वीन्सटाउन, 9 फरवरी : न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने बुधवार को यहां खेले गए एकमात्र टी-20 मुकाबले में भारत को 18 रनों से शिकस्त दी। इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 20 ओवरों में 8 विकेट पर 137 रन ही बना सकी। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को यास्तिका भाटिया और शैफाली वर्मा ने सधी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 6.2 ओवरों में 41 रन जोड़े। इसी स्कोर पर अमेलिया केर ने यास्तिका (26) को बोल्ड कर भारतीय टीम को पहला झटका दिया। इसी ओवर में केर ने शैफाली (13) को भी चलता कर भारत को दोहरा झटका दिया। 11वें ओवर में 67 के कुल स्कोर पर कप्तान हरमनप्रीत कौर भी 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। इसके बाद भारतीय टीम के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और टीम 20 ओवरों में 8 विकेट पर 137 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से सबभिनेनी मेघना ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से जेस केर,हेली जेनसन और अमेलिया केर ने दो-दो व ली ताहूहू और सोफी डिवाइन ने 1-1 विकेट लिया।

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड सूजी बेट्स और सोफी डिवाइन ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 7.4 ओवर में 60 रन जोड़े। इसी स्कोर पर दीप्ती शर्मा ने सोफी डिवाइन (31) को पवेलियन भेज भारत को पहली सफलता दिलाई। 12वें ओवर में 80 के कुल स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ ने सूजी बेट्स (36) को बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। 15वें ओवर में 102 रनों के कुल स्कोर पर पूजा वस्त्रकार ने अमेलिया केर (17) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 18वें ओवर में 140 के कुल स्कोर पर मैडी ग्रीन (26) को दीप्ति शर्मा ने भारत को चौथी सफलता दिलाई। 19वें ओवर में 140 के कुल स्कोर पर पूजा ने ताहूहू (27) को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 155 रन बनाए। भारत की तरफ से पूजा वस्त्रकार और दीप्ती शर्मा ने 2-2 व राजेश्वरी गायकवाड़ ने 1 विकेट लिया। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें अब शनिवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में आमने-सामने होंगी।

गौरव ने झटके छह विकेट एसएमआर ने जीता मैच

लखनऊ, 09 फरवरी : बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के डी डिविजन में आज एसएमआर क्रिकेट क्लब और अरमान क्रिकेट एकेडेमी के बीच मैच खेला गया। इसमें गौरव जायसवाल की शानदार गेंदबाजी से एसएमआर ने 10 विकेट से मैच को जीत लिया। टास जीतकर अरमान क्रिकेट एकेडमी की टीम 40 ओवर के मैच में मात्र 55 रन बनाकर 23वें ओवर में ही पूरी टीम पवेलियन वापस लौट गयी। इनके चार खिलाड़ी तो बिना खाता खोले ही आउट हो गये, जबकि दो खिलाड़ी एक-एक रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गये। सर्वाधिक 24 रन का योगदान अभय पाल का रहा। वहीं एसएमआर की टीम के गेंदबाज गौरव जायसवाल ने छह ओवर गेंद डालकर मात्र 14 रन देते हुए छह विकेट झटके। एसएमआर की टीम के महेश राना और दिव्यांशु ने ही 32 व 24 रन का योगदान देकर बिना आउट हुए ही 60 रन बनाकर 10 विकेट से मैच को जीत लिया। मैन आफ द मैच का खिताब गौरव जायसवाल को ही दिया गया।

वॉलीबॉल लीग: बेंगलुरु टॉरपीडो ने कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स को दी शिकस्त

हैदराबाद, 9 फरवरी : अंतिम तीन सेट में लगातार जीत दर्ज करते हुए बेंगलुरु टॉरपीडो ने मंगलवार रात यहां जीएमसी गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गए पावर्ड बाय ए 23 रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के पहले सीजन के चौथे और रोमांचक मैच में कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स को को 3-2 (14-15, 12-15, 15-13, 15-9, 15-14) से हरा दिया। कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स की दो मैचों में यह लगातार दूसरी हार है। बेंगलुरु के रंजीत सिंह को प्लेयर आफ मैच के लिए चुना गया। बेंगलुरु टॉरपीडो ने मुकाबले में क्रेड सुपर प्वाइंट के दम पर टेक्निकल टाइम आउट तक 9-5 की बढ़त बना ली। कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने हालांकि सेथु के दम पर सुपर सर्व के साथ जोरदार वापसी की और लगातार 8 प्वाइंट लेकर 15-14 से पहले सेट में विजयी शुरूआत की। दूसरे सेट में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। कोच्चि ने यहां भी पीछे रहने के बाद वापसी की और लगातार दो क्रेड सुपर प्वाइंट के साथ 15-12 से लगातार दूसरा सेट भी जीत लिया। तीसरे सेट में दोनों टीमें एक समय 9-9 से बराबरी पर थी। बेंगलुरु ने फिर बेहतरीन स्पाइक की मदद से लीड लेते हुए 15-13 के स्कोर से अपना पहला सेट अपने नाम कर लिया। हालांकि स्कोर अभी भी 2-1 से कोच्चि के पक्ष में था। बेंगलुरु चौथे सेट में भी टेक्निकल टाइम आउट तक दो अंकों से आगे थी। टीम ने इसके बाद पांच अंकों की बढ़त हासिल कर ली और 15-9 चौथा सेट जीतकर मुकाबले में 2-2 की बराबरी हासिल कर ली। कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने पांचवें और निर्णायक सेट में अच्छी शुरूआत करते हुए टेक्निकल टाइम आउट तक दो प्वाइंट की लीड बना ली। हालांकि बेंगलुरु ने क्रेड सुपर प्वाइंट लेकर सेट को 13-13 से बराबरी पर ला दिया और इसके बाद दोनों टीमों ने खुद को 14-14 से मैच प्वाइंट तक पहुंचा दिया। लेकिन बेंगलुरु ने फिर 15-14 से पांचवां और निर्णायक सेट जीतकर मुकाबले को 3-2 से जीतकर मैच में दो प्वाइंट हासिल कर लिए।

बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू शृंखला के लिए तारीखों व स्थानों की घोषणा

जोहान्सबर्ग, 9 फरवरी : क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए तारीखों और स्थानों की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच 18 मार्च से 12 अप्रैल, 2022 तक चार स्थानों पर तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैच होंगे। सीएसए ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन दो वनडे मैचों की मेजबानी करेगा,जबकि तीसरा वनडे वांडरर्स, जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा, जबकि तटीय शहर डरबन और गकेबेरा में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। यह दौरा मेजबानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि दोनों श्रृंखलाएं आईसीसी क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग और आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अंतर्गत खेली जाएंग।

शौर्य ने खेली धुंआधार 146 रन की पारी, यूपी टिम्बर पहुंचा फाइनल में

लखनऊ, 09 फरवरी : बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के बी डिवीजन में मेगा ट्रेंड क्रिकेट क्लब व यूपी टिम्बर क्रिकेट क्लब के बीच डिवीजन का सेमी फाइनल मैच खेला गया। इसमें शौर्य सिंह की धुंआधार 146 रन की पारी के बदौलत यूपी टिम्बर 168 रन से जीत कर फाइनल में पहुंच गया। वहीं डी डिवीजन में गियर क्रिकेट क्लब ने सीएसडी सहारा को 60 रन से मात दी। आईपीआरके सीसी को सीएसडी सहारा ने 61 रन से हराया, जबकि सी डिवीजन के लीग मैच में नेशनल यंगेस्टर क्रिकेट क्लब को आरबीएन ने चार विकेट से मात दी। 40 ओवर के निर्धारित सेमी फाइनल मैच में मेगा ट्रेंड ने टास जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। यूपी टिम्बर ने निर्धारित ओवर में पांच विकेट गवांकर 315 रन बनाये। सर्वाधिक 101 बाल में 146 रन शौर्य सिंह ने बनाये। उन्होंने धुंआधार पारी खेलते हुए 15 चौका व छह छक्का जड़े। वहीं प्रभुनूर ने 54 रन, विप्रराज ने 42 रन का योगदान दिया। वहीं मेगा ट्रेंड की टीम 147 रन पर ही आल आउट हो गयी और यूपी टिम्बर क्रिकेट क्लब 168 रन से जीतकर फाइनल में प्रवेश कर गयी। वहीं दूसरे मैच में गीयर क्रिकेट क्लब की टीम 177 रन बनाकर आउट हो गयी। सर्वाधिक 51 रन आरिफ किदवई ने बनाये। वहीं सीएसडी सहारा की टीम 117 पर ही आउट हो गयी और गीयर ने 60 रन से मैच जीत लिया। डी डिवीजन में आईपीआरकेसीसी व सीएसडी सहार के बीच हुए मैच में सीएसडी सहारा ने निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट खोकर 295 रन बनाये। वहीं आईपीआरके सीसी की टीम 38वें ओवर में ही 234 रन बनाकर आउट हो गयी और सीएसडी सहारा की टीम 61 रन से जीत गयी। वहीं चौथे मैच में नेशनल यंगेस्टर क्रिकेट क्लब की टीम 137 रन पर ही आल आउट हो गयी। वहीं आरबीएन की टीम छह विकेट खोकर 139 रन बना ली और चार विकेट से मैच को जीत लिया।

यूपी रणजी टीम में पार्थ के साथ अटल भी शामिल

प्रयागराज, 09 फरवरी : शहर के पार्थ मिश्र और अटल राय को उत्तर प्रदेश की रणजी टीम में शामिल होने के लिए बुलाया गया है। यूपी के सभी मैच हरियाणा में होंगे। पहला मुकाबला 17 से 20 फरवरी तक विदर्भ के खिलाफ होगा। इस वर्ष 13 जनवरी से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी कोविड-19 के कारण स्थगित की गई थी, अब संक्षिप्त संस्करण में इसके मुकाबले खेले जाएंगे। पूर्व में घोषित टीम में शहर के पार्थ मिश्र और यश दयाल शामिल थे, लेकिन यश दयाल के टीम इंडिया के साथ जुड़ने के बाद अटल राय को बुलाया गया है। पार्थ जहां बायें हाथ के मध्यक्रम के बल्लेबाज होने के साथ दायें हाथ के लेग ब्रेक गेंदबाज हैं वहीं अटल राय विशुद्ध मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं। पार्थ ने इसी माह एजीयूपी में स्पोर्ट्स कोटे के तहत ज्वाइन किया है।

आईएसएल : रोमांचक मुकाबले में बगान ने हैदराबाद को दी शिकस्त

गोवा, 9 फरवरी : हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 की दो बेहतरीन टीमों के बीच रोमांच से भरपूर आक्रामक मुकाबले में एटीके मोहन बगान ने बाजी मार ली। महरून एंड ग्रीन ब्रिगेड ने मंगलवार रात बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले लीग मुकाबले में लीग लीडर हैदराबाद एफसी को 2-1 से हरा दिया। बगान के विंगर लिस्टन कोलासो को दाहिने फ्लैंक पर प्रभावी खेल दिखाने और एक गोल करने के लिए हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। छठी जीत से बगान ने दो स्थान की छलांग लगाते हुए शीर्ष चार टीमों के बीच जगह बना ली है। कोच जुआन फेरांडो की महरून एंड ग्रीन ब्रिगेड 13 मैचों से 23 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान आ गई है। उसने छह मैच जीते हैं और पांच ड्रा खेले हैं। वहीं, तीसरी हार से लीग लीडर हैदराबाद की स्थिति में कोई फर्क नहीं पड़ा है। कोच मैनोलो मार्क्यूएज की टीम 15 मैचों में सात जीत और पांच ड्रा से 26 अंक लेकर तालिका में टॉप पर बनी हुई है। मैच का पहला गोल 56वें मिनट में आया, जब लिस्टन कोलासो ने मोहन बगान को 1-0 से आगे कर दिया। एक काउटर अटैंक में ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड डेविड विलियम्स ने अपने हाफ से लिस्टन को लम्बा थ्रू-पास खिलाया। बगान का विंगर तेजी से गेंद लेकर दौड़ लगाने के बाद डी-बॉक्स पर घुस गया और फिर उन्होंने गोलकीपर कट्टीमणि के साथ वन-टू-वन की स्थिति में राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को गोलपोस्ट के अंदर भेज दिया। 59वें मिनट में मनवीर सिंह ने गोल करके बगान की बढ़त 2-0 कर दी। एक हमले में स्थानापन्न मिडफील्डर जॉनी काउको ने डी-बॉक्स के अंदर थ्र-पास डाला, जो मनवीर के पास पहुंचा। राइट विंगर ने पहले अपने रन से ऑफसाइड ट्रैप को गच्चा दिया और फिर गेंद नियंत्रण में लेकर गोलकीपर कट्टीमणि को छकाने के बाद लेफ्ट फुटर शॉट लगाया और गेंद गोललाइन सेव करने का प्रयास करते हैदराबाद के डिफेंडरों के ऊपर से गोलजाल में अंदर घुस गई। 67वें मिनट में जोएल चिआनेसे के गोल से हैदराबाद ने अंतर कम करते हुए स्कोर 1-2 कर दिया। ऑस्ट्रेलियन विंगर जोएल ने रिबाउंड पर मिली वॉली को लेफ्टर शॉट लगाकर गोल दागा।

आईपीएल : अहमदाबाद ने टीम का नाम 'गुजरात टाइटन्स' रखा



अहमदाबाद, 9 फरवरी : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अहमदाबाद फ्रेंचाइजी ने बुधवार को अपनी क्रिकेट टीम के नाम की घोषणा की। अहमदाबाद ने अपनी टीम का नाम गुजरात टाइटन्स रखा है। आईपीएल के 15वें सत्र में पदार्पण करते हुए गुजरात टाइटंस राज्य की समृद्ध क्रिकेट विरासत को आगे बढ़ाएगा, जिसने पिछले कुछ वर्षों में अनगिनत भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दिग्गजों को जन्म दिया है। गुजरात टाइटन्स के सिद्धार्थ पटेल ने कहा, ₹एक साहसी और खुले दिल वाली टीम होने के हमारे मूल दर्शन ने हर निर्णय को प्रेरित किया है क्योंकि हमने इस फ्रेंचाइजी को जमीन से बनाया है। हम चाहते हैं कि यह समूह गुजरात और इसके कई उत्साही प्रशंसकों के लिए महान चीजें हासिल करे।

यही कारण है कि हमने 'टाइटन्स' नाम चुना है। इस क्रिकेटिंग फ्रेंचाइजी के लिए हमारा उद्देश्य दुनिया में कहीं भी सबसे प्रेरक और समावेशी होना है, जो इसकी दीर्घकालिक सफलता और प्रतिष्ठा को बढाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, जैसा की हम लीग की मेगा नीलामी के करीब पहुंच रहे हैं, हमें विश्वास है कि हम नए सत्र में जाने वाले खिलाड़ियों के सही संयोजन को एक साथ रखने में सक्षम होंगे। हम ऐसे व्यक्ति चाहते हैं जो न केवल अत्यधिक कुशल हों बल्कि खेल के टाइटन्स बनने के लिए प्रेरित हों। हम गुजरात के लोगों के जुनून और समर्थन के साथ अपनी यात्रा शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, और पूरे भारत और दुनिया भर से नए प्रशंसकों को प्रेरित करने और जीतने की उम्मीद करते हैं। बता दें कि इससे पहले, अहमदाबाद ने मेगा नीलामी से पहले तीन खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया, जिनमें हार्दिक पांड्या (15 करोड़ रुपये), राशिद खान (15 करोड़ रुपये), और शुभमन गिल (8 करोड़ रुपये) शामिल हैं। विक्रम सोलंकी को अहमदाबाद का क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया है जबकि हार्दिक पांड्या फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करेंगे। गैरी कर्स्टन अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के बल्लेबाजी कोच और मेंटर के रूप में काम करेंगे जबकि आशीष नेहरा को मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। आईपीएल की मेगा नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होगी।

केएल राहुल भारतीय टीम में, ईशान बाहर

अहमदाबाद, 9 फरवरी : वेस्टइंडीज के कार्यवाहक कप्तान निकोलस पूरन ने बुधवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का विकल्प चुना है। इस मैच के लिए भारतीय टीम ने ईशान किशन की जगह केएल राहुल को टीम में शामिल किया है, जबकि वेस्टइंडीज ने भी टीम में एक बदलाव किया है, चोटिल कीरोन पोलार्ड की जगह ओडियन स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है। कार्यवाहक कप्तान पूरन ने पुष्टि की कि चोट के कारण पोलार्ड दूसरे वनडे से बाहर हैं। भारत ने रविवार को सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के फैन इवेंट आईलवयूनाइटेड' का सातवां संस्करण भारत में होगा

नई दिल्ली, 9 फरवरी : इंग्लिश फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड का लोकप्रिय फैन इवेंट, आईलवयूनाइटेड' एक बार फिर से भारत में आयोजित होने वाला है औए यह इस इवेंट का सातवां संस्करण होगा। भविष्य में आयोजित होने वाले इस इवेंट के शहरों का चयन फैंस के जरिए से किया जाएगा। कोरोना के चलते अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर जारी प्रतिबंध की वजह से इस इवेंट के सबसे नए संस्करण का आयोजन वर्चुअल तरीके से किया जाएगा जिसका मकसद भारत में इस फुटबाल क्लब के जुनूनी फैंस के लिए इवेंट का आयोजन करना और उनके बीच इससे सेलिब्रेट करना है।

20 फरवरी यानी रविवार को लीड्स युनाइटेड के साथ प्रीमियर लीग के प्रमुख मैच से पहले 90 मिनट के प्री-मैच शो के हिस्से के रूप में, प्रशंसकों को वोट देने का अवसर दिया जाएगा कि अगली बार भारत के किस शहर को इस कार्यक्रम की मेजबानी करनी चाहिए। पहली बार इस इवेंट में 'फैन पैनल' के जरिए से पूरे भारत से 6 प्रशंसक अपने शहरों का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिन्हें यूनाइटेड के प्रमुख शर्ट पार्टनर टीम व्यूवर द्वारा असिस्ट किया जाएगा और दर्शकों को क्लब के आधिकारिक ऐप में अपने पसंदीदा को वोट करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अगले इवेंट की मेजबानी के लिए जिन छह शहरों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी उनके नाम हैं - कोलकाता, नई दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई और बैंगलोर। मैनचेस्टर यूनाइटेड के डायरेक्टर ऑफ पार्टनरशिप्स, सीन जेफरसन ने कहा, आईलवयूनाइटेड के पिछले संस्करण की सफलता का हमने भरपूर आनंद लिया है । इस इवेंट ने फिजिकली तरीके से होते हुए इंटरएक्टिव वर्चुअल रूप से अपनी यात्रा तय की है और अब हम फैंस को इसके नए सीजन के साथ अवगत कराने का और इंतजार नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हम अपने विदेशी प्रशंसकों को सामने से एवं व्यक्तिगत रूप से जुड़ने के महत्व को पहचानते हैं। यात्रा प्रतिबंधों में अब छूट मिलना शुरू हो गयी है और इसी के साथ हम एक दिन आईलवयूनाइटेड के साथ भारत में फिजिकली तौर पे लौटने की उम्मीद करेंगे। किस शहर में अगला फैन इवेंट आयोजित होगा इसके लिए हम अपने प्रशंसकों को हमारे लिए शहर चुनने का अवसर प्रदान करने के लिए काफी ज्यादा उत्साहित हैं।

पीकेएल-8 : थलाइवाज को हराकर नंबर-2 पर पहुंचे स्टीलर्स

बेंगलुरु, 9 फरवरी : हरियाणा स्टीलर्स ने लगातार तीसरी जीत के साथ शेराटन ग्रैंड, व्हाइटफील्ड होटल एवं कन्वेंशन सेंटर में जारी वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन की अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। हरियाणा ने आशीष (16 अंक) के आलराउंड प्रदर्शन के बूते सीजन के 102वें मैच में मंगलवार को तमिल थलाइवाज को 37-29 से हरा दिया। 18 मैचों में 58 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हरियाणा के लिए तीन सुपर रेड लगाने वाले आशीष के अलावा कप्तान विकाश कंडोला ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आठ अंक लिए। थलाइवाज के लिए मंजीत ने 10 अंक जुटाए जबकि अजिंक्य पवार ने 8 तथा डिफेंस में सुरजीत ने चार अंक लिए लेकिन वे अपनी टीम को सीजन की छठी हार से नहीं बचे सके। पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर 15-12 से हरियाणा के पक्ष में था। सातवें मिनट में थलाइवाज को आलआउट कर हरियाणा ने 10-2 की लीड बनाई थी लेकिन थलाइवाज ने अपने स्टार रेडर मंजीत, अजिंक्य पवार और इस सीजन के सबसे सफल डिफेंडर सागर की बदौलत जोरदार वापसी कर पहले स्कोर 5-11 और फिर 9-13 कर दिया। इस बीच हरियाणा का डिफेंस भी गलतियां कर रहा था और इसी का फायदा लेकर थलाइवाज ने फासला तीन का कर दिया। रेड में दोनों टीमों ने 9-9 अंक कमाए लेकिन डिफेंस में हरियाणा (4) का पलड़ा एक अंक से भारी रहा। साथ ही हरियाणा को दो अंक ऑलआउट के भी मिले। ब्रेक के बाद आशीष ने पहले डिफेंस और फिर रेड में लगातार दो अंक लेकर हरियाणा की लीड 6 की कर दी। थलाइवाज ने हालांकि लगातार चार अंकों के साथ फासला दो का कर दिया। आशीष ने एक बार फिर कमाल किया और सुपर रेड के साथ थलाइवाज की वापसी के प्रयास पर पानी फेर दिया। अब लीड पांच की हो गई थी। अजिंक्य ने लगातार दूसरी बार डू ओर डाई रेड पर अंक लिया। इस बीच सागर के साथ अपनी जंग में विकाश ने दूसरी बार बाजी मारी और स्कोर 22-17 कर दिया।

फिर सात के डिफेंस में स्टीलर्स ने मंजीत को लपका लेकिन डिफेंडर के भी लाबी के बाहर जाने के कारण दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। 10 मिनट बचे थे और हरियाणा को पांच अंकों की लीड मिली हुई थी। विकाश ने एमएस अतुल को आउट कर थलाइवाज को सुपर टैकल की स्थिति में डाल दिया। अजिंक्य ने बोनस लिया लेकिन फिर मोहित ने विकाश के खिलाफ गलती कर इसकी भरपाई कर दी। पवार ने अगली रेड पर दो अंक लेकर एक साथी को रिवाइव कराया। स्कोर 22-26 था और फिर विकाश के खिलाफ सुपर टैकल कर सुरजीत ने स्कोर 24-26 कर दिया। पवार हालांकि अगली डू ओर डाई रेड पर लपके गए। पवार को आउट करने के बाद आशीष ने सागर को चकमा दिया और फिर थलाइवाज को दूसरी बार आलआउट कर स्कोर 31-25 कर दिया।

सागर ने हालांकि विनय को लपक थलाइवाज को एक अंक दिलाया। फिर मंजीत ने रनिंग हैंड टच के साथ स्कोर 27-31 कर दी। 38वें मिनट में आशीष डू ओर डाई रेड पर गए और सुपर रेड के साथ लीड सात का कर हरियाणा की जीत लगभग पक्की कर दी। साथ आशीष ने अपना सुपर-10 भी पूरा कर लिया। फिर मंजीत डू ओर डाई रेड पर गए और सुरेंदर नाडा को आउट करके लौटे। एक मिनट बचे थे और हरियाणा की लीड 6 की थी। अंतिम पलों में आशीष ने एक और सुपर रेड को अंजाम दिया और अपनी टीम को शानदार जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया।

मंधाना आईसोलेशन में टी-20 मैच से रहीं बाहर

क्वीन्सटाउन, 9 फरवरी : भारतीय बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने बुधवार को कहा कि स्मृति मंधाना अभी भी न्यूजीलैंड सरकार के दिशानिदेर्शों के अनुसार आईसोलेशन में हैं और यही कारण है कि वह न्यूजीलैंड महिला टीम के खिलाफ एकमात्र टी20 मैच से बाहर रहीं। भाटिया ने यह भी पुष्टि की कि मेघना सिंह और रेणुका सिंह भी प्रबंधित अलगाव में हैं। फिलहाल ये कहना मुश्किल है कि ये तीनों शनिवार को होने वाली पांच मैचों की सीरीज के पहले वनडे के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं। यास्तिका ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, स्मृति मंधाना, मेघना सिंह और रेणुका सिंह न्यूजीलैंड सरकार के दिशानिदेर्शों के अनुसार अनिवार्य एमआईक्यू (प्रबंधित अलगाव और संगरोध) में हैं। फिलहाल हम यही कह सकते हैं। टी-20 मैच की बात करें तो इस मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 18 रन से हराया। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें अब शनिवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में आमने-सामने होंगी।

संक्षिप्त

नाले से मिला युवक का शव

कटिहार : कटिहार सदर विधानसभा क्षेत्र के नगर थाना अंतर्गत कौशल्या नर्सिंग होम कैंपस के पीछे नाला से नगर पुलिस ने 35 वर्षीय युवक का शव बरामद किया।स्थानीय लोगों ने छोटेलाल साह पिता गोपाल साह ग्राम नया टोला थाना मनिहारी के रूप में शव की पहचान की है। मृतक के परिजनों ने बताया कि छोटेलाल सह कटिहार में रह कर सब्जी बेचने का कार्य करता था और वह सोमवार से गुम था। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस आगे की तहकीकात में जुट गई है।

विशेष राज्य का दर्जा मिलना आवश्यक : उमेश

पटना : प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा है कि बिहार के समुचित विकास के लिए विशेष राज्य का दर्जा मिलना नितांत आवश्यक है। विशेष राज्य का दर्जा मिलने पर बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास को और गति मिल जाएगी और हमलोग विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़े हो पाएंगे। यही कारण है कि हमलोग लगातार विशेष राज्य के दर्जा की मांग कर रहे हैं।

भूमिहीन परिवारों को मिला बंदोबस्त पर्चा

किशनगंज : किशनगंज जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने बुधवार को बंदोबस्त पर्चा का वितरण जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में किया। डीएम ने भूमिहीन व्यक्तियों को बंदोबस्त पर्चा अपने कार्यालय कक्ष में प्रदान किया।

बिहार मैट्रिक की परीक्षा 17 से

पटना : वार्षिक माध्यमिक परीक्षा का आयोजन 17 फरवरी से 24 फरवरी तक होगा। परीक्षा को लेकर जिले में 74 केंद्र बनाये गये हैं। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12.45/12.15 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 1:45 बजे से शाम 5:00/4:30 तक होगी। जिला अंतर्गत कुल 74 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें पटना सदर अनुमंडल में 33, पटना सिटी अनुमंडल में 13, दानापुर अनुमंडल में 10, बाढ़ अनुमंडल में 7, मसौढ़ी अनुमंडल में 5 एवं पालीगंज अनुमंडल में 6 केंद्र बनाए गए हैं।

एसआईएस ने चलाया विशेष भर्ती अभियान

आरा : एशिया महादेश की सबसे बड़ी निजी सुरक्षा एजेंसी एसआईएस ने भोजपुर जिले में शिक्षित बेरोजगार युवकों को निजी सुरक्षा के क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने का सुनहरा अवसर देने का विशेष भर्ती अभियान शुरू किया है।विश्वस्तरीय निजी सुरक्षा एजेंसी एसआईएस ने जिले के शिक्षित बेरोजगार युवकों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक रूप से समृद्ध करने को लेकर यह विशेष भर्ती अभियान शुरू किया है।

बिहार में बच न पायें शराब का कोई धंधेबाज : मुख्यमंत्री

पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को प्रदेश की विधि व्यवस्था और मद्य निषेध के क्रियान्वयन से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी पटना में शराबबंदी के क्रियान्वयन पर विशेष नजर रखें। गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करें। जहरीली शराब की रोकथाम के लिए भी जिलाधिकारी विशेष चौकसी बरतें। इसमें लिप्त लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि ड्रोन, मोटर बोट, स्वान दस्ता एवं आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर सघन छापेमारी कार्य को योजनाबद्ध ढंग से अंजाम देते रहें ताकि कोई भी धंधेबाज बच नहीं पाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब्त शराब के विनष्टीकरण के लिए तेजी से काम करें। विशेष लोक अभियोजकों के कार्यों की समीक्षा करें और शिथिलता बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के लोगों की मानसिकता अच्छी है, सीमित लोग गड़बड़ी करने वाले हैं उन पर विशेष नजर रखें ताकि वो किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं कर पाएं। सीएम ने कहा कि शराबबंदी से बिहार के लोगों को काफी फायदा हो रहा है। राज्य में शराबबंदी के बाद दूध, सब्जी, मिठाई, फल आदि चीजों की खपत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि नीरा उपयोगी है इसे प्रचारित करें तथा इसके उत्पादन को बढ़ाने के लिए तेजी से काम करें।

इससे पहले बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से गश्ती वाहन, पैदल गश्ती, क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कार्य, स्पीडी ट्रायल में तेजी, भूमि विवाद निपटारा, कब्रिस्तान की घेराबंदी आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

अपर पुलिस महानिदेशक विशेष शाखा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी-पोस्ट पर कार्रवाई, सांप्रदायिक घटनाओं पर नियंत्रण, साइबर क्राइम पर कार्रवाई आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।अपर पुलिस महानिदेशक विधि व्यवस्था ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से भूमि विवाद के निपटारे के लिए बैठकों की कार्रवाई, अनुसंधान कार्य, पिछले दिनों आपराधिक घटनाओं की जांच की प्रगति रिपोर्ट आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से शराब के धंधों में लिप्त लोगों के यहां छापेमारी, गिरफ्तारी, वाहन जब्ती, शराब की जब्ती, शराब विनष्टीकरण, ड्रोन, मोटर बोट, स्वान दस्ता आदि के माध्यम से छापेमारी अभियान, कॉल सेंटर में आने वाले कॉलों को लेकर हो रही कार्रवाई, जहरीली शराब से होने वाली मृत्यु को लेकर दोषियों पर कार्रवाई आदि के संबंध में जानकारी दी।

बगहा में अपहृत नाबालिग युवती बरामद, अपहर्ता गिरफ्तार

बगहा : बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत नाबालिग युवती को चौतरवा थाना पुलिस ने बेतिया नगर पुलिस के सहयोग से अपहृता को बरामद करते हुए अपहरण कर्ता को बेतिया से गिरफ्तार किया है। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थानाध्यक्ष शंभु शरण गुप्ता ने बताया कि चौतरवा थाना पुलिस ने शादी के नियत से भगाई गई अपहृत नाबालिग युवती को बेतिया से बरामद करकर अपहरण कर्ता अमित पासवान को मौके से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली की अपहृता व अपहरण कर्ता बेतिया स्थित दुर्गा बाग मंदिर के तरफ है और दोनों कहीं भागने की फिराक में है। उन्होंने बताया कि सब इंस्पेक्टर भरत कुमार के नेतृत्व में महिला पुलिस बल के साथ बेतिया भेजा गया। जहां बेतिया नगर थाना के सहयोग से अपहृत नाबालिग युवती को बरामद करते हुए अपहरण कर्ता को गिरफ्तार किया गया। सब इंस्पेक्टर भरत कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में अपहृत नाबालिग युवती के मां ने पहाड़ी मझौवा गांव के ही लगभग आठ लोगों के विरुद्ध शादी की नियत से इनकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर भ्रमित कर अपहरण करने के आरोप में 1 फरवरी को एफ आई आर दर्ज कराई थी।

महा बेरोजगार रैली 3 अप्रैल से

मोतिहारी : बिहार नवयुवक सेना के संस्थापक एवं पूर्वी चंपारण क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी अनिकेत रंजन की अध्यक्षता में आज पंचायत चुनाव में जीते हुए जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। इस दौरान अनिकेत रंजन ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में बढ़ती बेरोजगारी एवं सरकार के झूठे बयानबाजी से युवा परेशान हैं जिस कारण बेरोजगार युवको में निराशा और आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस नीति के विरुद्ध आगामी 3 अप्रैल को चंपारण में महा बेरोजगार रैली का आयोजन किया जा रहा है।

मिठाई नहीं दी तो अभियंता ने किया बिजली चोरी का मुकदमा

भागलपुर : कोतवाली थाना क्षेत्र के आदर्श गली, आनंद चिकित्सालय रोड निवासी मिठाई व्यावसायी सतीश शाह अपने पूरे परिवार के साथ बुधवार को कनीय विद्युत अभियंता की शिकायत लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के कार्यालय पहुंचे।

उन्होंने बताया कि अभियंता राहुल कुमार एवं उनके सहयोगी हमारे पूरे परिवार पर अत्याचार कर रहे हैं। मैं काफी परेशान हूं। मिठाई व्यवसायी ने कहा कि अभियंता उनके मिठाई दुकान से अक्सर बिना पैसे दिए मिठाई ले जाते थे। हाल में मिठाई देने से मना करने पर बिजली चोरी करने के झूठे मुकदमे में मुझे फंसाया दिया गया है। जबकि बिजली चोरी की कोई बात ही नहीं है। कॉमर्शियल एवं डोमेस्टिक दोनों मीटर मेरे पास अलग अलग है। जिसका मैं भुगतान लगातार करता हूं। उनका कहना है की अभियंता मुझसे पचास हजार रुपये घूस बतौर मांग रहे हैं। उनका कहना है कि पचास हजार रुपये दीजिए तो आपका सेटलमेंट कर देंगे।

महिला की मौत के बाद अवैध नर्सिंगहोम सील, संचालिका फरार

नवादा : जिले में काशीचक बाजार के भट्ठा रोड में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम को जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ बीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में आए चिकित्सकों के दल ने बुधवार को सील कर दिया है। इसी अवैध नर्सिंग होम में मंगलवार को नीम हकीमों ने महिला की जान ले ली थी।

इस संबंध में डा बीरेंद्र कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, काशीचक से सदर अस्पताल रेफर की गई प्रसुता को आशा कार्यकर्ता के द्वारा बहला फुसलाकर प्राइवेट क्लीनिक में ले जाकर भर्ती करा दिया गया था। जहां झोलाछाप चिकित्सक के द्वारा ऑपरेशन कर देने के कारण प्रसुति रीता कुमारी का निधन हो गया था। इस मामले में सभी पहलुओं को देखते हुए प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक राज को क्लीनिक सील करने का निर्देश दिया गया। उसके उपरांत घटना स्थल पर चिकित्सकों का दल पहुंच कर क्लीनिक को सील कर दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि मृतका के पति सोशल कुमार के लिखित तहरीर पर काशीचक थाना में घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें आशा कार्यकर्ता सह नर्सिंग होम संचालिका सुलोचना देवी समेत दो अज्ञात को आरोपित किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना में शामिल दोषियों को बख्शा नही जाएगा। इस मौके पर डॉ बीबीसी, डॉ शादाब जमी डॉ अभिषेक राज,सोनु कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कीटनाशक के गोदाम में लगी आग, लाखों की क्षति

बेतिया : नगर के लालबाजार में कीटनाशक दवाओं के एक गोदाम में मंगलवार की रात लगी आग से अफरा-तफरी मच गयी। धुंए के साथ कीटनाशक दवाओं का दुर्गंध हवा में घुल गया। जिसके कारण आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को दूसरे जगहों पर शरण लेना पड़ा। फायर ब्रिगेड की टीम ने 11 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान गोदाम में रखी कीटनाशक दवाएं, दो पिकअप और तीन बाइक जल गए।

नगर थानाध्यक्ष राकेश कुमार भास्कर ने बताया कि बुधवार की दोपहर तक उनके पास किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी है। फायर ब्रिगेड के इंचार्ज गणेश शंकर विद्यार्थी ने बताया कि उनकी टीम रात्रि 12:30 बजे घटना स्थल पर पहुंची। हवा में धुंए के साथ-साथ कीटनाशक दवाओं का जहर भी घुला हुआ था। आसपास के लोगों को सुरक्षित जगहों पर रहने को कहा गया। बुधवार की सुबह 11 बजे के करीब उनकी टीम मौके से लौटी है। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की चार बड़ी गाड़ियों को लगाया गया था। उन्होंने बताया कि गोदाम के जलने से हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है। व्यवसायी ने अभी उन्हें लिखित कुछ नहीं दिया है। आग कैसे लगी है इसकी छानबीन की जा रही है। सूत्रों के अनुसार नगर के तीन लालटेन चौक व लालबाजार के बीच रिहायशी इलाके में एक व्यवसायी का कीटनाशक का गोदाम है। उस गोदाम में सामान के साथ व्यवसायी के प्रतिष्ठान की गाड़ियां भी खड़ी थी। रात्रि 12:30 बजे गोदाम से सटे मकान मालिक की बेटी नैत्रिका वर्मा पढ़ रही थी। अचानक उसे विस्फोट की आवाज सुनायी दी। उसने अपने घर के लोगों को जगाया तो देखा कि बगल के गोदाम से आग की लपटें उठ रही है। घर वालों ने इसकी सूचना गोदाम मालिक व उनके परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंच गयी। टीम में शामिल सोहराब आलम अंसारी, अमलेश कुमार, नीतीश कुमार, अतिउल्लाह, बब्लू कुमार समेत दर्जनभर कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया।

बरौनी खाद कारखाना में जून से शुरू हो जाएगा उत्पादन

बेगूसराय : एक समय पूरे देश में मोती यूरिया बनाने के लिए चर्चा बिहार की औद्योगिक राजधानी बेगूसराय देश भर के किसानों के बीच चर्चित होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से सिद्धि के बल पर बरौनी में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल कारखाना) बनकर तैयार हो गया है। तकनीकी निर्माण कार्य पूरा होने के बाद चरणबद्ध ट्रायल हो रहा है तथा कुछ और चल रही प्रक्रिया पूरी होने के बाद जून से यहां प्रत्येक दिन 3850 मेट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया (प्रत्येक वर्ष 12.70 लाख एमटी) तथा 22 सौ टन अमोनिया का उत्पादन होगा। राज्यसभा में प्रश्न काल के दौरान मंगलवार को सुशील कुमार मोदी पूछे गए पूरक प्रश्न के जवाब में केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुखभाई मंडाविया ने सदन में बताया कि बरौनी खाद कारखाना को 2016 में स्वीकृति दी गई थी। प्रोजेक्ट लागत 8388 करोड़ से बनने वाले खाद कारखाना की निर्माण कार्य का शिलान्यास 17 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। कोविड के कारण कुछ बाधा आई, इसके बावजूद काम बहुत तेजी से चल रहा है, 95 प्रतिशत काम पूरा हो गया है तथा जून 2022 में उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के कार्यकाल में बरौनी में हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर खाद कारखाना बना था। लेकिन सिस्टम की कमजोरी और यूनियनबाजी के कारण 1998-1999 में घाटा दिखाकर उत्पादन बंद हो गया तथा 2002 में इसे स्थाई रूप से बंद कर दिया गया। कई आंदोलन हुए तो 2008 में तत्कालीन रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री रामविलास पासवान ने शिलान्यास किया, लेकिन उसका निर्माण नहीं हो सका। इसके बाद तत्कालीन सांसद डॉ. भोला सिंह ने इस मामले 31 बार संसद में उठाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नजर गई तो 25 मई 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसे चालू करने का फैसला लिया तथा 25 जुलाई 2016 को वित्तीय पुनर्गठन पैकेज के तहत करीब नौ हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफ करते हुए पुनरुद्धार को मंजूरी दी गई। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद 17 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेगूसराय आकर खाद कारखाना के पुराने कैम्पस में ही बनने वाले नये खाद कारखाना का शिलान्यास किया। जिसके बाद निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया तथा मई 2021 से यहां खाद उत्पादन करने का लक्ष्य था ,लेकिन कोरोना आदि कारणों के कारण कुछ विलंब हुआ है।

उत्पादित होने वाले खाद के ब्रांड नेम का खुलासा नहीं हुआ है तथा उम्मीद है कि मई के अंतिम सप्ताह में प्रधानमंत्री इस का उद्घाटन करेंगे और उसी दिन ब्रांड नेम का खुलासा भी किया जाएगा। इस कारखाना में खाद उत्पादन में भूगर्भीय जल के बदले प्रत्येक दिन एक हजार दस घन मीटर गंगा जल का उपयोग होगा। अधिकारियों के अनुसार इस उपक्रम के चालू हो जाने से राज्य के किसानों को आसानी से रासायनिक उर्वरक और यूरिया उपलब्ध हो सकेगा। सबसे बड़ी बात है कि इस कारखाना को चलाने में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक गैस का उपयोग किया जाएगा। प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा योजना से बिहार, यूपी, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा को गैस पाइप लाइन से एकीकृत करने की परियोजना के तहत बरौनी खाद कारखाना को पीएनजी की आपूर्ति करने के लिए पाइप लाइन से जोड़ा जा चुका है। कारखाना से चालू होने से एक ओर यूरिया की मारामारी खत्म होगी तो दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होने के साथ-साथ उद्योग के माध्यम से इकोनॉमी का नया सिस्टम डेवलप होगा।

एक नजर

रोहतास के डीएम धर्मेन्द्र कुमार कोरोना संक्रमित

आरा : रोहतास में अभी कोरोना का संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है जिले के जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार अब कोरोना संक्रमित हो गए हैं। जिलाधिकारी को कोरोना का लक्षण दिखाई देने के बाद जांच हुई तो उनकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है कोरोना संक्रमित होने के बाद तुरन्त जिलाधिकारी कुमार ने अपने आपको होम आईसोलेशन में कर लिया है। बुधवार को जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार 5042 लोगों की जांच में 6 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इसके पूर्व के संक्रमितों में से 18 लोग स्वस्थ हुए है। जिसके बाद जिले में सक्रिय कोरोना मरीजों की संख्या घटकर 29 रह गई है।फिलहाल रोहतास के जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के कोरोना संक्रमित होने के बाद जिला प्रशासन से जुड़े प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है और जिलाधिकारी के क्लोज कॉन्टैक्ट में रहे अधिकारियों ने भी अपनी कोरोना जांच करानी शुरू कर दी है।

प्रधानमंत्री को भेजा त्राहिमाम संदेश

सहरसा : एम्स निर्माण के लिए दरभंगा में जमीन उपलब्ध नहीं होने की खबर छपने के बाद एम्स निर्माण संघर्ष समिति ने सहरसा में एम्स निर्माण के लिए प्रधानमंत्री को एक त्राहिमाम संदेश भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। एम्स निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार झा,संरक्षक प्रवीण आनंद ने बताया की प्रधानमंत्री द्वारा कोशी क्षेत्र में एम्स निर्माण की घोषणा की। जिसके लिए सहरसा जिलाधिकारी को जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र निर्गत किया गया था।जिसके आलोक में तत्कालीन जिला पदाधिकारी द्वारा गोबर गढ़ा में 217 एकड़ 74 डिसमिल भूमि की उपलब्धता की जानकारी बिहार सरकार को दी गई। लेकिन राजनीतिक कारणों से सहरसा की अनदेखी करते हुए दरभंगा एम्स की घोषणा कर दी गई।लेकिन एम्स के लिए 7 वर्षों में जमीन उपलब्ध नहीं हो सका।

नगर पंचायत भवन का उद्घाटन

भागलपुर : जिले के अकबर नगर स्थित नगर पंचायत भवन का उद्घाटन विधायक प्रो.ललित नारायण मंडल, बांका सांसद प्रतिनिधि पवन केसान और कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बुधवार को संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विधायक डॉ.प्रो.ललित नारायण मंडल ने कहा कि अकबर नगर नगर पंचायत के लोगों को अब प्रखंड का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अकबर नगर नगर पंचायत के लोगों को अकबर नगर दुर्गा स्थान के नगर पंचायत भवन में सभी कार्य किए जाएंगे। जो भी विकास का कार्य अवरूद्ध रह गया है। उस कार्य में तेजी आएगी। कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने कहा कि नगर पंचायत के लोगों को जो भी समस्याएं हैं। वो सभी हमारे दूरभाष पर सूचना दें, ताकि सारी समस्याओं को दूर किया जा सके।

महिला ने न्याय के लिए गुहार लगायी

बगहा : पश्चिम चम्पारण के शिकारपुर थाना क्षेत्र के भंटउआ पीपरा गांव में एक युवती को शादी का झांसा देकर तीन साल तक एक युवक द्वारा यौन शोषण करने के मामले में पुलिस द्वारा न्याय नहीं मिलने पर पीड़िता ने चम्पारण क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक बेतिया के सामने न्याय की भीख मांगते हुए गुहार लगायी है।पीड़िता के अनुसार शादी का झांसा देकर तीन साल तक युवक यौन शोषण करता रहा, जब वह शादी से इंकार करने लगा।तब उसने शिकारपुर थाना में यौन शोषण का मामला काड़ संख्या 653/21 दर्ज करवाकर इंसाफ की गुहार लगायी। आगे बतायी कि थाना में मामला दर्ज होते ही पुलिस के दबिश पर युवक ने उससे शादी कर लिया। कुछ महीना बाद पीड़िता को अपने विश्वास के झांसे में लेकर विगत 7 दिसम्बर को कोरा कागज पर यह कहकर हस्ताक्षर करवा लिया कि मामला थाना से समाप्त कर लिया जाय, परन्तु कागज पर हस्ताक्षर कराने कुछ ही दिनों बाद पीड़िता के साथ मारपीट करने लगे, यह कहकर कि दहेज में अपने घर से एक मोटरसाइकिल और पांच लाख रुपया मांगकर दो। एक दिन प्रताड़ित करने के साथ गत 7 जनवरी को पीड़िता को अपने घर से भगा दिये। पीड़िता बाद में महिला उत्पीड़न के साथ जान से मारने का मामला थाने में फिर दुबारा दर्ज करायी।

सुशील मोदी ने रेल मंत्री से की मुलाकात

पटना : राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल भवन में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सुशील मोदी ने मांग की है कि रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की परीक्षार्थियों के लिए मेडिकल स्टैंडर्ड 2019 का ही बरकरार रखा जाए। रिक्तियों की डेढ़ गुना संख्या में परीक्षार्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाए, तथा 2019 के बाद निर्गत ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट को भी स्वीकार किया जाए। राज्यसभा सांसद मोदी ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि सात वर्षों में मेडिकल स्टैंडर्ड को तीन वर्ष के बाद अचानक 2022 में बदल दिया गया। इसी प्रकार 2019 में डेढ़ गुणा छात्रों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन बुलाए जाने का प्रावधान को अचानक बदल कर तीन वर्ष बाद रिक्त पदों के बराबर कर दिया। ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट प्राप्त करने में 2019 में छात्रों को कठिनाई हो रही थी। क्योंकि, उस समय ईडब्ल्यूएस लागू हुआ था और पदाधिकारियों को ईडब्ल्यूएस निर्गत करने के बारे में स्पष्टता नहीं थी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विरेन्द्र कुमार का योगदान

पटना : पूर्व मध्य रेल के नए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विरेन्द्र कुमार ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। विरेंद्र कुमार इसके पूर्व हाजीपुर मुख्यालय में उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा) के पद पर पदस्थापित थे। विरेन्द्र कुमार 2005 बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) के अधिकारी हैं। उन्होंने सेवा की शुरूआत पूर्व तटीय रेलवे में एरिया ऑफिसर, पारादीप, खुर्दा रोड से की। इसके अतिरिक्त पूर्व तटीय रेलवे में विभिन्न पदों पर भी अपनी सेवा दे चुके हैं। उन्होंने राजेश कुमार का स्थान लिया है, जिनको पदोन्नति के उपरांत पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में ही मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर (फ्रेट) के पद पर पदस्थापित किया गया है। विरेन्द्र कुमार ने पूर्व मध्य रेल में अपनी सेवा की शुरूआत वर्ष 2011 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में मंडल परिचालन प्रबंधक के पद पर योगदान देकर किया था। इसके बाद उन्होंने सोनपुर तथा समस्तीपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद पर पदस्थापित रहे। समस्तीपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के रूप में भी वह महत्वपूर्ण सेवा दे चुके हैं। वीरेन्द्र कुमार रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों में समान रूप से लोकप्रिय हैं।

एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

मोतिहारी : जिला समाहरणालय स्थित डा.राधाकृष्णन सभागार में आज जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज-2 के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमे जिले के मोतिहारी बंजरिया मधुबन पताही छौड़ादानो रामगढ़वा कल्याणपुर एवं तुरकौलिया प्रखंड के चयन किये गए 50 पंचायतों के मुखिया पंचायत सचिव स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं प्रखंड समन्वयकों को राजीव कुमार सिंह प्रशासी पदाधिकारी एवं रत्नेश वर्मा राज्य सलाहकार के द्वारा ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज-2 के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं उचित क्रियान्वयन के लिए जिला के 50 पंचायत को प्रथम चरण मे चयन किया गया है। इसके लिए प्रखंड पंचायत एवं वार्ड स्तर पर क्रियान्वयन समिति गठन किया जायेगा।

सबमें समान रूप से बसते हैं राम-जानकी

बेगूसराय : बेगूसराय के बीहट गांव में राम जानकी मंदिर में पुनर्प्राण प्रतिष्ठा के तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ बुधवार को खान एवं भूतत्व मंत्री जनक राम ने किया। इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रथम दिन सैकड़ों कुमारी कन्याओं के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री जनक राम ने कहा कि श्रीराम-जानकी हमारी सभ्यता-संस्कृति के प्रथम अध्याय हैं। श्रीराम का व्यक्तित्व इतना विराट है कि वह सभी मनुष्य और व्यक्तित्व में समान रूप से बसते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार के प्रयास से भारत की अस्मिता के प्रतीक सनातन संस्कृति का डंका पूरे विश्व में बज रहा है, संस्कृति समृद्ध हो रही है।

गडकरी ने जारी किया उत्तराखंड भाजपा का चुनाव दृष्टि पत्र

किसानों को केन्द्र के अलावा 6 हजार रुपये और देगी राज्य सरकार

तीन सिलिंडर मुफ्त, बीपीएल महिलाओं को देगी प्रतिमाह दो हजार रुपये

देहरादून : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चुनाव घोषणा पत्र (दृष्टि पत्र) आज जारी हो गया। इस दृष्टि पत्र में निर्धन किसानों को राशि, पूर्व सैनिकों के महिलाओं को सिलेंडर मुफ्त, स्वास्थ्य, शिक्षा,पर्यटन और अर्थव्यवस्था के लिए अनेक विषयों को रखा गया है। यह दृष्टि पत्र प्रदेश के सभी 70 विधानसभाओं से आमजन के राय को शामिल गया है। हालांकि भाजपा से पहले कांग्रेस ने अपना चुनावी घोषणा जारी किया था।

बुधवार को शहर के एक होटल में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक और घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री और हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक की उपस्थिति में इसका विमोचन किया गया। मौसम खराबी के चलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी घोषणा पत्र विमोचन के मौके पर देहरादून पहुंच नहीं सके। वे इस कार्यक्रम से वर्चुअल कार्यक्रम जुड़े रहे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पैसे की नहीं देश में विजन की कमी है। इस दृष्टिपत्र में हर बेहतर विकास के विजन को ध्यान में रखा गया है न कि विजय को ध्यान में रखा गया है। इस मौके पर नमामि गंगा उत्तराखंड के साथ ही देश में सड़कों के विकास की जानकारी दी गई। इस दृष्टिपत्र के अनुसार अब किसानों को केन्द्र के अलावा 6 हजार रुपये राज्य सरकार देगी। गैस कनेक्शन धारकों को तीन सिलेंडर मुफ्त और बीपीएल महिलाओं को प्रतिमाह दो हजार रुपये दिए जाएंगे।

गडकरी ने कहा कि उत्तराखंड और स्विट्जरलैंड की परिस्थिति एक समान है, इसलिए मैंने

उत्तराखंड में सड़क निर्माण के लिए वहां के कॉन्ट्रेक्टर को बुलाकर जानकारी ली। उसके बाद ऑल वेदर रोड का काम शुरू करवाया। गंगा हमारी आस्था है। चार धाम यात्रा को बेहतर बनाने के लिए योजना बनाई गई है। इस साल दिसंबर तक चार धाम तक सड़क निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल जुड़ते हुए कहा कि यह दृष्टिपत्र उत्तराखंड के विकास का विजन है। समस्याओं को दूर करने और नई ऊर्जा के साथ अगले पांच वर्षों का विकास का खाका है। इस दृष्टिपत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकास एजेंडे को रखा गया है। उत्तराखंड की देवतुल्य जनता भाजपा के विकास को समझेगी। हर क्षेत्र में डबल इंजन की सरकार में किया गया विकास कार्य चल रहा है। भाजपा का यह समर्पण है। आत्मनिर्भर उत्तराखंड का विजन है। रमेश पोखरियाल निशंक ने घोषणा पत्र की प्रस्तावना को रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए आज का दिन दृष्टिपत्र शुभ मुहूर्त में रखा गया है। आज यह दृष्टिपत्र और उत्तराखंड के लिए सड़कों का जाल बिछाने वाले परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में होना अपने आप में मायने रखता है। यह दृष्टिपत्र सभी 70 विधानसभा में सुझाव पेटियां रखकर लोगों की सही मायने में राय रखी गई है। इस पत्र में अंतिम छोर तक के व्यक्ति की चिंता की गई है। इसमें अगले 10 साल उत्तराखंड का है। मॉडल राज्य बनने में यह दृष्टिपत्र पत्र तय करेगा। हर योजना के लिए पैसा और उसकी सफलता को लेकर कार्ययोजना बनाने के लिए विश्लेषण किया गया है।

उन्होंने कहा कि देवभूमि की रक्षा के लिए दृष्टिपत्र को तैयार किया गया है। देव से लेकर गांव की और आमजन और सैनिकों के साथ विदेशी सीमा को सुरक्षा का भी ख्याल रखा गया है। वर्तमान से लेकर पूर्व सैनिकों का प्लान है। किसान के बेहतरी के लिए केन्द्र के अलावा 6 हजार राज्य सरकार पैसा देगी। बागवानी, डेयरी के साथ अलग-अलग 500-500 करोड़ के साथ आर्गेनिक प्रदेश बनाने के लिए विजन है। कृषि, भाषा, संस्कृति और हिमालय संरक्षण के लिए योजना पर काम करेंगे। महिलाओं को तीन घरेलू गैस सिलेंडर मुफ्त और बीपीएल महिलाओं को दो हजार प्रतिमाह दो हजार दी जाएगी। इसके अलावा मोबाइल स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य की बुनियादी ढांचा के बेहतरी के लिए काम करेंगे।

संक्षिप्त

प्रधानमंत्री मोदी 14 को जायेंगे पंजाब

चंडीगढ़ : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 फरवरी को पंजाब दौरे पर आ रहे हैं। मोदी जालंधर में रैली को संबोधित करेंगे। पंजाब भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम आ चुका है। गुरुवार तक इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री पांच जनवरी को पंजाब आए थे लेकिन फिरोजपुर में उनका काफिला रोक लिया गया। नतीजतन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रैली को संबोधित नहीं कर सके। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को नई दिल्ली से पंजाब में एक वर्चुअल रैली को संबोधित किया था।

देश में लगे 170.87 करोड़ टीके

नई दिल्ली : कोरोना के खिलाफ जंग में कारगर टीकाकरण अभियान के तहत देश में 24 घंटों में करीब 53 लाख 61 हजार टीके लगाए गए। इसके साथ देश में अबतक 170 करोड़, 87 लाख टीके लगाए जा चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक बुधवार सुबह तक राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को 169 करोड़ टीके की खुराक निःशुल्क उपलब्ध कराई जा चुकी है। राज्यों के पास अभी भी टीके की 12.11 करोड़ खुराक मौजूद है।

24 घंटे में 71 हजार नये मरीज

नई दिल्ली : देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में पिछले 24 घंटे के दौरान थोड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बुधवार सुबह तक कोरोना के 71 हजार 365 नए मरीज मिले। इस बीच कोरोना को मात देने वालों की संख्या एक लाख, 72 हजार, 211 रही। हालांकि, इस अवधि में 1217 संक्रमितों की मौत हो गई। बुधवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना से ठीक होने वालों की कुल संख्या चार करोड़, 10 लाख , 12 हजार, 869 है।

रास में उठा गंगा नदी की बदहाली का मुद्दा

नई दिल्ली : राज्यसभा में बुधवार को गंगा नदी की बदहाली का मुद्दा जोरशोर से उठा। कांग्रेस के कुमार केतकर ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय गंगा परियोजना के तहत गंगा नदी को पूरी तरह स्वच्छ करने का वादा किया था, किंतु अभी भी इसकी स्थिति में सुधार नही हुआ है। सदन में शून्यकाल की कार्यवाही के दौरान केतकर ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए गठित संस्था के अध्यक्ष स्वयं प्रधानमंत्री है।बाजवूद, इस नदी को गंदगी से मुक्त नही किया जा सका।

आस्ट्रेलिया जायेंगे विदेश मंत्री

नई दिल्ली : विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मारिस पायने के निमंत्रण पर 10-13 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्री के रूप में यह उनकी पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा है। इस दौरान विदेश मंत्री ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के साथ मेलबर्न में 11 फरवरी को चौथे क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे।

पाकिस्तान ने पंजाब में ड्रोन से गिराये नशीले पदार्थ

बीएसएफ के फायरिंग करने पर वापस लौटा ड्रोन, इलाके में तलाशी अभियान शुरू

चंडीगढ़ : पाकिस्तान की तरफ से मंगलवार रात पंजाब के रास्ते भारत में ड्रोन की मदद से नशीले पदार्थों की खेप फेंकी गई है। बीएसएफ की फायरिंग के बाद ड्रोन वापस पाकिस्तान की तरफ चला गया। घटना गुरदासपुर से सटे अजनाला सेक्टर में मंगलवार देर रात की है। नशीले पदार्थ की यह खेप अजनाला तहसील के तहत आने वाली पंजग्रहियां सीमा चौकी के पास फेंकी गई थी।

मंगलवार रात ड्रोन की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने के तुरंत बाद इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। धुंध के दौरान

सीमा पर उड़ते पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की गई। बीएसएफ को संदेह था कि ड्रोन के माध्यम से भारतीय सीमा में कोई चीज गिराई गई। बीएसएफ जवानों ने तलाशी की तो नशीले पदार्थ बरामद हुए।

बीएसएफ के अधिकारियों ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि जवानों ने सीमा पर उड़ते ड्रोन पर फायरिंग की। उन्हें संदेह था कि ड्रोन के माध्यम से कोई वस्तु भारतीय सीमा में फेंकी गई है। तलाशी के दौरान दो जगहों पर पीले रंग के पैकेट मिले हैं, जिनमें ड्रग्स व अन्य नशीले पदार्थ हैं।

आतंकी गतिविधियों की आशंका के चलते इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और तलाशी अभियान का दायरा बढ़ाया गया है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य में सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही अलर्ट पर हैं।

महिलाओं को अपनी पसंद के कपड़े पहनने का हक : प्रियंका

लखनऊ : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कर्नाटक में जारी हिजाब विवाद को लेकर कहा कि महिलाओं को अपनी पसंद के कपड़े पहनने का हक है। चाहे वह बिकनी हो, घूंघट हो, जींस की जोड़ी हो या हिजाब। यह तय करना एक महिला का अधिकार है कि वह क्या पहनना चाहती है। प्रियंका ने ट्विटर के जरिए कहा कि यह अधिकार भारतीय संविधान द्वारा गारंटीकृत है। महिलाओं को प्रताड़ित करना बंद करें। वहीं, मजलिसे उलेमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना सैयद कल्बे जवाद नकवी ने स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध को अलोकतांत्रिक करार देते हुए कर्नाटक सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की।

अलंकरण समारोह में नौसेना कर्मियों को दिये गये पदक

नई दिल्ली : पश्चिमी नौसेना कमान के अलंकरण समारोह में स्वतंत्रता दिवस 2020 और गणतंत्र दिवस 2021 पर घोषित किए गए शौर्य तथा विशिष्ट सेवा पदक नौसेना कर्मियों को प्रदान किए गए। मुम्बई में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति की ओर से फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल अजेन्द्र बहादुर सिंहने नौसेना कर्मियों को सम्मानित किया। समारोह के दौरान कमांडर धनुष मेनन और हरिदास कुंडु एमसीए (एफडी) क्क को नौसेना पदक (शौर्य) प्रदान किए गए, जबकि कोमोडोर अनिल मार्या को नौसेना पदक (कर्तव्यपरायणता) से सम्मानित किया गया। रियर एडमिरल संदीप मेहता, सर्जन रियर एडमिरल आरती सरीन, कोमोडोर श्रीकान्त केसनूर, कैप्टन बीरेन्द्र सिंह बैंस, कैप्टन सुमित सिंह सोढी, कैप्टन कपिल भाटिया और एमसीपीओ क (जीडब्लू)/ मानद सूबेदार लेफ्टिनेन्ट जय सिंह को विशिष्ट सेवा पदक से नवाजा गया। कमांडर-इन-चीफ ने गत वर्षों में शानदार सेवा और प्रदर्शन के लिए आईएनएस गोमती तथा खान-पान व्यवस्था करने वाले बेस विक्टुअलिंग यार्ड (मुम्बई) को यूनिट साइटेशन प्रदान किया। एडमिरल अजेन्द्र बहादुर सिंह ने पुरस्कृत नौसेनाकर्मियों के सभी परिजनों के योगदान की सराहना की कि उन सभी ने नौसेना में सेवारत अपने घर के लोगों को अपना कर्तव्य निभाने के लिये हमेशा प्रेरित किया और उनका समर्थन किया। अलंकरण समारोह में भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी, उनके जीवनसाथी और पुरस्कृत नौसेनाकर्मियों के परिजन उपस्थित रहे।

पद्मश्री संत सीचेवाल को विवेकानंद सेवा सम्मान

कोलकाता : कोलकाता महानगर की सुप्रसिद्ध साहित्यिक-सामाजिक संस्था श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय द्वारा प्रवर्तित 36वां 'विवेकानन्द सेवा सम्मान' प्रख्यात पर्यावरणविद् एवं नदी संरक्षणवादी समाजसेवी पद्मश्री संत बलवीर सिंह सीचेवाल (जालंधर) को प्रदान किया जायेगा। कोलकाता के रथीन्द्र मंच में 26 फरवरी को आयोजित एक विशेष समारोह में उन्हें सम्मानित किया जायेगा। सम्मान स्वरूप शॉल, मानपत्र एवं एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जायेगी। पंजाब के जालंधर जिले के सीचेवाल गांव के कृषि परिवार में 2 फरवरी, 1962 को जन्मे संत बलवीर सिंह सीचेवाल ने 1981 में आध्यात्मिक गुरु संत अवतार सिंह के लोकमंगल कार्यों से प्रभावित होकर अपनी स्नातक की पढ़ाई को बीच में ही छोड़कर उनके कार्यों में योगदान देना प्रारम्भ कर दिया। जून 1988 में संत अवतार सिंह के देहावसान के बाद उन्हें 'निर्मल कुटैया सीचेवाल' का प्रमुख बनाया गया। अविवाहित रहकर समाज सेवा का संकल्प लेने वाले बलवीर सिंह सीचेवाल ग्राम के दो बार निर्विरोध सरपंच रहे।

अराजकता फैलाने से बाज आयें जिहादी : विहिप

नई दिल्ली : विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने कहा है कि कर्नाटक के उडुपी से प्रारंभ हुआ हिजाब विवाद वास्तव में हिजाब की आड़ में जिहादी अराजकता फैलाने का एक षड्यंत्र है। हिन्दू समाज और देश के जागरूक नागरिक उनके इन षड्यंत्रों को सफल नहीं होने देंगे। विहिप ने कहा कि जिहादी, हिजाब की आड़ में अराजकता फैलाने से बाज आएं। विहिप के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री और रोहतक स्थित हिन्दू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र जैन ने बुधवार को बयान में कहा कि उडुपी के एक विद्यालय में 6 लड़कियों के विद्यालय का निर्धारित गणवेश न पहनने की नाजायज जिद ने एक चिंगारी का रूप धारण कर लिया। पीएफआई जैसे कट्टर इस्लामिक संगठन संपूर्ण कर्नाटक में अराजकता निर्माण करने का एक बड़ा षड्यंत्र रच रहे हैं। बागलकोट जैसे कई स्थानों पर जिहादियों की पत्थरबाजी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। हिन्दू समाज एवं देश के जागरूक नागरिक उनके इन षड्यंत्रों को सफल नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि जितनी तेजी से संपूर्ण विश्व के इस्लामिक जगत एवं टूलकिट गैंग ने इस पर प्रतिक्रिया जताई है, उससे स्पष्ट होता है कि ये भारत में अराजकता फैलाने का कोई भी अवसर नहीं चूकना चाहते। संभवतया ये कर्नाटक में शाहीन बाग दोहराना चाहते हैं। विहिप इन सभी अराजक तत्वों को स्पष्ट करना चाहती है कि कर्नाटक सरकार की सजगता और हिन्दू समाज की सक्रियता के कारण वे सफल नहीं हो पाएंगे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के परोक्ष समर्थन के कारण ही वे दिल्ली के नागरिकों को त्रस्त कर पाए थे।

अफगानिस्तान बना आतंकियों का पनाहगाह

संयुक्त राष्ट्र : अफगानिस्तान में चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार को तालिबान के अपदस्थ करने के बाद से वहां हालात बदतर होते जा रहे हैं, वहीं अफगान भूमि एक बार फिर से आतंकियों और आतंकी संगठन के लिए पनाहगाह बनने लगा है। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान पर वादा खिलाफी करने का आरोप लगाया है।

संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों ने रिपोर्ट में दावा किया गया कि तालिबान की सरपरस्ती में अलकायदा समेत विभिन्न आतंकी संगठनों के लिए अफगानिस्तान को सुरक्षित पनाहगार बना सकता है। हाल के दिनों के मुकाबले अब आतंकी संगठनों को वहां हर तरह की आजादी मिल रही है। इस बीच, तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के तथ्यों से इनकार किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि तालिबानी शासन में अलकायदा

और आइएस जैसे आतंकी संगठन वहां फलफूल रहे हैं। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेनाओं के जाने के बाद करीब छह महीने में अफगानिस्तान में आतंकी संगठनों के लिए माहौल बेहद अनुकूल हो गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक बिन लादेन का सुरक्षा संयोजक रहे अमीन मुहम्मद अल हक साम खान अगस्त के अंत में अफगानिस्तान लौट आया। इसी तरह बिन लादेन का बेटा अब्दुल्ला भी अपने तालिबानी मित्रों से मिलने अक्टूबर में अफगानिस्तान आया था। इसके अलावा, अलकायदा आतंकी अयान अल-जवाहरी भी जिंदा बताया गया है और उसे पिछले साल जनवरी में वहां देखा गया है। विशेषज्ञ दल का कहना है कि तालिबान ने देश में विदेशी आतंकियों की रोकथाम के लिए कोई भी कदम नहीं उठाया है। इसके विपरीत उन्हें कुछ भी करने की अत्यधिक आजादी मिली हुई है। जबकि तालिबान ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से यह वादा किया है कि वह अफगानिस्तान में आतंकवाद को नहीं पनपने देगा। इससे पहले भी तालिबान ने वर्ष 1996 से लेकर 2001 तक अफगानिस्तान में शासन किया है। उस दौरान भी अलकायदा और आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन की खासी मदद की गई थी। यहीं से ओसामा ने अमेरिका पर आतंकी हमले की साजिश रची थी।

एक नजर

हिजाब विवाद में कूदे पाक मंत्री व मलाला

इस्लामाबाद : भारत के किसी भी घरेलू मसले में रोटी सेंकने से पाकिस्तान बाज नहीं आता है। अब कर्नाटक में हिजाब पहनकर स्कूल जाने के मामले में पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी मंत्री ने विवादास्पद बयान दिया है। फवाद के अलावा नोबेल पुरस्कार विजेता मालाला यूसुफजई ने भी हिजाब को लेकर चल रहे विवाद को भयावह करार दिया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने कहा है कि भारत में जो कुछ हो रहा है, वह डरावना है। पाकिस्तानी मंत्री का यह बयान उस समय आया है, जब पाकिस्तानी नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने भी इस मसले पर अपनी राय जाहिर की है। मलाला ने ट्वीट कर कहा कि हिजाब पहनने वाली लड़कियों को स्कूलों में प्रवेश करने से रोकना भयावह है। कालेज हमें हिजाब और पढ़ाई में से किसी एक को चुनने पर जोर दे रहे हैं।

छग में मिले 1300 नये कोरोना संक्रमित, 10 मरे

रायपुर : छत्तीसगढ़ में मंगलवार की देर रात तक 13सौ कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। वहीं 10 लोगों की मौत हुई है। सबसे अधिक मरीज 212 रायपुर जिले से हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के इन आंकड़ों के मुताबिक देर रात तक किसी भी जिले में 250 से अधिक कोरोना पॉजिटिव नहीं मिले हैं। राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक दुर्ग 84, राजनांदगांव 80, बालोद 40, बेमेतरा 30, कबीरधाम 43, रायपुर 212, धमतरी 183, बलौदाबाजार 16, महासमुंद 28, गरियाबंद 11, बिलासपुर 77, रायगढ़ 19, कोरबा 36, जांजगीर-चांपा 41, मुंगेली 31, जीपीएम 11, सरगुजा 41, कोरिया 59, सूरजपुर 36, बलरामपुर 25, जशपुर 10, बस्तर 24, कोंडागांव 45, दंतेवाड़ा 10, सुकमा 0, कांकर 95, नारायणपुर 4, बीजापुर 9, अन्य राज्य 0 कोरोना पॉजिटिव मिले हैं।

अफ्रीका में एक करोड़ से ज्यादा लोगों पर भूख की मार

रोम : इथियोपिया, केन्या और सोमालिया सहित कई अफ्रीकी देशों में पर्याप्त बारिश न होने से फसलें तबाह हो गयी है। इस कारण एक करोड़ से ज्यादा लोगों पर भूख की मार पड़ रही है। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने इस जानकारी के साथ चेतावनी जारी की है कि 40 साल बाद इतने खतरनाक हालात पैदा हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की खाद्य सुरक्षा पर केंद्रित एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम के पूर्वी अफ्रीका क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक माइकल डनफर्ड ने कहा कि इथियोपिया, केन्या और सोमालिया जैसे अफ्रीकी देशों में बार-बार सूखा पड़ने के कारण पैदावार बर्बाद हो गई है। मवेशी मर रहे हैं और भूखे लोगों की संख्या बढ़ रही है। क्षेत्र में भयंकर सूखे से वर्ष 1981 के बाद पहली बार हालात इतने चिंताजनक हुए हैं। पानी का संकट तो है ही, जानवरों को चारागाह भी नहीं मिल पा रहे हैं।

कोलंबिया में भारी बारिश, भूस्खलन से 14 की मौत

बोगोटा : दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के उत्तर पश्चिम में स्थित देश कोलंबिया में भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। भारी बारिश से हुए भूस्खलन में 14 लोगों की मौत हो गयी और 35 घायल हो गये हैं। कोलंबिया के शहर परेरा में लगातार बारिश से लोग परेशान हैं। वहां रिसारल्डा क्षेत्र में अत्यधिक भूस्खलन हुआ है। परेरा के मेयर कार्लोस माया ने बताया कि भूस्खलन के कारण 14 लोगों की जान चली गयी है। घटना में 35 लोगों के घायल होने की जानकारी भी मिली है। मेयर ने कहा कि अभी क्षेत्र में भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। उन्होंने नागरिकों से क्षेत्र को खाली कर देने को कहा है, ताकि अधिक जान-माल का खतरा टाला जा सके। भूस्खलन के कारण अधिकांश लकड़ी के बने घर प्रभावित हुए हैं। बचाव दलों ने 60 से अधिक घरों को खाली करा लिया है। बचाव अभियान भी जारी है।

ओटावा में फंसे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन शुरू

ओटावा (कनाडा) : कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने ओटावा में चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच यहां रह रहे भारतीय नागरिकों को और यहां की यात्रा करने की योजना बना रहे लोगों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे क्षेत्रों में जाने से बचें, जहां प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी के साथ कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने इस संकट के चलते यहां फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता और उनको मार्गदर्शन करने के लिए ओटावा में विशेष आपातकालीन हेल्पलाइन (1) 6137443751 शुरू की है। साथ ही उच्चायोग ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि ओटावा शहर के अलावा कर्फ्यू वाले इलाकों में स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें।

ममता बनर्जी के चुनाव एजेंट को अग्रिम जमानत

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने ममता बनर्जी के चुनाव एजेंट एसके सुपियान को अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। कोर्ट ने 4 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले 20 जनवरी को सुपियान की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई थी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगाने की सुपियान की याचिका खारिज कर दी थी। दरअसल, सीबीआई नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र में 2021 में पश्चिम बंगाल में हुए चुनाव के बाद हुई एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले की जांच कर रही है। सीबीआई ने सुपियान को इस मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था।

महाराष्ट्र सरकार गिराने के लिए दबाव : संजय

मुंबई : शिवसेना प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य संजय राऊत ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार गिराने के लिए उन पर तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार पर दबाव डाला जा रहा है और जेल में डालने की धमकी दी जा रही है। इसके लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के माध्यम से साजिश रची जा रही है। इसी वजह उन्होंने विस्तृत जानकारी सहित उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू को पत्र लिखा है। संजय राऊत ने विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शिवसेना अपनी औकात पर उतर गई तो आप नागपुर तक नहीं पहुंच सकेंगे। मैं अगली पत्रकार वार्ता सेना भवन में करूंगा, उसके बाद की पत्रकार वार्ता मुंबई ईडी कार्यालय के सामने हजारों लोगों की उपस्थिति में करूंगा।

प्रचार छोड़ सिद्धू वैष्णो देवी रवाना

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिद्धू फिर से प्रचार बीच में छोड़कर वैष्णो देवी चले गए हैं। एक सप्ताह में यह दूसरा मौका है जब सिद्धू वैष्णो देवी रवाना हुए हैं। इससे पहले नवजोत सिद्धू दो फरवरी को वैष्णो देवी गए थे। बुधवार को सिद्धू ने एक वीडियो ट्वीट करके अपने राजनीतिक सफरनामे के बारे में लोगों को बताकर खुद को पंजाब का सच्चा सपूत बताने का प्रयास किया। इसके कुछ समय बाद ही सूचना आई कि नवजोत सिद्धू फिर से वैष्णो देवी जा रहे हैं। नवजोत सिद्धू के बुधवार के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। नवजोत सिद्धू की वैष्णो देवी से गुरुवार बाद दोपहर वापसी होगी। इस बीच उनकी अनुपस्थिति में उनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू प्रचार का जिम्मा संभालेंगी।

अबू बकर की जमानत याचिका खारिज

नयी दिल्ली, 9 फरवरी (हि.स.)। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने देश के कई हिस्सों में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार अबू बकर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। एडिशनल सेशंस जज धर्मेंद्र राणा ने कहा कि आरोपित के खिलाफ अभी जांच पूरी नहीं हुई है, इसलिए उसे जमानत नहीं दी जा सकती है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 14 सितंबर को छह संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) मुख्य कार्यकारी अधिकारी : पंकज मिश्र, संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)